

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातः नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791



वर्ष : 3, अंक : 37 रांची, शुक्रवार, 16 जनवरी, 2026 (माघ, कृष्ण पक्ष 13, संवत 2082) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com

## संक्षिप्त

### भीषण अग्निकांड : एक ही परिवार के छह लोगों की जिंदा जलकर मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सोलन जिले के अर्की बाजार में हुए दर्दनाक हादसे के दो दिन बाद अब सिरमौर जिले से एक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जिला सिरमौर के नौहराधार क्षेत्र में बीती रात हुए भीषण अग्निकांड में एक ही परिवार के छह लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई है। मृतकों में तीन मासूम बच्चे भी शामिल हैं। इस हृदयविदारक हादसे से पूरा इलाका सदमे में है। यह दर्दनाक घटना रेणुका विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संगड़ाह उपमंडल की नौहराधार तहसील की ग्राम पंचायत घंडूरी के तलागना गांव में हुई। बुधवार बीती रात पटवार वृत्त घंडूरी, तहसील नौहराधार के अंतर्गत मोहन सिंह पुत्र रामदयाल के रिहायशी मकान में अचानक भीषण आग लग गई। घटना के समय मकान के भीतर कुल सात लोग मौजूद थे।

### पड़हा राजा सोमा मुंडा की हत्या के विरोध में कल झारखंड बंद का आह्वान

**खूंटी।** पड़हा राजा एवं अबुआ झारखंड पार्टी के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सोम मुंडा की हत्या के विरोध में आदिवासी संगठनों द्वारा 17 जनवरी को संपूर्ण झारखंड बंद का आह्वान किया गया है । यह बंद हत्या के आठ दिनों बाद भी हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता और शूटरों को पकड़ने में पुलिस प्रशासन की विफलता के विरोध में बुलाया गया है। बंद का आह्वान आदिवासी समन्वय समिति (खूंटी) सहित लगभग 30 आदिवासी संगठनों ने संयुक्त रूप से किया है। इस संबंध में आदिवासी समन्वय समिति द्वारा गुरुवार को खूंटी के करम अखरा में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सभी वर्ग के लोगों से प्रस्तावित झारखंड बंद में सहयोग करने की अपील की गई। बताया गया कि बंद से स्कूल, अस्पताल, दवा दुकान समेत अन्य आवश्यक सेवाओं को मुक्त रखा गया है।

### ईरान का हवाई क्षेत्र बंद रद्द हो सकती हैं उड़ानें

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में उभरती स्थिति के बीच एयर इंडिया ने गुरुवार को ट्रैवल एडवाइजरी जारी करते हुए यात्रियों को संभावित देरी की चेतावनी दी है। एयरलाइन ने कहा है कि ईरान के हवाई क्षेत्र के बंद होने के बाद सुरक्षा कारणों से प्रभावित रूट्स पर उड़ानों को वैकल्पिक मार्गों से संचालित किया जा रहा है, जिससे उड़ानों के समय में देरी हो सकती है। एयर इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया- ईरान में मौजूदा हालात और उसके हवाई क्षेत्र के बंद होने के मद्देनजर, तथा यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, उस क्षेत्र से गुजरने वाली एयर इंडिया की उड़ानों को वैकल्पिक मार्ग से उड़ाया जा रहा है। इससे देरी की संभावना है। एयरलाइन ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन उड़ानों के लिए मार्ग परिवर्तन संभव नहीं है, उन्हें रद्द किया जा रहा है।

# वैश्विक मंच पर क्रिटिकल मिनरल्स का पॉवर हब बनने को तैयार झारखंड

**दावोस यात्रा संसाधन-समृद्ध क्षेत्र की वास्तविक परिभाषा को फिर से परिभाषित करने पर केंद्रित**

**दुनिया झारखंड के दीर्घकालिक निवेश के रोडमैप को देखेगी**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य बनने के 25 वर्ष पूरे कर विजन 2050 की ओर अपने क्रिटिकल मिनरल्स के साथ आगे बढ़ रहा है, जो न सिर्फ भारत के आर्थिक उत्थान को गति देगा बल्कि वैश्विक आर्थिक आयामों में भी सहायक होगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखण्ड के लिए इस बात को विश्व आर्थिक मंच तक ले जाना निवेश से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। यह संसाधन-समृद्ध क्षेत्र की वास्तविक परिभाषा को फिर से परिभाषित करने के बारे में है। झारखण्ड दुनिया को संदेश देगा कि खनिज संपदा, प्रौद्योगिकी, नीति सुधार और पर्यावरण सुरक्षा के साथ समावेशी विकास तथा रोजगार सृजन के लिए संसाधन समृद्ध क्षेत्र वाहक बन सकता है।

### झारखंड का उद्देश्य दीर्घकालिक निवेश के रोडमैप को दिखाना

**झारखंड** दावोस में वैश्विक निवेशकों, निमार्ताओं, प्रौद्योगिकी क्षेत्र के अग्रणी लोगों और नीतिगत संस्थानों के समक्ष ₹प्रकृति के साथ सामंजस्य में विकास₹ की अपनी परिकल्पना प्रस्तुत करेगा। झारखण्ड बताएगा कि महत्वपूर्ण खनिजों का विकास जिम्मेदार खनन, उच्च-प्रौद्योगिकी प्रसंस्करण, मजबूत पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों और जनभागीदारी के माध्यम से होना चाहिए। भारत पैवेलियन में आयोजित नीतिगत संवादों, निवेश बैठकों एवं अन्य सत्रों के जरिय और इसके बाद यूनाइटेड किंगडम में विभिन्न हितधारकों के द्वारा झारखण्ड महत्वपूर्ण खनिजों की उपलब्धता की सम्भावना की तलाश, प्राकृतिक स्रोतों से उपयोगी घटकों को निकालना, ग्रीन स्टील और स्वच्छ ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं में मौजूद संभावनाओं को उजागर करेगा।

**झारखंड के खनिज विश्व के ऊर्जा परिवर्तन का केंद्र :** झारखंड की मिट्टी में मौजूद खनिजों को अब विश्व के ऊर्जा परिवर्तन के केंद्र के रूप में देखा जा रहा है। ये वही क्रिटिकल मिनरल्स हैं जो सौर ऊर्जा, पवन चक्कियों, बैटरी उत्पादन, हाइड्रोजन गैस से संबंधित उद्योगों, इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण और स्मार्ट ग्रिड के विकास में सहायक हैं। जैसे-जैसे दुनिया इन दुर्लभ खनिजों के लिए सुरक्षित और जिम्मेदार आपूर्ति श्रृंखलाओं की तलाश कर रही है वैसे-वैसे झारखण्ड खुद को एक विश्वसनीय और दीर्घकालिक भागीदार के रूप में दुनिया के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए विजन 2050 के साथ आगे बढ़ रहा है। झारखंड अपने इस बढ़ते कदम को और मजबूती देने के लिए दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक और ब्रिटेन की आधिकारिक यात्रा के दौरान वैश्विक नेताओं के साथ संवाद करेगा। इस दौरान झारखण्ड अपने खनिजों के बदौलत भारत की औद्योगिक शक्ति, सौर, पवन, जल विद्युत और बायोमास जैसी ऊर्जा से संबंधित अर्थव्यवस्था में भारत के भविष्य की नींव रखने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी होने की बात से दुनिया को अवगत कराएगा। हाल ही में राज्य में स्थित विश्व स्तरीय आईआईटी आईएसएम धनबाद में क्रिटिकल मिनरल्स के क्षेत्र में क्लीन-टेक को बढ़ावा देने को लेकर एक केंद्र स्थापित किया गया है।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहुंचे ज्यूरिख विश्व आर्थिक फोरम में लेंगे हिस्सा

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दावोस में हो रहे विश्व आर्थिक फोरम में शामिल होने के लिए गुरुवार को ज्यूरिख पहुंचे। वहां एयरपोर्ट पर भारतीय राजदूत मृदुल कुमार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स में लिखा है कि राजदूत मृदुल कुमार से मिलकर अत्यंत प्रसन्नता हुई। मैं प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए समावेशी विकास पर केंद्रित बैठक में झारखंड और भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्सुक हूं। खनिज संपदा से भरपूर झारखंड राज्य खनन, विनिर्माण, अवसंरचना और हरित ऊर्जा क्षेत्रों में निवेश के व्यापक अवसर प्रदान करता है। उल्लेखनीय है कि दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक होगी। इसका उद्देश्य निवेश की संभावनाओं से लबरेज झारखंड को एक प्रमुख निवेश का गंतव्य के रूप में प्रस्तुत करना है।



### प्रधानमंत्री मोदी ने किया सीएसपीओसी का उद्घाटन

# भारत में लोकतंत्र का अर्थ अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना : पीएम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन (सीएसपीओसी) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारी, सांसद और तमाम लोग मौजूद रहे।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत में लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ अंतिम व्यक्ति तक विकास और कल्याण का लाभ पहुंचाना है। सरकार बिना किसी भेदभाव के लोककल्याण की भावना से कार्य कर रही है और इसी दृष्टिकोण के कारण बीते कुछ वर्षों में लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। लोकतंत्र केवल शासन की एक प्रणाली नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह चौथा अवसर है जब भारत सीएसपीओसी की मेजबानी कर रहा है और इस बार सम्मेलन का मुख्य विषय संसदीय लोकतंत्र की प्रभावी कार्यप्रणाली और जनकल्याण तक उसकी पहुंच है। उन्होंने संसदीय लोकतंत्र में अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों की भूमिका को बताते हुए कहा कि अध्यक्ष का दायित्व स्वयं अधिक बोलने का नहीं, बल्कि सभी सदस्यों को समान अवसर देने और उनकी बात सुनने का होता है। उनका धैर्य, निष्पक्षता और संतुलन ही लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखता है।



### पीएम बोले - भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है

उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। भारत में विकसित एकीकृत भुगतान प्रणाली दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल भुगतान व्यवस्था बन चुकी है। भारत वर्तमान में विश्व का सबसे बड़ा टीका उत्पादक देश है और इस्पात उत्पादन में दूसरे स्थान पर है। भारत के पास दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप और नवाचार परिवेश है, तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार है, चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क और तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोकतंत्र भारत के लिए सर्वोपरि है और सरकार जनता के सपनों और आकांक्षाओं को प्राथमिकता देते हुए नीतियों से लेकर प्रौद्योगिकी तक हर क्षेत्र में लोकतांत्रिक सोच को अपनाकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कोरोना महामारी का उल्लेख करते हुए कहा कि उस कठिन समय में भी भारत ने न केवल अपने नागरिकों की जरूरतें पूरी कीं, बल्कि 150 से अधिक देशों को दवाइयां और टीके उपलब्ध कराए।

### अबुआ दिशोम बजट 2026-27 : बजट पूर्व गोष्ठी का आयोजन

# रजत जयंती वर्ष में अबुआ दिशोम बजट 2026-27 होगा मजबूत और जनहितकारी : राधाकृष्ण किशोर

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि अबुआ दिशोम बजट 2026-27 राज्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि यह झारखंड के रजत जयंती वित्तीय वर्ष में प्रस्तुत किया जाएगा। राज्य ने अपने गठन के 25 वर्ष पूरे कर लिए हैं और इस अवसर पर सरकार एक मजबूत, संतुलित एवं जनहितकारी बजट देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बजट को अधिक प्रभावी और व्यावहारिक बनाने के उद्देश्य से विशेषज्ञों, विभिन्न विभागों तथा हितधारकों से सुझाव लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित दो दिवसीय अबुआ दिशोम बजट 2026-27 बजट पूर्व गोष्ठी में उन्होंने यह बातें कहीं।

**इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर फोकस**

वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सोच के अनुरूप राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। स्वास्थ्य क्षेत्र को भी आगामी बजट में विशेष महत्व दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी बजट की सफलता कंसल्टेशन, सजेशन और इम्प्लीमेंटेशन-इन तीन स्तंभों पर निर्भर करती है, तभी बजट का समुचित उपयोग संभव है।




### बजट संतुलित हो और आवश्यकताओं के अनुसार ही प्रावधान किये जाएं

**वित्त** मंत्री ने कहा कि बजट संतुलित होना चाहिए और आवश्यकता के अनुरूप ही प्रावधान किए जाने चाहिए। गोष्ठी में चेक डैम निर्माण, वर्षा जल संचयन, नदियों के जल संरक्षण तथा वन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए हैं, जिन्हें बजट में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा। नगर विकास एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि इस वर्ष के बजट में पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया जाएगा ताकि राज्य में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो सके और रोजगार को भी बढ़ावा मिले । शहरों के इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ किया जाएगा। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आगामी बजट में नए और नवाचारी विचारों को शामिल करने पर जोर दिया जाएगा। अन्य राज्यों की बेस्ट प्रैक्टिसेज को अपनाने पर भी सरकार विचार कर रही है।उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने मिलेट्स मिशन को मड़ुवा क्रांति नाम दिया है, जिसका सकारात्मक प्रभाव किसानों में दिख रहा है। इसके तहत किसानों को 3,000 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।

## ईडी कार्यालय में छापेमारी के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची एजेंसी

**ईडी और राज्य पुलिस के बीच टकराव अब अदालत की चौखट तक पहुंचा, सीबीआई जांच की मांग**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और राज्य पुलिस के बीच टकराव अब अदालत की चौखट तक पहुंच गया है। रांची पुलिस की ओर से ईडी कार्यालय में की गई छापेमारी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड उच्च न्यायालय में रिट याचिका दाखिल की है।

इस याचिका में ईडी ने पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। ईडी की इस याचिका पर झारखंड उच्च न्यायालय में 16 जनवरी को सुनवाई होनी तय हुई है। कानूनी गलियारों में इस मामले को लेकर काफी चर्चा है, क्योंकि यह सीधे तौर पर एक केंद्रीय जांच एजेंसी और राज्य पुलिस के बीच के अधिकारों की लड़ाई को दशार्ता है। मामले की शुरूआत पीएचईडी के कर्मचारी संतोष की ओर से दर्ज कराई गई एक एफआईआर से हुई।

संतोष ने आरोप लगाया है कि रांची स्थित ईडी दफ्तर में पूछताछ के दौरान उसके साथ मारपीट की गई। अधिकारियों पर दुर्व्यवहार और प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए गए। इस शिकायत के आधार पर रांची के एयरपोर्ट थाना में मामला दर्ज किया गया। इसके बाद गुरुवार सुबह रांची पुलिस की एक बड़ी टीम अचानक हिनू स्थित ईडी कार्यालय पहुंची। पुलिस ने वहां कई घंटों तक जांच की और घटना के समय मौजूद अधिकारियों से पूछताछ की।




## हाइवा ने पिकअप में मारी टक्कर, चार की मौत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गुमला।** जिले के रांची मुख्य मार्ग पर भरनो थाना क्षेत्र के भड़गांव के समीप गुरुवार सुबह एक हाईवा वाहन ने छोटे पिकअप वाहन को पीछे से टक्कर मारी दी। इस दुर्घटना में छोटी पिकअप सवार चार लोगों की मौत हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें रिम्स के लिए रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार यह लोग एक छोटी पिकअप वाहन पर सवार होकर रांची से गुमला की ओर तिलकुट बेचने आ रहे थे। तभी भरनो थाना क्षेत्र के भड़गांव के समीप हाईवा वाहन ने उनके वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना में चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। अन्य दो लोग घायल हुए हैंए जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी लोग रांची के रहने वाले हैं। भरनो थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर दो लोगों को सिसई रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से दोनों को गंभीर हालत में रिम्स रांची रेफर किया गया है। इस घटना के बाद हाइवा चालकों के प्रति रोष व्याप्त है। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। जिले के एसपी हरिश बिन जमा ने बताया कि चार लोगों की मौत हुई है। इनमें से तीन लोगों की पहचान संजय भुइयां पुत्र राजू भुइयां निवासी बसरीया थाना केरेडारी, हजारीबाग,बालेश्वर साहू पुत्र तुलसी साहू निवासी तेरियाडिह थाना टंडवा जिला चतरा और सुनिल कुमार पुत्र भूटक साबू निवासी ग्राम बेलेतो थाना केरेडारी जिला हजारीबाग के रूप में हुई है। खबर लिखने तक एक अन्य की पहचान नहीं हो सकी है।



### बम विस्फोट मामले में जांच एजेंसियां विस्फोट के कारणों की कर रहीं जांच

**हजारीबाग।** शहर के बड़ा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत हबीबी नगर में बुधवार शाम हुए विस्फोट मामले में प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। घटना के लगभग 22 घंटे बाद, मृतक पति-पत्नी के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एसबीएमसीएच) भेजा गया। इस घटना में अब तक कुल तीन लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। विस्फोट इतना जोरदार था कि इसकी गूंज दूर तक सुनी गई थी। घटना के तुरंत बाद से ही जिले के वरीय पुलिस पदाधिकारी मौके पर डटे हुए हैं।

# मकर संक्रांति पर संगम में लाखों ने लगाई आस्था की डुबकी

### रामनगरी, प्रयागराज और काशी में उमड़ा आस्था का सैलाब, रामनगरी में रामलला को लगा खिचड़ी का भोग

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मकर संक्रांति का पर्व गुरुवार को आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया। रामनगरी अयोध्या, प्रयागराज के माघ मेले से लेकर काशी के घाटों पर एकादशी से शुरू हुआ श्रद्धालुओं का पुण्य स्नान देर शाम तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने स्नान करने के बाद दान कर पुण्य कमाया। प्रयागराज में दोपहर दो बजे तक है कि माघ मेले में 72 लाख लोगों से अधिक लोगों ने स्नान किया।

योगी सरकार ने 15 जनवरी को मकर संक्रांति का अवकाश भी घोषित कर रखा था। मकर संक्रांति पर्व पर आज रामनगरी अयोध्या में श्रद्धा और आस्था अद्भुत संगम देखने को मिला। आस्था पर कड़ाके की ठंड का भी असर नहीं दिखा और श्रद्धालुओं का उत्साह और भक्ति भाव देखने लायक था। भोर से ही श्रद्धालुओं के सरयू नदी में आस्था की डुबकी लगाने का सिलसिला शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा।

श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद तिल, गुड़, वस्त्र व अन्न सहित यथाशक्ति कर दान कर पुण्य अर्जित किया। सरयू स्नान के बाद बड़ी संख्या में लोग श्रीराम लला के दर्शन करने के लिए राम मंदिर व हनुमान गढ़ी सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन करने के लिए पहुंचे। इस विशेष पर्व पर श्री राम मंदिर में मकर संक्रांति के पर्व पर विशेष पूजन-अर्चन किया गया। मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा संपन्न हुई, वहीं जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।



# जेपीएससी-2 नियुक्ति घोटाले में ईडी ने ईसीआईआर की दर्ज, 60 लोगों को बनाया गया है आरोपित

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी)की ओर से आयोजित दूसरी सिविल सेवा परीक्षा में हुई गड़बड़ी में मनी लाउंड्रिंग की जांच के लिए प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज कर लिया है। इसमें सीबीआई की ओर से 60 लोगों को नामजद आरोपित बनाया गया है। ईसीआईआर में जेपीएससी-2 में आयोग्य परीक्षार्थियों को सफल घोषित करने में मनी लाउंड्रिंग का आरोप लगाया गया है। ईडी के अधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि ईडी की ओर से आरोपित बनाये गये 60 लोगों में जेपीएससी से जुड़े छह अधिकारियों और गलत तरीके से सफल घोषित होकर अफसर बने 28 तत्कालीन परीक्षार्थियों का नाम शामिल है। ईडी ने गलत तरीके से लिखित परीक्षा और इंटरव्यू में नंबर बढ़ाने के आरोप में 25 परीक्षकों के अलावा मैसर्स ग्लोबर इनफॉरमेटिक्स के मैनेजर को भी नामजद आरोपित बनाया है। ईडी की ओर से आरोपित बनाये गये अधिकारियों में जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष और सदस्यों का नाम भी शामिल है। आरोपित बनाये गये आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष दिलीप प्रसाद पहले आयोग के सदस्य बनाये गये थे। इसके बाद उन्हें आयोग का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। इसके बाद उन्हें अध्यक्ष बनाया गया। इस तरह वह आयोग में 29 जनवरी 2002 से 13 अप्रैल 2010 तक कार्यरत रहे। ईडी ने जिन तत्कालीन परीक्षार्थियों को आरोपित बनाया है उसमें राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अब एडीएम रैक में प्रोन्नत हो चुके हैं। इसके अलावा राज्य पुलिस सेवा (डीएसपी) के रूप में सफल घोषित उम्मीदवारों में से कई आईपीएस में प्रोन्नत हो चुके हैं।

# युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव ने 500 जरूरतमंदो को बांटा कंबल

**अबतक विभिन्न संगठनों ने 7559 कंबल बाटें**

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**




**इटकी।** प्रखण्ड में कड़ाके ठंड से ठिठुर रहे गरीब तबके के जरूरतमंदो को राहत पहुंचाने के लिए कई संगठन मसीहा बन कर आगे आये। विभिन्न संगठनों द्वारा अबतक आठ हजार जरूरतमंदों के बीच कंबल बाटे,वही चौंक चौराहों पर लगातार अलाव की व्यवस्था कर आमजनों को राहत पहुंचाने की कार्य जा रही है। गुरुवार को इसी मुहिम के तहत युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव आरीफ रजा ने हील अली फार्म हाउस में आयोजित समारोह में पुनः पांच सौ गरीबों के बीच कंबल वितरण किया। इसके पूर्व पिछले दिन आरिफ रजा ने 100 जरूरतमंद लोगों को कंबल बाटा था। मौके पर स्थानीय पत्रकारों से वर्ता करते हुए आरिफ रजा ने कहा कि जरूरतमंदो की सेवा करने में मुझे खुशी मिलती है। जीवन में ऐसी आनन्द को खोना नही चाहता । हमेशा जरूरतमंदों के सुख दुख में थोड़ा बहुत अपनी भागीदारी निभा कर उन्हें खुशी देने का प्रयास करता हूँ और आगे भी अपने सामर्थ के अनुसार सहयोग करने का प्रयास रहेगा। उन्होंने आगे कहा समाज के नीचले वर्ग के हर जाति समुदाय के लोगों सहयोग करना हम सभी प्रबुद्ध नागरिकों का कर्त्तव्य बनता है। इसके लिए सामर्थ लोगो को आने की जरूरत है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सैफुल्ला अतहर, पवन उरांव, शमशाद आलम, अमित कुमार, फिरदौस अंसारी, सऊद आलम, मो अरमान,ओमेश इम्तियाज ,अजहर राय, साहिल अंसारी और राहिल अंसारी की अहम योगदान रही। प्रखण्ड के जरूरतमंदों के बीच इन संगठनों ने बाटा कबंल झारखण्ड युवा मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष मसूद आलम ने 5000 हजार गरीब तबके के लोगों के बीच कंबल बाटना जारी कर रखा है। वही तिलकसुती गांव के समाज सेवी 111 कंबल चार गांवों के लोगों बीच वितरण किया। इधर इटकी जमीयत उल इरॉकिंन फाउंडेशन ने 100 जरूरत मंदो के बीच बाटे कंबल बाटे। युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव आरिफ रजा ने अबतक 600 गरीबों को कंबल उपलब्ध कराया। जबकि झारखण्ड सरकार के द्वारा आवंटित 1748 कंबल जरूरत मंदों के बीच बाटी जा चुकी है।

# अंग्रेज पुलिस की गोली से वीरगति प्राप्त करनेवाले शहीदों को की जयराम महतो ने दी श्रद्धांजलि

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**सिल्ली।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 जनवरी को शहीद स्थल गोकुल नगर झालदा में मेला एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया. जेएलकेएम के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम महतो ने 14 जनवरी 1931 को झालदा के समीप अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ एवं विशाल प्रतिवाद के दौरान अंग्रेज पुलिस के द्वारा गोली चलवाई जाने से वीरगति प्राप्त करने वाले झालदा थाना क्षेत्र के सराम्बो निवासी मोहन महतो सहित गोकुल महतो नूतनडीह, गणेश महतो कोटशिला, शीतल महतो चातम घुटु एंव साहदेब महतो साराम्बो के आदमकद श्रद्धांजलि अर्पित किया. बताया जाता है कि सन 1930 के आंदोलन में मोहन महतो ने सक्रिय और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी इस क्रम में वे महात्मा गांधी और नेता जी सुभाष चंद्र बोस जैसे महान राष्ट्रीय नेताओं के संपर्क में आए थे. जयराम महतो ने कहा कि अत्यंत दुर्भाग्य है कि देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले इन अमर शहीदों को कृतज्ञ कहलाने वाले इतिहासकारों ने इतिहास के पन्नों में वह स्थान देना आवश्यक नहीं समझा जिसके सच्चे अधिकारी थे. मौके पर जेएलकेएम के पश्चिम बंगाल चुनाव प्रभारी राजू महतो नवोदिता महतो चीकू महतो गोपाल महतो राजीव महतो हिमांशु महतो रुपेश महतो अंगद महतो गोपाल महतो सुमित कुमार अभिषेक अर्जुन महतो सुभाष महतो समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे.श्रद्धांजलि के पूर्व झालदा शहर में पदयात्रा निकाली गई।

## संक्षिप्त

### झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर रामगढ़ जिला ने दी बधाई

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बावला ने नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष डॉ आदित्य साहू को बधाई और शुभकामनाएं दी है। जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बाबला ने कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में संगठन में नई ऊर्जा भरने का कार्य तीव्र गति से होगा। पार्टी के प्रति निष्ठावान हो कर और समर्पण भाव के साथ कैसे आगे बढ़ना है इसके मिशाल आदित्य साहू हैं। सेवा कार्य एवं जनहित के कार्यो को लेकर वे सदैव मुखर रहें है। उनके कुशल नेतृत्व में जमीनी कार्यकताओं को अधिक बल मिलेगा।

### मासूमों को बरामद करने वाले युवकों का पुलिस ने नहीं लिया नाम : चंद्रकांत

**रामगढ़।** रांची के धुर्वा इलाके से गायब हुए दो बच्चों को खोजने में बजरंग दल ने अहम भूमिका निभाई। संगठन के जिन कार्यकताओं ने बच्चों को ढूंढ कर झारखंड सरकार और पुलिस की लाज बचाई, आज उनका ही नाम पुलिस नहीं ले रही है। यह बातें गुरुवार को बजरंग दल के जुझारू कार्यकताओं को सम्मानित करने पहुंचे विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कही। उन्होंने कहा कि समाज को हर विषम परिस्थिति में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने सहारा दिया है। अंश और अंशिका को सकुशल बरामद कर पुलिस को संगठन के कार्यकताओं ने सौंपा। उन्होंने कहा कि चितरपुर प्रखंड के संयोजक सचिन प्रजापति, डब्लू साहू, सनी नायक, राहुल कुमार, सुनील कुमार, अंशु कुमार को तिलक लगाकर , भगवा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया है। उम्मीद है सरकार के द्वारा घोषित किए गए इनाम से भी जल्द ही इन्हें सम्मानित किया जाएगा। संगठन के वरीय पदाधिकारी पहुंचे रामगढ़ इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिन्दू परिषद प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष तिलक राज मंगलम, प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन, बजरंग दल प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो, प्रांत दुर्गा वाहिनी संयोजिका किर्ति गौरव उपस्थित रहे। बजरंग दल के युवकों को तिलक लगाकर, शॉल व भगवा वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। बजरंग दल का जय घोष जय श्री राम ओम् का उच्चारण के साथ सभी युवकों का स्वागत किया गया।

# अंश-अंशिका को खोजने वाले बजरंग दल के युवकों को किया गया सम्मानित

**जब उम्मीद लगी थी टूटने, तब बजरंग दल बना सहारा और बच्चों सुरक्षित खोज निकाला : रंगनाथ महतो**

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**रामगढ़।** रांची के धुर्वा से 2 जनवरी से लापता हुए दो मासूम भाई-बहन अंश कुमार राय और अंशिका कुमारी को खोजने में बजरंग दल के युवकों ने प्रमुख भूमिका निभाई है। दोनों मासूम बच्चों को चितरपुर प्रखंड के पहाड़िया जहाने क्षेत्र से बजरंग दल के युवकों बजरंग दल चितरपुर प्रखंड के संयोजक सचिन प्रजापति, डब्लू साहु, सन्नी नायक, राहुल कुमार, सुनील कुमार, अंशु कुमार सहित अन्य ने बुधवार को बरामद कर पुलिस को सौंपा। बजरंग दल के युवकों को सम्मानित करने के लिए विश्व हिंदू परिषद के द्वारा गुरुवार को रामगढ़ में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप विश्व हिन्दू परिषद प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत,प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष तिलक राज मंगलम, प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र,प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन, बजरंग दल प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो, प्रांत दुर्गा वाहिनी संयोजिका किर्ति गौरव उपस्थित रहे। बजरंग दल के युवकों को तिलक लगाकर, शॉल व भगवा वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। बजरंग दल का जय घोष जय श्री राम ओम् का उच्चारण के साथ सभी युवकों का स्वागत किया गया। प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा बजरंग दल का ध्येय वाक्य सेवा, सुरक्षा,संस्कार को आत्मसात कर बजरंग दल के युवा समाजहित राष्ट्र हित के कार्य में निस्वार्थ भाव से लगे रहते हैं। इसी के परिणाम स्वरूप 12 दिन से लापता हुए बच्चों को बजरंग दल के ने अभियान चला कर खोज निकाला। प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने कहा विश्व हिंदू परिषद ने मासिक बैठक में बच्चों की खोजबीन के लिए चर्चा कर कार्यकताओं को खोजबीन में लगाया था और सफलता भी मिली। जब भी देश और समाज को विपदा या संकट के समय विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल की आवश्यकता पड़ती है तो कार्यकर्ता हमेशा प्रथम पंक्ति में मदद के लिए खड़े रहते हैं। जब उम्मीद लगी थी टूटने तब बजरंग दल बना सहाराः रंगनाथ महतो बजरंग दल प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने कहा जब उम्मीद लगी थी टूटने तब बजरंग दल बना सहारा और बच्चों को सुरक्षित खोज निकाला, जिस दिन से अंश और अंशिका लापता हुए थे उसी दिन से उनके परिवार के लोग घर में बजरंग बाली के चित्र के समीप अखंड ज्योति जलाकर रखे थे। बजरंग दल के बजरंगी के रूप में बजरंगबली साक्षात प्रकट होकर बच्चों को खोज निकाले। देश विरोधी और वामपंथी लोग बजरंग दल को हमेशा नकारात्मक रूप से प्रस्तुत करने में लगे रहते हैं लेकिन बजरंग दल के युवा हमेशा सकारात्मक कार्य में लगे रहते हैं। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद रामगढ़ जिला अध्यक्ष संतू भाई मानिक,जिला मंत्री छोटू वर्मा, सह मंत्री तरुण वर्मा,जिला कोषाध्यक्ष अभम वर्मा, बजरंग दल जिला संयोजक महेंद्र ठाकुर, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद थे।

## आखाइन यात्रा, कुड़माली नववर्ष और हार पुनहा हर्षोल्लास से मनाया गया

**सिल्ली।** सिल्ली मुरी एवं आसपास क्षेत्र में गुरुवार को किसानों ने आखाइन यात्रा व कुड़माली नव वर्ष मनाया। लोगों ने एक दूसरे को कुड़माली नए साल की बधाई दी। ज्ञात हो आज का दिन किसानों के लिए अति उत्तम एवं शुभ दिन माना जाता है आज ही के दिन किसान अपने खेतों में प्रथम जुताई करते हैं, एवं अच्छे फसल की कामना करते हैं। जिसको हार पुनहा कहा जाता है, साथ ही अच्छी फसल की कामना भी करते हैं। हार पुनहा करने के बाद किसान घर आते है जहां घर के महिला द्वारा विधि-विधान के साथ किसान एवं मवेशियों का पैर धोते हैं। किसान के द्वारा मवेशियों को सिंग मे तेल सिंदूर लगाया जाता है। इस संबंध में समाजसेवी वह किसान नंद किशोर महतो ने कहा कि अब लोग अपने संस्कृति एवं रीति-रिवाज को भुला रहें हैं जो समाज एवं देश के लिए घातक है। उन्होंने लोगों से अपने संस्कृति,रीति-रिवाज को बचाये रखने का आग्रह किया है।

## मोटरसाइकिल के धक्के से युवक की मौत

**सिल्ली।** सिल्ली थाना क्षेत्र के झाबरी गांव के समीप सिल्ली टिकर मार्ग पर मोटर साइकिल के धक्के से एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक झाबरी निवासी विश्वनाथ महतो गांव के समीप अपने खेत के कुएं से दोपहर लगभग 2 बजे स्नान कर वापस घर लौट रहे तभी तेज गति से सिल्ली की ओर आ रही रहे बाइक सवार धक्का मार दिया जिससे वे गंभीर रूप घायल हो गए। ग्रामीणों एवं उनके परिजनों के सहयोग से उसे सिल्ली अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। सिल्ली पुलिस ने शव को जब्त कर थाना परिसर में रखा है शुक्रवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जाएगा। इधर घटना के बाद मोटर साइकिल चालक मोटर साइकिल छोड़ भाग निकले। पुलिस से मोटर साइकिल (जेएच 01ईवाई 9080) को जब्त कर लिया है। मृतक के पुत्र वृकोदर महतो ने सिल्ली थाने में अज्ञात मोटर साइकिल चालक पर प्राथमिकी दर्ज कराया है।

## टुंगरी मेला में श्रद्धालु की भीड़ उमड़ी



**सिल्ली।** मकर संक्रांति के मौके पर गुरुवार को मुरी में टुंगरी मेला का आयोजन किया गया। मुरी टुंगरी पहाड़ पर लगने वाले इस मेले में मुरी सिल्ली, झालदा, तुलिन समेत सिल्ली एवं आसपास के कई गाव से हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। पहाड़ के ऊपरी हिस्से में स्थित ग्राम देवता की पूजा से मेला के कार्यक्रम शुरू किये ग। परिसर में स्थित शिव मंदिर एवं दुर्गा बाड़ी में भी श्रद्धालुओं ने पूजा की। मेले परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। पारंपरिक रीति रिवाज से नाचते गाते महिलाओं व लोगों की टीम टुसू लेकर मेले में पहुंचे। मेले में खिलौने, खाने पीने की चीजें समेत कई प्रकार की दुकानें लगी थी। लोगों ने मेले का भरपूर आनंद लिया। मेले के आयोजन में टुंगरी विकास समिति एवं आयोजकों ने सराहनीय योगदान रहा। पुलिस भी गश्त करती रही।

## उल्लास के साथ संपन्न हुआ सतिघाट टुसु मेला



**सोनाहातू।** पांच परगना का प्रसिद्ध सतिघाट टुसु मेला गुरुवार को उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। मेले को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहा। मेला में वक्ताओं ने कहा कि हमें अपनी लोक सांस्कृतिक विरासत को बचाने की जरूरत है।मेला में लोगों के बीच आपसी तालमेल को मजबूत बनाने का संदेश दिया। सांस्कृतिक और परंपरा की रक्षा करने की ललक दिखी।लोगों ने टुसु मेला को स्वाभिमान का प्रतीक माना स्वाभिमान की रक्षा प्रतिज्ञा लिया। मेला में लोग चौड़ल के साथ नाचते गाते हुए आये। कृषि उपकरण, ढोल नगाड़े, शील -बट्टे, पारंपरिक हथियार ईख सहित घरेलू समानों की खूब बिक्री हुई। मेले में मौत का कुआँ, बूगी बूगी डांस मुख्य आकर्षण रहा। लोगों ने स्वर्ण रेखा नदी किनारे स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना भी किये। बच्चों को बड़ों के लिया मौत का कुआं सबसे आकर्षण का केंद्र रहा। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी प्रेम प्रदीप कुमार ने अपनी टीम के साथ सुबह से ही मेले के सफल संचालन को लेकर डटे रहे, प्रशासन के भरपूर सहयोग के कारण मेला पूरी तरह शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ।

# मोटरसाइकिल से गिरने से एक व्यक्ति की मौत

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**सिल्ली।** सिल्ली थाना क्षेत्र के नागेडीह पंचायत के टोला आमटीकरा के समीप रास्ते पर गार्डवाल के नीचे मोटर साइकिल से गिरने से मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। सिल्ली पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि रांची ठाकुरगांव निवासी मुकेश मुंडा पिछले कई दिनों से क्षेत्र में एक एजेंसी के द्वारा किए जा रहे बोरिंग का काम का देख रेख कर रहे थे। कंपनी का ट्रैक्टर भी चल रहा था। वे नागेडीह हेरलाबेड़ा किराए के मकान में रह रहा था। बुधवार की रात बूढ़ाबेहरा गांव में बोरिंग का काम चल रहा था रात होने पर एजेंसी के मुंशी ने उसे वापस अपने रूम ले जाने के लिए मुकेश मुंडा को बाइक लेकर बुलाया। रात को वो बाइक लेकर अपने मुंशी को लेने के लिए निकला था। परंतु देर रात तक वो मुंशी के पास नहीं पहुंचा तथा उसका मोबाइल भी बंद मिला। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चला। सुबह मुकेश मुंडा को आमटीकरा के समीप गार्डवाल के नीचे मोटरसाइकिल के समीप मृत पड़ा पाया गया। पुलिस ने मोटर साइकिल को थाना लेकर आ गई। घटना की छानबीन चल रही है।

# टाटा स्टील करेगा 14वीं वार्षिक पुष्प और सब्जी प्रदर्शनी की मेजबानी

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** टाटा स्टील का वेस्ट बोकारो डिवीजन ने वार्षिक पुष्प और सब्जी प्रदर्शनी के 14वें संस्करण की घोषणा की है। यह तीन दिवसीय आयोजन 17 से 19 जनवरी तक वेस्ट बोकारो के जेआरडी टाटा पार्क में आयोजित किया जाएगा। यह भव्य आयोजन प्रकृति की सुंदरता, स्थानीय रचनात्मकता और सतत सामुदायिक विकास का जश्न होगा।पिछले 14 वर्षों की सफल विरासत के साथ, यह प्रदर्शनी प्रतिदिन 10,000 से अधिक दर्शकों को आकर्षित करती रही है। इस प्रदर्शनी में कुल 50 विविध स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां उत्पादों और अनुभवों की एक समृद्ध श्रृंखला प्रस्तुत की जाएगी। मनमोहक फूलों की साज सज्जा, आकर्षक एवं बारीक कला एवं शिल्प प्रदर्शनी, पारंपरिक हस्तशिल्प, प्रामाणिक खादी वस्त्र, टेराकोटा के सुंदर उत्पाद, टाटा स्टील फाउंडेशन से जुड़े किसानों द्वारा प्रस्तुत ताजी सब्ज़ियां, टाटा एग्रीको के नवीन एवं आधुनिक कृषि उपकरण शामिल है।

# ईश्वर की विशेष कृपा से ही मिलता है सत्संग का सौभाग्य : प्रमोद जी महाराज

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**खूंटी।** जिला संतमत सत्संग का दो दिवसीय वार्षिक सत्संग गुरुवार को मुरहू चौक में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ शुरू हुआ। पहले दिन कार्यक्रम की शुरूआत भजन-कीर्तन, ईश स्तुति शौर रामचरितमानस के ग्रंथ पाठ से की गई। सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रवचन करते हुए भागलपुर आश्रम के स्वामी प्रमोद जी महाराज ने कहा कि जब ईश्वर की विशेष कृपा होती है, तभी सत्संग का सौभाग्य प्राप्त होता है। सत्संग परमात्मा और संतों की भक्ति से मिलता है। उन्होंने तुलसीदास जी के दोहे का उल्लेख करते हुए कहा कि पुत्र, पत्नी और धन पापी को भी मिल सकता है, लेकिन संत समागम और हरि कथा अत्यंत दुर्लभ है। उन्होंने कहा कि सत्संग से बिगड़ी बात बन जाती है, यह मन का भोजन है, जैसे अन्न शरीर का और ध्यानाभ्यास आत्मा का भोजन है। सत्संग अज्ञानता के अंधकार को दूर कर जीवन को सुखमय बनाता है। उन्होंने मांसाहार त्यागने और सत्कर्म करने का आह्वान किया। स अवसर पर स्वामी डॉ निर्मलानंद जी महाराज ने कहा कि सत्संग चलता-फिरता तीर्थ है, जहां संतों और भगवत की चर्चा होती है। उन्होंने आम्रपाली और भगवान बुद्ध के प्रसंग के माध्यम से जीवन की नश्वरता और आत्मकल्याण का संदेश दिया। स्वामी परमानंद जी महाराज ने सद्कर्म और भक्ति को मानव जीवन का उद्देश्य बताया। स्वामी जयकुमार जी महाराज, स्वामी नरेंद्र जी महाराज, स्वामी लक्ष्मण जी महाराज सहित अन्य संतों ने भी नशा, हिंसा, झूठ, चोरी और व्यभिचार त्यागकर भक्ति मार्ग अपनाने की प्रेरणा दी। मंच संचालन डॉ डीएन तिवारी और राजकुमार ने किया। अवसर पर वृहद भंडारा का आयोजन भी किया गया। सत्संग में रांची, खूंटी, बंदगांव सहित कई अन्य क्षेत्रों से सैकडों श्रद्धालु पहुंचे थे।

# शत प्रतिशत विद्यालयों में पेयजल और शौचालय की सुविधा उपलब्ध है : उपायुक्त

**शिक्षा विभाग के कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक**

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**रामगढ़।** शिक्षा विभाग द्वारा रामगढ़ जिले में किए जा रहे कार्यों को लेकर गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा मध्यान भोजन अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की गई और निर्धारित रोस्टर के अनुरूप बच्चों को मध्यान भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। मध्यान भोजन अंतर्गत कार्यरत रसोइयों का आयुष्मान कार्ड व पेंशन संबंधित कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने शेष बचे रसोइयों का आयुष्मान कार्ड बनवाने व उनके पेंशन शुरू करने को लेकर गंभीरता पूर्वक कार्य करने एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ समन्वय करने के संबंध में दिशा निर्देश दिए विद्यालयों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं पेयजल, शौचालय आदि की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिन विद्यालयों में जलापूर्ति की उपलब्धता नहीं है उन्हें चिन्हित कर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से समन्वय करते हुए तत्काल रूप से कार्य करने एवं जल्द से जल्द सभी विद्यालयों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त के द्वारा बच्चों के बीच किताबें, यूनिफॉर्म, स्कूल बैग आदि उपलब्ध कराने के तहत अब तक हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए इस संबंध में कई दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम, छात्रवृत्ति, खेलो झारखंड, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय आदि की भी समीक्षा करते हुए सफल संचालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# बीएफसीएल का महेश्वर धाम में दो दिवसीय नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**रामगढ़।** बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड (बीएफसीएल) ने अपनी कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर ) के तत्वाधान में दो दिवसीय 14 एवं 15 जनवरी को महेश्वर धाम (शिव मंदिर), हेसला, रामगढ़ में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में उत्साहजनक सहभागिता देखने को मिली, जिसमें दोनों दिनों में कुल 163 लाभार्थियों की आंखों की जांच की गई और उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर के पहले दिन में 53 लोगों ने नेत्र जांच कराई, जबकि दूसरे दिन 15 जनवरी को 110 प्रतिभागियों ने शिविर का लाभ उठाया। इस पहल के माध्यम से हेसला एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को आवश्यक नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी और दृष्टि संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान में सहायता मिली। शिविर बीएफसीएल की सीएसआर टीम के सक्रिय सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें राकेश गुप्ता एवं सूरज देव प्रसाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सरला बिरला विश्वविद्यालय में युवा कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन




**विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मूल्यों को अपनाने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने और सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग रहने के लिए किया प्रेरित**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में 'माय भारत' पहल के अंतर्गत यूथ आइकॉन टॉक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूथ आइकॉन सुश्री श्वेता सिंह ने वंदे मातरम् विकसित भारत 2047 के लिए सभ्यतागत मंत्र विषय पर मुख्य व्याख्यान दिया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने उन्हें राष्ट्रीय मूल्यों को अपनाने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने और सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के कथन, सपने विचारों में बदलते हैं और विचार कर्म में का जिक्र करते हुए युवाओं को उन्होंने ईमानदारी, नवाचार और संकल्प के साथ आगे बढ़ने का आन किया। युवाओं को बड़े सपने देखने और उद्देश्यपूर्ण कार्य करने की उपयोगिता पर भी उन्होंने सारगर्भित बातें कहीं। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने विचार और जिज्ञासाओं को साझा किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, कुलपति डॉ. सी. जगनाथन समेत विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, अन्यान्य शिक्षक एवं एसबीयू के विद्यार्थी उपस्थित रहे। एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति विजय कुमार दलान और राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# पेयजल विभाग के क्लर्क से मारपीट मामले में रांची पुलिस जांच करने पहुंची ईडी ऑफिस

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दो अधिकारियों के ऊपर पेयजल विभाग के क्लर्क संतोष कुमार के की ओर से मारपीट का आरोप लगाया गया है। इसके बाद आरोपों की जांच करने रांची पुलिस की टीम गुरुवार को सुबह एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी कार्यालय पहुंची है। उल्लेखनीय है कि अपर चुटिया निवासी संतोष कुमार ने ईडी के सहायक निदेशक (द्वितीय) प्रतीक और सहायक शुभम पर कार्यालय में बुलाकर मारपीट करने, सिर फोड़ने और साक्ष्य मिटाने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। संतोष कुमार की ओर से शिकायत किए जाने के बाद पुलिस ने एयरपोर्ट थाना में (कांड संख्या 05/2026) दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

पीड़ित संतोष कुमार की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, उन्हें 12 जनवरी 2026 को सुबह 10 बजे हिनू स्थित ईडी कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था। संतोष कुमार का आरोप है कि दोपहर करीब 1.35 बजे जब वे सहायक निदेशक प्रतीक के कक्ष में पहुंचे, तो वहां मौजूद अधिकारी उन पर आरोपों को कबूल करने का दबाव बनाने लगे। शिकायत में कहा गया है कि जब संतोष कुमार ने आरोपों को मानने से इनकार किया, तो अधिकारी प्रतीक और शुभम ने उनके साथ गाली-गलौज की और बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि अधिकारियों ने उन पर जानलेवा हमला किया, जिससे उनका सिर फट गया और काफी खून बहने लगा।

## संक्षिप्त

### श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में श्रद्धा के साथ मना मकर संक्रांति पर्व



**रांची।** पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में मकर संक्रांति का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, श्री राधा रानी जी का भव्य श्रृंगार तथा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। मकर संक्रांति पर खिचड़ी, तिल, मेवा और मौसमी फलों का भोग अर्पित किया गया। पूजा के बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी, तिलकुट और गुड़-चूड़ा का प्रसाद वितरित किया गया। भजन-कीर्तन और महाआरती से मंदिर परिसर भक्तिमय बना रहा। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने मकर संक्रांति के धार्मिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

### झारखंड में बसंत पंचमी तक शीतलहर के चलने की संभावना

**रांची।** राज्य में शीतलहर के बसंत पंचमी (23 जनवरी) तक चलने की संभावना है। बसंत पंचमी के बाद शीतलहर में कमी आने और अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार आनेवाले दिनों में तापमान में उतार-चढ़ाव होने की संभावना है। राज्य के कई जिले अभी भी शीतलहर के चलते कड़ाके की ठंड की चपेट में हैं। इनमें गुरुवार को खूंटी में न्यूनतम तापमान 2.7 डिग्री और डालटेनगंज में 3.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इधर, मौसम विभाग ने राज्य के उत्तर-पश्चिमी, मध्यवर्ती और दक्षिणी भागों में शीतलहर चलने की संभावना व्यक्त की है। इन जिलों में उत्तर-पश्चिमी भाग गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, कोडरमा और लोहरदगा, मध्यवर्ती हिस्से रांची, खूंटी, गुमला, रामगढ़, हजारीबाग और बोकारो, जबकि दक्षिणी हिस्से पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला-खरसावां शामिल हैं।

# फाइलेरिया विलोपन को लेकर जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक

**10 फरवरी को 619 बूथों पर होगा दवा वितरण**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रांची मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष से ऑनलाइन माध्यम द्वारा जिला स्तरीय फाइलेरिया विलोपन हेतु सामूहिक दवा वितरण समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त सौरभ भुवनिया, सिविल सर्जन सदर डॉ. प्रभात कुमार सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत रांची जिले में 10 फरवरी 2026 को सामूहिक दवा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले के प्रखंड कांके, सोनाहातू और तमाड़ में कुल 619 बूथों पर फाइलेरिया रोधी दवाएं वितरित की जाएंगी। इस दौरान गर्भवती महिलाओं, गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों और दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को छोड़कर लक्षित आबादी को डीईसी एवं अल्बेंडाजोल की दवाएं खिलाई जाएंगी।

उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील की कि फाइलेरिया पूरी तरह से रोकी जा सकने वाली बीमारी है और इसके उन्मूलन के लिए हर व्यक्ति का दवा सेवन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अभियान में सभी धर्म, जाति और समुदाय के लोग सक्रिय रूप से भाग लें, ताकि जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिया कि व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए और घर-घर जाकर दवा खिलाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जो लोग निर्धारित तिथि पर दवा नहीं ले पाएंगे, उन्हें 25 फरवरी 2026 तक घर जाकर दवा खिलाई जाएगी। बैठक में यह भी बताया गया कि सामूहिक दवा वितरण अभियान में जीविका से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की भूमिका अहम होगी। ये समूह गांव स्तर पर जागरूकता फैलाने के साथ दवा सेवन सुनिश्चित करने में सहयोग करेंगे। अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिला समूहों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त ने बाल विकास एवं सामाजिक कल्याण विभाग, पंचायत प्रतिनिधियों, आशा कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, कृषक मित्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया के लक्षण देर से दिखाई देते हैं, लेकिन सामूहिक दवा वितरण के माध्यम से इसके प्रसार को प्रभावी ढंग से रोका जा सकता है। बैठक में ऑनलाइन माध्यम से जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जीविका, स्वास्थ्य विभाग तथा संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारी और गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से ही जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सकता है और आने वाली पीढ़ियों को इस रोग से सुरक्षित रखा जा सकता है।

### बजरंग दल के कार्यकर्ता समाजसेवा के लिए समर्पित : आदित्य साहू

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने गुरुवार को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर रजरप्पा में मां छिन्नमस्तिका का सपरिवार पूजन किया और राज्य की सुख समृद्धि और प्रगति की कामना की। इस अवसर पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह जी, महामंत्री मनोज सिंह, सरोज सिंह, सुबोध सिंह गुड्डू, योगेंद्र प्रताप सिंह सहित पार्टी के जिलाध्यक्ष वरुण साहू, नरेंद्र सिंह, धीरज महतो सहित अन्य शामिल हुए। साहू ने चितरपुर में बजरंग दल के सचिन प्रजापति, डब्लू साहू, सन्नी को अंगवस्त्र देकर प्रदेश भाजपा की ओर से सम्मानित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बजरंग दल जैसे राष्ट्रव्यापी संगठन के कार्यकर्ता समर्पित भाव से देश और समाज की सेवा में जुटे रहते हैं। उन्होंने कहा कि बजरंग दल के कार्यकर्ता संकट मोचन बन कर आते हैं यही इनकी पहचान है। उन्होंने कहा कि सीता का पता लगाकर जैसे बजरंगबली ने भगवान राम को चिंता से मुक्त किया था वैसे ही बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक मां को और पूरे प्रदेश को चिंता से मुक्त कराया। उन्होंने कहा कि भाजपा तो इनका सम्मान कर रही है लेकिन राज्य सरकार भी इन्हें उचित इनाम राशि देकर सम्मानित करे।



### मौसम केन्द्र में क्विज प्रतियोगिता आयोजित, विजेता बच्चे पुरस्कृत

**रांची।** मौसम केंद्र, रांची में गुरुवार को भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की सेवा के 151 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर वैज्ञानिकों ने मौसम केंद्र, रांची की ओर से दी जा रही सभी सेवाओं मौसम पूर्वानुमान, भारी बारिश, ओला, ठंड और गर्मी की लहरें, धूल भरी आंधी, नॉरवेस्टर्स, बर्फ, उष्णकटिबंधीय चक्रवातों की जानकारियां, मौसमी चेतावनी के साथ-साथ विमानन, कृषि, सिंचाई, नौवहन, अपतटीय तेल अन्वेषण जैसी सेवाओं के सफल संचालन के लिए दी जा रही बातों पर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर मौसम विज्ञान केंद्र के प्रमुख वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम सुरेन्द्र नाथ सेंटिनरी विद्यालय से आये बच्चों को मौसम विज्ञान केंद्र के विभिन्न क्रियाकलापों से अवगत कराया। उन्होंने बच्चों को विभाग के विभिन्न एप्प दामिनी, सचेत, मेघदूत, मौसम के बारे में भी बताया। साथ ही इनके प्रयोग करने की भी सलाह दी। मौके पर बच्चों ने विभिन्न मौसमीय उपकरणों (स्वचालित मौसम संयंत्र, रेडियो सोंडे) और सतही प्रेक्षण वेधशाला जाकर डेमोंस्ट्रेशन देखा। साथ ही सभी बच्चों को विभाग के कार्य-पद्धति से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक और कर्मचारी सहित अन्य मौजूद थे।



### ब्राउन शुगर के साथ तीन युवक गिरफ्तार


रांची। रांची के गोंदा थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। गोंदा थाना पुलिस ने छापेमारी कर 24.3 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में रंजन यादव, संजीव कुमार और कुणाल कुमार शामिल है। साथ ही पुलिस ने एक स्कूटी भी जब्त की है। डीएसपी सदर संजीव बेसरा ने गुरुवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ युवक मादक पदार्थ लेकर कहीं जा रहे हैं। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इलाके में वाहन जांच अभियान शुरू किया। इसी दौरान एक स्कूटी पर सवार तीन युवकों को रोका गया। तलाशी के क्रम में उनके पास से ब्राउन शुगर बरामद किया गया। जांच में पता चला है कि गिरफ्तार युवक सासाराम से ब्राउन शुगर लेकर रांची पहुंचे थे और इसकी सप्लाई की तैयारी में थे। पुलिस तीनों युवकों से पूछताछ कर इनके नेटवर्क और अन्य संलिप्त लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। डीएसपी ने बताया कि मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा।



## मेन रोड की अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, हटाईं गईं अवैध दुकानें

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम की ओर से राजधानी को अतिक्रमण मुक्त और जाम से राहत दिलाने के उद्देश्य से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने जिला प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से शहर के बीचो-बीच मेन रोड इलाके में व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान बुलडोजर की मदद से दुकानों के बाहर बने अवैध शेड, गुमटी, खोमचे, अस्थायी दुकानें और अन्य अतिक्रमण तोड़े गए। अभियान के तहत डेली मार्केट चौक से चर्च रोड होते हुए कर्बला चौक तक सड़क के दोनों ओर किए गए अवैध कब्जों को चिन्हित कर अतिक्रमण हटाया गया।



इस दौरान नगर निगम और अंचल कार्यालय के अमीन द्वारा सबसे पहले सड़क की विधिवत मापी की गई। मापी के बाद यह स्पष्ट हुआ कि कई दुकानदारों ने निर्धारित सीमा से बाहर सड़क और फुटपाथ पर कब्जा कर रखा था। इसके साथ ही सड़क और फुटपाथ पर किए गए अवैध विस्तार को बुलडोजर से हटाकर रास्ता पूरी तरह साफ कराया गया, जिससे आवागमन सुचारू हो सके। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण के कारण इस इलाके में अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती थी, जिससे आम लोगों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। नगर निगम प्रशासक ने कहा कि शहर को जाम मुक्त बनाने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे सड़क और फुटपाथ पर अतिक्रमण न करते हुए नियमों का पालन करें।

## मारवाड़ी भवन में आज से सजेगा तीन दिवसीय मारवाड़ महोत्सव 2026, राज्यपाल करेंगे उद्घाटन

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन एवं मारवाड़ी सहायक समिति के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय मारवाड़ महोत्सव 2026 का आयोजन 16 जनवरी से 18 जनवरी तक हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में किया जाएगा। महोत्सव के उद्घाटन समारोह का आयोजन 16 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे होगा, जिसमें झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन समारोह में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन गोयनका एवं राष्ट्रीय महामंत्री केदारनाथ गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री विनोद कुमार जैन एवं मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष पवन शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आयोजकों के अनुसार, तीन दिनों तक मारवाड़ी भवन में राजसी परंपराओं, जीवंत संस्कृति और मारवाड़ी गौरव का भव्य संगम देखने को मिलेगा।

# रेस्क्यू किए गए बच्चों की देखरख के लिए टीम का गठन

**डालसा सचिव बच्चों एवं उनके परिवार से मिले, परेशानी जानी**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष सुजित नारायण प्रसाद के दिशानिर्देश एवं व्यवहार न्यायालय, रांची के न्यायायुक्त के आदेश पर डालसा, रांची के सचिव राकेश रौशन ने रेस्क्यू किए गए बच्चों की देखरख के लिए टीम का गठन किया। डालसा सचिव बच्चों एवं उनके परिवार से मिले। उनकी परेशानी जानी। डालसा सचिव ने उनकी परेशानी के निवारण के लिए आधार कार्ड बनवाने के लिए दस्तावेज तैयार कराया। सीडब्ल्यूसी से बात कर के बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं से जोड़ने की पहल की।



बच्चे गरीबी के कारण आंगनबाड़ी में पढ़ रहे हैं। अतः उनको अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा बच्चों की काउंसलिंग की भी व्यवस्था डालसा द्वारा कराया जाएगा। डालसा सचिव ने बच्चों के माता पिता से मिलकर उनकी काउंसलिंग की। बच्चों की अच्छी तरह देखभाल करने को कहा। डालसा सचिव ने वहां उपस्थित लोगों को बताया कि अगर आपके समाज में किसी प्रकार की घटना घटे या किन्हीं को कानून की सहायता की जरूरत हो तो वे 15100 से बात कर सकते है। डालसा ऑफिस में आकर भी संपर्क कर सकते हैं।

# राष्ट्रीय स्कूली ट्रैक साइक्लिंग में झारखंड के खिलाड़ियों ने जीता दो स्वर्ण सहित तीन पदक

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची की मेजबानी में आयोजित 69 वीं राष्ट्रीय स्कूली ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता का गुरुवार को खेलगांव स्थित सिद्धो-कान्हो वेलोड्रोम स्टेडियम में शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करें और भविष्य में राज्य और देश का नाम रौशन करें। उन्होंने कहा कि पिछले छह वर्षों में झारखंड में खेल आधारभूत संरचना का तेजी से विकास हुआ है और जिला प्रशासन खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग प्रदान देता रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास ही नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का भी सशक्त माध्यम है।



इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, रांची कुमार रजत, झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव मधुकांत पाठक, एथलेटिक संघ के एसके पांडेय, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह, सुरेश कुमार, शैलेंद्र पाठक, सुरजीत सिंह सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। सभी अतिथियों का स्वागत राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी सह आयोजन सचिव धीरसेन ए सोरेंग किया।

**मणिपुर के पोइरेंगनबा चानमबाम ने जीता स्वर्ण :** गुरुवार को हुए साइक्लिंग ट्रैक प्रतियोगिता के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न आयु वर्गों की आईटीटी स्पधाओं में देशभर के प्रतिभाशाली साइकिलिस्टों ने अपनी उत्कृष्ट क्षमता का परिचय दिया। इसमें आईटीटी 500 मीटर (बालक अंडर14) वर्ग में मणिपुर के पोइरेंगनबा चानमबाम ने स्वर्ण, मणिपुर के मयेंगबाम हैंथोई सिंह ने रजत एवं राजस्थान के अभिनव बिश्नोई ने कांस्य पदक जीता। आईटीटी 500 मीटर (बालक अंडर-17) वर्ग में दिल्ली के नरेंगमान मैक्सन सिंह ने स्वर्ण, मणिपुर के युमनाम सुशील सिंह ने रजत और अंडमान एवं निकोबार के लियोनाल्ड बैकर ने कांस्य पदक प्राप्त किया। आईटीटी 500 मीटर (बालिका अंडर-17) वर्ग में अंडमान और निकोबार की नमिता वॉयलेट ने स्वर्ण, महाराष्ट्र की गायत्री चंद्रशेखर तंबवेकर ने रजत एवं अंडमान तथा निकोबार की आइरस ब्रिडनी ने कांस्य पदक जीता।

# डैंजर्स ऐडवेंचर्स स्पोर्ट्स वर्ल्ड टूर टीम ने उपायुक्त से की शिष्टाचार मुलाकात

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** डैंजर्स ऐडवेंचर्स स्पोर्ट्स लॉन्गेस्ट वर्ल्ड टूर ऑन फुट जर्नी टीम के सदस्यों ने आज उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी रांची मंजूनाथ भजन्त्री से समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट की। टीम सदस्यों अवध बिहारी लाल, जितेन्द्र प्रताप, महेन्द्र प्रताप एवं गोविन्द चन्द्र ने अपने यात्रा अनुभव साझा किए। टीम ने बताया कि वह केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर देशभर में जन-जागरूकता अभियान चला रही है। पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, सड़क सुरक्षा, स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और मतदाता जागरूकता जैसे विषयों पर टीम द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। टीम अब तक विश्व के 11 देशों में लगभग 4 लाख 54 हजार किलोमीटर की यात्रा पूरी कर चुकी है और झारखंड में 15 से 20 जनवरी 2026 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया और उनके अभियान को सफल बनाने हेतु शुभकामनाएं दीं।



# गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह केकेएन स्टेडियम में होगा



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**देवघर।** गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय केकेएन स्टेडियम में होगा। कार्यक्रम आयोजन को लेकर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ ने बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर की जाने वाली विभिन्न कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिये। कार्यक्रम के तहत मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गईं। गणतंत्र दिवस पर सुबह में प्रभात फेरी होगी। झांकियां विभिन्न विभागों द्वारा निकाली जायेगी, जिसमें वर्तमान सरकार की उपलब्धियों एवं सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की झलक दिखेगी। शिक्षा विभाग, जनसम्पर्क विभाग, समाज कल्याण विभाग, नगर निगम, बाबा मंदिर, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जिला परिवहन विभाग आदि के द्वारा झांकियां निकाली जायेगी। उपायुक्त ने नगर के सभी चौक-चौराहों को रंगीन रोशनी से सजाने के लिए नगर आयुक्त को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र के साथ-साथ सम्पूर्ण जिला के प्रमुख स्थलों पर विशेष साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें। सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन को लेकर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। इस मौके पर डीडीसी पीयूष सिन्हा, नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, जिला नजारत उपसमाहर्ता, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला उत्पाद अधीक्षक, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, जिला खेल पदाधिकारी, जिला अग्निशमन पदाधिकारी, सार्जेंट मेजर, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व सदस्य आदि उपस्थित थे।

# नुरदा व तोयबो में सीआरपीएफ का सिविक एक्शन प्रोग्राम, 53 ग्रामीणों को वाटर स्टोरेज टैंक वितरित



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गुवा।** दिनांक 15 जनवरी 2026 को राजीव रंजन (कमांडेंट), 26 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दिशा-निर्देशानुसार भगवान साहू (सहायक कमांडेंट), समवाय अधिकारी जी/26वीं बटालियन के नेतृत्व में ग्राम नुरदा एवं तोयबो में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भीम भगत, सहायक उपनिरीक्षक (सिविल पुलिस) तथा कोन्ता डोडराई (मुंडा, नुरदा) की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर ग्रामीणों की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए वाटर स्टोरेज टैंक का वितरण किया गया। कुल लगभग 53 ग्रामीणों के बीच यह सामग्री वितरित की गई, जिससे स्वच्छ पेयजल के भंडारण में उन्हें सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में सभी लाभार्थियों के लिए दोपहर के भोजन की भी व्यवस्था की गई। ग्रामीणों ने सीआरपीएफ द्वारा किए गए इस जनकल्याणकारी प्रयास की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। यह सिविक एक्शन प्रोग्राम क्षेत्र में सुरक्षा बलों और आम जनता के बीच आपसी विश्वास व सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## संक्षिप्त

### श्री हनुमत महायज्ञ का आयोजन 15 फरवरी को

**मेराल (गढ़वा)।** जिले के मेराल प्रखंड के संखड़िया पंचफेड़ी मोड़ स्थित पहाड़ी हनुमान मंदिर परिसर में प्रस्तावित हनुमत प्राण प्रतिष्ठा एवं श्री हनुमत महायज्ञ का आयोजन 15 फरवरी को जलयात्रा के साथ शुरू होगा। यह 20 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं महाप्रसाद की विशेष व्यवस्था की जाएगी। सप्ताहव्यापी महायज्ञ में वाराणसी से पधारे यज्ञाचार्य आचार्य पंडित रमानाथ मिश्र महाराज प्रतिदिन 3 से 4 घंटे तक प्रवचन देंगे। स्वामी अद्वयानंद महाराज द्वारा भी प्रतिदिन कथा-वाचन किया जाएगा। मंदिर अध्यक्ष गंगा प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि आयोजन के दौरान महिलाओं सहित सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### मनातू पंचायत के टेंडर ग्राम में जरूरतमंदों को बांटा कंबल



**पिठोरिया।** कांके प्रखंड की मनातू पंचायत के टेंडर ग्राम में आदर्श स्वयं सहायता ग्रामीण विकास समूह ट्रस्ट ने जरूरतमंद वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांग जनों के बीच 150 कंबल वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांके प्रखंड के अंचल अधिकारी और विशिष्ट अतिथि लता देवी मौजूद थीं। अध्यक्ष अनुप कुमार महतो ने कहा कि मनातू पंचायत का टेंडर ग्राम में आदिवासियों की घनी आबादी है। इस गांव में अनेक जरूरतमंद लोग हैं। इस कड़कड़ाती ठंड में उन्हें कंबल की जरूरत थी। इसलिए ट्रस्ट के द्वारा कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष अनुप कुमार सहित ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष उमेश कुमार, कार्यकारिणी सदस्य अजित कुमार उर्फ गुड्डू बड़ाईक, अर्जुन महतो उर्फ बल्लू, ट्रस्ट के वित्तीय सलाहकार सदानंद सिंह उर्फ चुन्नू सिंह,प्रभु दयाल मुंडा, कालीचरण मुंडा, मिंटू उराव, शुकरा उरांव, रमेश दयाल सिंह इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस की तैयारी तेज डीसी, एसपी ने की समीक्षा

**पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन**



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गढ़वा।** गणतंत्र दिवस 2026 के आयोजन को लेकर गुरुवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त दिनेश यादव एवं पुलिस अधीक्षक अमन कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह की संपूर्ण रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा करते हुए विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियाँ निर्धारित की गईं। उपायुक्त ने समारोह को गरिमामय, अनुशासित, सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह टाउन हॉल मैदान में होगा। इसमें ध्वजारोहण, राष्ट्रगान एवं परेड का आयोजन होगा। परेड का पूर्वाभ्यास भी मुख्य समारोह स्थल पर ही किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को पूर्वाभ्यास एवं मुख्य समारोह के दौरान बेहतर व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने समारोह स्थल की साफ-सफाई, रंग-रोगन, लाउडस्पीकर, पेयजल, बैठक व्यवस्था, अग्निशमन दस्ता, सुरक्षा व्यवस्था, स्वतंत्रता सेनानियों को आमंत्रण सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट जिम्मेदारी सौंपी। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा निकाली जाने वाली झांकियों को देशभक्ति से ओत-प्रोत एवं आकर्षक बनाने के निर्देश देते हुए झांकियों के लिए उपयुक्त वाहन, सुगम प्रवेश-निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने समारोह को लेकर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कार्यक्रम स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, निगरानी एवं विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। बैठक में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, सामान्य शाखा पदाधिकारी सुशील कुमार राय, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजय प्रसाद, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) यशोधरा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सुशील कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल प्रेमलाल सिंह सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गम्हरिया में सड़क सुरक्षा को लेकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**सरायकेला-खरसावाँ।** जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के तहत यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गम्हरिया स्थित घोड़ा बाबा मंदिर परिसर में संपन्न हुआ, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के महत्व, सुरक्षित वाहन संचालन, दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन और नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने जैसे अहम संदेश दिए गए। कलाकारों ने प्रभावशाली अभिनय के जरिये यह बताया कि थोड़ी सी लापरवाही किस तरह गंभीर सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों से अपील की गई कि सड़क सुरक्षा की शुरूआत स्वयं से करें और अपने परिवारजनों व मित्रों को भी यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर आमजन के बीच सड़क सुरक्षा से संबंधित पंपलेट का वितरण किया गया तथा सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। इसके अलावा घोड़ा बाबा मंदिर के समीप पतंग उड़ाकर सड़क सुरक्षा का प्रतीकात्मक संदेश दिया गया।

## बोकना पंचमुखी हनुमान मंदिर में मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, भव्य मेले का आयोजन



**गुवा।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर बोकना स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में दूसरे दिन 15 जनवरी को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। परंपरा के अनुसार कुछ श्रद्धालुओं ने 14 जनवरी को जबकि कई भक्तों ने 15 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी, चूड़ा-दही एवं तिलकुट का वितरण किया गया। वहीं कुसुम घाट स्थित शिव मंदिर परिसर में भी श्रद्धालुओं को विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हुए देखा गया। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने कारो नदी में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। मकर संक्रांति को लेकर पंचमुखी हनुमान मंदिर कमेटी की ओर से भव्य मेले का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए मिक्की माउस सहित विभिन्न प्रकार के झूले लगाए गए, जिनका बच्चों ने खूब आनंद उठाया। धार्मिक माहौल को और भक्तिमय बनाने के लिए मिथिला के जनकपुर से आए पांच पुरोहितों के साथ आचार्य रोशन झा के नेतृत्व में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिरस में डूब गया। संध्या के समय मंदिर कमेटी की ओर से भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इसके साथ ही बच्चों के लिए बूगी-बूगी डांस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों को 16 जनवरी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुदीप दास के साथ समीर पाठक, मुकेश लाल, गणेश दास, रेणु देवी, राजा बिहारी, राजा महापात्रो, हरजीवन कश्यप, भानु चंद्र दास, संतोष बेहरा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सारंडा के बोंगा मांडा में मकर संक्रांति पर श्रद्धा का सैलाब, दूसरे दिन भी पूजा-अर्चना और आस्था की डुबकी

**गुवा।** सारंडा वन क्षेत्र स्थित बोंगा मांडा स्थल पर मकर संक्रांति के अवसर पर दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। आज दिनांक 15 जनवरी को आदिवासी समाज एवं अन्य समुदाय के लोगों ने भगवान राम, माता सीता एवं वीर हनुमान के पवित्र पदचिह्नों पर विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही श्रद्धालुओं ने करो नदी में आस्था की डुबकी लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की। मान्यता है कि रामायण काल में भगवान राम माता सीता एवं लक्ष्मण अपने 14 वर्षों के वनवास के दौरान सारंडा के इसी जंगल क्षेत्र में स्थित बोंगा मांडा में कुछ समय तक ठहरे थे।

# करहैया जंगल से दो साइबर ठग गिरफ्तार



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**देवघर।** पुलिस उपाधीक्षक राजा कुमार मित्रा के मार्गदर्शन में 14 जनवरी] 2026 को सारठ थाना क्षेत्र के करहैया जंगल में छापेमारी कर दो साइबर अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी फर्जी फ्लिपकार्ट, अमेजन कस्टनमर केयर, एयरपेटल पेमेंट बैंक, फोनपे और पेटीएम के नाम पर गूगल पर फर्जी मोबाइल नंबर डालकर लोगों से ऑनलाइन ठगी कर रहे हैं। आरोपी कैशबैक, पीएम किसान योजना, लोन और क्रेडिट कार्ड लिंक भेजकर लोगों को झांसे में लेते थे। गिरफ्तार आरोपियों में सरोज दास (28 वर्ष) और प्रवीण दास (27 वर्ष) शामिल हैं। दोनों फुलचुंवा गांव, थाना सारठ के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार दोनों का आपराधिक इतिहास रहा है। पूर्व में भी देवघर साइबर थाना में ठगी के मामलों में नामजद रह चुके हैं। छापेमारी के दौरान आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन, चार सिम कार्ड और एक प्रतिबिंब सिम कार्ड जब्त किया गया है।

# झामुमो समर्थित मेयर उम्मीदवार के रूप में नीलम मिश्रा की घोषणा



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**धनबाद।** धनबाद नगर निकाय चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने मेयर पद के लिए अपने समर्थित उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी है। पार्टी ने डॉ. नीलम मिश्रा को मेयर पद का उम्मीदवार घोषित किया। इस मौके पर पार्टी नेताओं ने स्पष्ट किया कि भले ही नगर निकाय चुनाव दलगत आधार पर नहीं होगा, लेकिन झामुमो का पूर्ण समर्थन डॉ. नीलम मिश्रा के साथ रहेगा। महानगर इकाई की अनुशंसा के बाद पार्टी आलाकमान के निर्देश पर डॉ. नीलम मिश्रा को चुनाव मैदान में उतारा गया है। डॉ. नीलम मिश्रा धनबाद की जानी-मानी हस्ती हैं। वे धनबाद के प्रसिद्ध तिवारी होटल के संस्थापक कंठी तिवारी की पुत्री हैं। उनके पति एक निजी स्कूल में शिक्षक हैं। डॉ. नीलम मिश्रा का जन्म धनबाद में ही हुआ है। यहीं उनका पालन-पोषण हुआ है।

# देवघर : 35 स्वास्थ्य उपकेन्द्रों को स्वीकृति प्रदान की गई




प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**देवघर।** उपयुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने गुरुवार को स्वास्थ्य समिति की बैठक समाहरणालय भवन में की। इस दौरान जिले में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और उनके गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। सिविल सर्जन व चिकित्सकों की टीम को दिनप्रतिदिन स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर व सुदृढ़ बनाने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में 35 स्वास्थ्य उपकेन्द्रों को स्वीकृति प्रदान की गई। जहां पहले से भवन हैं, वैसे 7 स्वास्थ्य उपकेंद्रों के लिए स्थल दोबारा चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने जिले के निमार्णाधीन स्वास्थ्य भवनों एवं उपकेंद्रों के कार्य शीघ्र पूरा करने, पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुदृढ़ करने और बाल लिंगानुपात सुधार के लिए पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई करने के अलावा मानव संसाधन प्रबंधन से जुड़े कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष किरण कुमारी, उप विकास आयुक्त पीयूष सिंह, प्रभारी सिविल सर्जन, जिला स्वास्थ्य समिति के पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी, डीपीएम, डीएएम, डीपीसी (टीबी), बीपीएम व संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## धनबाद में रेलकर्मी की सनसनीखेज हत्या का खुलासा

# प्रेम-संबंध में पिता की गला घोंटकर हत्या, बेटी, बेटा और प्रेमी गिरफ्तार



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**धनबाद।** पम्पू तालाब के पास मिले रेलकर्मी बीरबल के शव मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि इस जघन्य हत्या के पीछे कोई बाहरी नहीं, बल्कि मृतक के अपने ही बच्चे और बेटी का प्रेमी शामिल थे।

मृतक की पुत्री ऋतू कुमारी, पुत्र रोहित कुमार और ऋतू के प्रेमी फरदीन खान ने मिलकर योजनाबद्ध तरीके से बीरबल की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, पारिवारिक विवाद और प्रेम संबंध इस हत्या की मुख्य वजह बने।

जांच में पता चला है कि बीरबल शराब के नशे में अक्सर घर में मारपीट करता था। पत्नी पर गंभीर आरोप लगाता था। इससे परिवार में तनाव और डर का माहौल बना हुआ था। इसी के चलते तीनों आरोपियों ने हत्या की साजिश रची। आरोपियों ने पहले शराब में नशीली दवा मिलाकर बीरबल को बेहोश किया, फिर काले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल से उसे सुनसान इलाके में ले जाकर गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को पम्पू तालाब में फेंक दिया गया।

धनबाद पुलिस ने सीडीआर, तकनीकी साक्ष्यों और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले का खुलासा करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपी बिहार के अरवल जिले के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त मफलर, शराब की खाली बोतल और अपाचे मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया है। जांच अधिकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# उपायुक्त व पुलिस कप्तान के नेतृत्व में की गई चादरपोशी

**मांगी सौहार्द और अमन की दुआएं**



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**लोहरदगा।** हजरत बाबा दुखन शाह का 101वां सालाना उर्स मुबारक मौके पर चादरपोशी का सिलसिला बुधवार को बाद नमाज फजर शुरू हो गया। अंजुमन इस्लामिया की अगुआई में धर्म गुरुओं ने मजार पर गुसुल की रस्म अदायगी कीं। अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रउफ अंसारी, सचिव शाहिद अहमद बेलू के नेतृत्व में ओहदेदारों ने पहली चादरपोशी कीं। उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद और पुलिस कप्तान सादिक अनवर रिजवी के संयुक्त नेतृत्व में पुलिस प्रशासन की ओर से चादरपोशी की गयी। इस मौके पर पुलिस प्रशासन की ओर से हजरत बाबा दुखनशाह लोहरदगा शरीफ की शान में गार्ड ऑफ ऑनर के तहत सलामी दी गई। एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रत्नेश मोहन ठाकुर समेत पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने चादरपोशी कीं। विधायक रामेश्वर उरांव की ओर से उनके प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल ने बाबा दुखन शाह की मजार पर चादरपोशी कर अकीदत के साथ दुआ मांगी। बाबा के चरणों में हाजिरी देकर क्षेत्र की सुख-शांति, अमन-चैन और तरक्की की कामना की। महफिल-ए-कव्वाली में आतिश मुराद (कर्नाटक) और नेसार जानी (मुंबई) के बीच शानदार मुकाबला हुआ।

# मत्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय में पाई गई एक्सपायरी खाद्य सामग्री

**खाद्य सुरक्षा विभाग की सघन कार्रवाई एवं जागरुकता अभियान**

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश के आलोक में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी द्वारा जिले में खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण सह जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मत्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय के रसोईघर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रसोईघर की साफ-सफाई की गहन जांच की गई। खाद्य निर्माण एवं परोसने की प्रक्रिया में संलग्न कर्मियों को एप्रन, ग्लव्स एवं हेडगियर का अनिवार्य रूप से उपयोग करने का निर्देश दिया गया। जांच के क्रम में कुछ खाद्य सामग्री एक्सपायरी अवस्था में पाई गई, जिस पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत उचित कार्रवाई करते हुए संबंधित सामग्री को जब्त किया गया। रसोई प्रबंधन को कड़ी चेतावनी दी गई। इसके अतिरिक्त बीओआई आरसेठी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों एवं खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि सभी खाद्य कारोबारियों के लिए फूड लाइसेंस अथवा पंजीकरण कराना अनिवार्य है। साथ ही नकली टमाटर सॉस, नकली अथवा प्रतिबंधित खाद्य रंगों के उपयोग से बचने और तेल को दो बार से अधिक तलने मे उपयोग नहीं करने की सख्त सलाह दी गई।

# उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग कार्यालय में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**पश्चिमी सिंहभूम।** एसडीओ कार्यालय परिसर में स्थित जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, चाईबासा के कार्यालय में ताला तोड़कर चोरी की घटना सामने आई है। इस संबंध में आयोग के सचिव की ओर से सदर थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई है। आवेदन के अनुसार 10 जनवरी की रात से 14 जनवरी तक अवकाश की अवधि के दौरान अज्ञात चोरों ने आयोग कार्यालय के ग्रिल का ताला तोड़ कर चोर कार्यालय के गैराज परिसर में घुस गए और वहां रखे सामानों की चोरी कर ली। चोरी की जानकारी 15 जनवरी को उस समय हुई, जब कार्यालय के कर्मी काम के लिए पहुंचे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चोरों ने कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को नुकसान पहुंचाते हुए सरकारी संपत्ति की चोरी की है। चोरी गए सामानों में 12 वोल्ट की छह पुरानी सूखी बैटरियां, एक पुरानी पेपर कटर मशीन और कुछ अन्य सामान शामिल है। घटना को लेकर आयोग प्रशासन ने चिंता जताई है और इसे शासकीय कार्यालय की सुरक्षा में गंभीर चूक बताया है।

## संक्षिप्त

### बेटे ने की मां की हत्या

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर प्रखंड अंतर्गत चिरिया ओपी थाना क्षेत्र के बिनुआं गांव में गुरुवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। घरेलू विवाद के दौरान एक युवक ने अपनी ही मां की बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान मुक्ता पूर्ति (45 ) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को किसी घरेलू बात को लेकर मुक्ता पूर्ति और उनके बेटे चोकरो पूर्ति (25) के बीच कहासुनी शुरू हुई। विवाद देखते ही देखते इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर बेटे ने पास में रखे डंडे से मां पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने के कारण महिला मौके पर ही बेसुध हो गई। घटना की सूचना मिलते ही चिरिया ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में महिला को मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मुक्ता पूर्ति को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बेटे को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त डंडा भी घटनास्थल से बरामद कर लिया है। पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में मामला पारिवारिक विवाद का प्रतीत हो रहा है, हालांकि विवाद की असली वजह का पता लगाने के लिए पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपित के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत एक अन्य घायल

कोडरमा। चंदवारा थाना अंतर्गत गौरी पुल के समीप सड़क हादसे में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और एक अन्य युवक घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार युवक और ट्रेलर उरवा मोड की ओर जा रहा था। ट्रेलर के चकमे से बाइक सवार सड़क पर गिर गया, वहीं पीछे से आ रही बस बाइक सवार एक युवक को रौंदते हुए भाग गई। मृतक की पहचान प्रिंस कुमार (उम्र 15 वर्ष, पिता मनोज वर्मा, बड़की धमराय) के रूप में की गई है। जबकि निरंजन कुमार (पिता गोविंद महतो, बड़की धमराय) घायल है।

## भरनो सड़क हादसे में बड़ी कार्रवाई, पुलिस ने हाइवा किया जब्त

# डीटीओ और एसडीपीओ ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**गुमला।** भरनो थाना क्षेत्र के भरगांव (एनएच-23) के पास हुए भीषण सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह हरकत में आ गया है। गुरुवार को जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल और एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय संयुक्त टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। दुर्घटना के कारणों की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान दुर्घटना में शामिल दोनों वाहनों की पहचान कर ली गई है। जांच में यह पुष्टि हुई कि टक्कर मारने वाला वाहन एक हाइवा (जेएच07एल3518) है, जिसे भरनो पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जब्त कर लिया है। जिस सवारी गाड़ी को टक्कर मारी गई, वह एक मैक्सिकैब (जेएच01डीजी8559) है। निरीक्षण दल में डीटीओ और एसडीपीओ के अलावा मोटरयान निरीक्षक रोबिन अजय सिंह, एमवीआई प्रदीप तिर्की, भरनो थाना प्रभारी, सिसई थाना प्रभारी और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के इंजीनियर शामिल थे। टीम ने सड़क की बनावट, कोहरे के दौरान दृश्यता और दुर्घटना संभावित क्षेत्र का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई कि घने कोहरे के बावजूद हाइवा काफी तेज गति में था, जिसने आगे चल रही मैक्सिकैब को पीछे से जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मैक्सिकैब सड़क से नीचे उतर गई, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ। निरीक्षण के बाद जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद है। उन्होंने निर्देश दिया कि भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण के लिए सघन जांच अभियान चलाया जाएगा और ओवर-स्पीडिंग करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। वहीं, एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि टक्कर मारकर भागने वाले हाइवा को पुलिस ने पकड़ लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह के महिला संगठन ने कंबल, स्वेटर सहित अन्य सामान का किया वितरण

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**गुमला।** मकर संक्रांति के अवसर पर श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह गुमला के महिला संगठन की ओर से जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड को ध्यान में रखते हुए जोराड़ाड़ देवनगर गांव में संचालित अनाथ आश्रम सह आदिवासी शिक्षा दीक्षा संस्थान में गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। संगठन की ओर से वहां शिक्षा ग्रहण कर रहे 25 ग्रामीण बच्चों को स्वेटर टोपी, दस्ताना तथा गांव के ही 80 असहाय जरुरतमंद बुजुर्गो के बीच कंबल का वितरण किया गया। संगठन की महिलाओं का ग्रामीणों ने ढ़ोल नगाड़ों के साथ और माथे पर तिलक लगा कर उनका स्वागत किया। वितरण कार्यक्रम की शुरूआत अघोरेश्वर महाप्रभू एवं परमपूज्य गुरुदेव जी की पूजा अर्चना के साथ किया गया। प्रसाद के रुप में लोगों के बीच तिलकुट, चुड़ा, गुड़ और फल वितरित किया गया। गर्म वस्त्र वितरण के बाद ग्रामीणों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में संगठन की नीता हरीतिमा की ओर से सर्वेश्वरी समूह के उद्देश्यों एवं संचालित लोक कल्याणकारी कार्यों की जानकारी साझा की गयी।

## केटीपीएस में काम करने के दौरान गिरने से मजदूर की मौत

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**कोडरमा।** जिले के जयनगर थाना अंतर्गत केटीपीएस प्लांट में चल रहे मेंटेनेंस कार्य के दौरान गुरुवार को गिरने से एक मजदूर की मौत हो गयी। मजदूर अरफुल शेख (32) काम करने के दौरान बायलर के ऊपर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। वह यूएस इंटरप्राइजेज नामक कम्पनी के तहत काम कर रहा था। उल्लेखनीय है कि कि केटीपीएस में पिछले 20 दिनों से एक 500 मेगावाट का एक यूनिट का बंद है जबकि 500 यूनिट के अन्य यूनिट का मेंटेनेंस कार्य चल रहा है। इसको लेकर ओवरहॉलिंग का कार्य जोरों पर है। उक्त कार्य में पिछले 20 दिनों से अरफूल शेख भी लगा हुआ था। इसी दौरान गुरुवार की दोपहर करीब 1:30 बजे कार्य करने के दौरान उनका संतुलन बिगड़ा और वह 40 फीट की ऊंचाई से सीधे जमीन पर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। अरफुल का दाहिना हाथ टूट गया, वहीं दाहिना पैर भी बुरी तरह से जख्मी हो गया। घटना के बाद आसपास कार्य कर रहे मजदूरों की ओर से उसे डीवीसी हॉस्पीटल और फिर सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया।

## बच्चे को मां से छीनने लगी संदिग्ध महिला, पुलिस हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**धनबाद।** शहर में हाल ही में रांची से अपहृत बच्चे अंश, अंशिका की बरामदगी के बाद पूरे राज्य में सतर्कता और दहशत का माहौल है। इसी बीच धनबाद जिले के बाघमारा थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां दिनदहाड़े एक संदिग्ध महिला ने 09 वर्षीय बच्चे को उसकी मां की गोद से छीनकर ले जाने का प्रयास किया। घटना बाघमारा थाना क्षेत्र के इंदिरा चौक बस स्टैंड की है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि गुरुवार को जोड़ापोखर की रहने वाली रेवती देवी अपने पुत्र रियौन राज के साथ ऑटो में बैठकर अपने मायके (करमाटांड़, बोकारो) जाने की तैयारी कर रही थीं। इसी दौरान एक अज्ञात महिला वहां पहुंची और अचानक बच्चे का हाथ पकड़कर उसे जबरन खींचने लगी। हैरानी की बात यह रही कि संदिग्ध महिला ने मौके पर मौजूद लोगों के सामने बच्चे को अपना बेटा बताते हुए उसकी असली मां रेवती देवी को ही चोर करार देना शुरू कर दिया। दोनों महिलाओं के बीच धक्का-मुक्की और छीना-झपटी देख बस स्टैंड पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। वहीं, मामले की गंभीरता को समझते हुए स्थानीय लोगों ने तत्काल बाघमारा पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही बाघमारा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों महिलाओं तथा बच्चे को थाने ले गई। इसी दौरान रेवती देवी के परिजन भी थाने पहुंच गए। थाने में रेवती देवी ने बच्चे से संबंधित आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया। जांच और साक्ष्यों के मिलान के बाद पुलिस ने बच्चे को उसकी असली मां के हवाले कर दिया। इस घटना को लेकर मासूम रियौन राज ने बताया कि वह अपनी मां के साथ मामा के घर जा रहा था, तभी वह महिला आई और जबरदस्ती उसे ले जाने लगी। यही नहीं वह महिला मुझसे धक्का-मुक्की कर रही थी, जिससे मैं बहुत डर गया। वहीं, पीड़ित मां रेवती देवी ने पुलिस प्रशासन से मांग किया है कि ऐसे संदिग्धों या बच्चा चोर गिरोहों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी अन्य मां को इस तरह की भयावह स्थिति का सामना न करना पड़े।

## अनाधिकृत नंबर प्लेट वाली महिन्द्रा स्कॉर्पियो जब्त



**धनबाद।** परिवहन विभाग एवं ट्रैफिक पुलिस के संयुक्त प्रयास से अनाधिकृत नंबर प्लेट और शीशे पर ब्लैक फिल्म लगी एक महिन्द्रा स्कॉर्पियो को जब्त किया गया है। जब्त स्कॉर्पियो का वास्तविक रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 10 सीएस 0304 है। हालांकि इसके ऑनर ने वाहन पर अनाधिकृत नंबर प्लेट लगाई थी। मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से यह मामला उपायुक्त आदित्य रंजन के संज्ञान में आया था। मामला संज्ञान में आते ही उपायुक्त ने इसकी गहनता से पड़ताल कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात धनबाद ट्रैफिक पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। सबसे पहले जिला परिवहन कार्यालय से वाहन के रजिस्ट्रेशन से संबंधित दस्तावेजों की जांच कराई गई, जिसके आधार पर वाहन मालिक की पहचान की गई। जांच पूरी होने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने धनसार थाना क्षेत्र के बरमसिया स्थित महावीर नगर में वाहन मालिक के आवास पर छापेमारी की। इस दौरान काले शीशे और अनाधिकृत नंबर प्लेट वाली उक्त स्कॉर्पियो को बरामद कर लिया गया। वाहन को मौके से जब्त कर ट्रैफिक थाना लाया गया। इस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी ने बताया कि अनाधिकृत नंबर प्लेट लगे वाहन के ऑनर को ट्रेस करने के लिए जेएच 10 की कई सिरीज में 0304 नंबर का डाटा निकाला गया। तत्पश्चात इसमें से 0304 नंबर के ब्लैक रंग की स्कॉर्पियो को खोजा गया। उन्होंने कहा कि किसी भी वाहन पर अनाधिकृत नंबर प्लेट लगना मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है। यह सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी खतरनाक है। सरकार ने 2019 के बाद से हर वाहन में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट अनिवार्य किया है। कोई भी वाहन मालिक इसका उल्लंघन नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वाहन में ब्लैक फिल्म लगाना भी मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने सभी से अनुरोध किया है कि वे अपने वाहन में ब्लैक फिल्म नहीं लगायें। पॉल्यूशन, फिटनेस सहित अन्य कागजातों को दरुस्त रखें। वाहन चलाते समय इसका अनुसरण करें। कहा कि जब्त वाहन में इसका आकलन कर जितने नियमों का उल्लंघन किया है तदनुसार वाहन मालिक पर जुमार्ना लगाया जाएगा। वहीं ट्रैफिक डीएसपी अरविन्द सिंह ने बताया कि जब्त वाहन महेश कुमार के नाम से पंजीकृत है। वाहन को विधिवत जब्त कर लिया गया है। मोटर व्हीकल अधिनियम के प्रावधानों के तहत आगे की दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। ट्रैफिक डीएसपी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। बताया कि काले शीशे, अनाधिकृत या फैंसी नंबर प्लेट और अन्य अवैध परिवर्तनों वाले वाहनों को चिन्हित कर सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## मकर संक्रांति पर मां दुबरसीनी मंदिर परिसर में मेला आयोजित



**पिठोरिया।** पिठोरिया स्थित मां दुबरसीनी मंदिर परिसर में वर्षों से चली आ रही धार्मिक व सांस्कृतिक परंपरा का इस वर्ष मंदिर कमेटी द्वारा भव्य रूप से निर्वहन किया गया। मंदिर कमेटी एवं मेला कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धा, आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सजावट, रंग-बिरंगी झालरों और पुष्प अलंकरण से भव्य रूप से सजाया गया था, जो दूर से ही श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा था। मेले में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों सहित दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने माँ दुबरसीनी के दर्शन-पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। मेले के दौरान परंपरानुसार महा भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक आयोजन में सामाजिक समरसता और भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विनोद रजक के नेतृत्व में वर्षों पुरानी इस परंपरा को विधिवत और सुदृढ़ रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर कमेटी और मेला कमेटी के सदस्यों के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों का भी सराहनीय योगदान रहा।श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने भव्य आयोजन की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए इसे क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान बताया। मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित यह मेला पिठोरिया क्षेत्र में आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक बन गया है।

# कोडरमा पुलिस ने तीन एकड़ में लगी अफीम की खेती को किया नष्ट


**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**कोडरमा।** कोडरमा पुलिस ने तीन एकड़ में लगी अफीम की खेती को नष्ट किया है। मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। एसपी अनुदीप सिंह को बुधवार देर रात सूचना मिली कि तिलैया थानान्तर्गत गझंडी इलाके के जंगली क्षेत्र स्थित ग्राम अम्बाकोला के बुधलाल सिंह की ओर से अवैध अफीम के तस्करों के साथ मिलीभगत कर कई एकड जमीन पर अवैध अफीम की खेती की गयी है। एसपी ने एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया। टीम के साथ बतौर मजिस्ट्रेट सीओ कोडरमा की प्रतियुनिक्ति की गयी। टीम गुरुवार को अम्बाकोला पहुंची तो वहां खडे लोग पुलिस को देख भागने लगे। पुलिस बल ने उनका पीछा किया तो एक व्यक्ति पकडा गया। इनका नाम पता पूछने पर अपना नाम बुधलाल सिंह (चनाको, थाना तिलैया) बताया। फरार होने वाले व्यक्ति के बारे में बताया कि वह इसका सहयोगी शंकर सिंह था, जो साथ मिलकर पोस्ता की खेती लगाए हैं। पकडे गए व्यक्ति बुधलाल के पास मौजूद मोबाईल की छानबीन की गयी तो 10 जनवरी को तालाब के किनारे की गयी पोस्ता खेती का फसल का फोटो लिया हुआ पाया गया। उसके की ओर से तालाब के सटे ही जंगल के पास करीब एक एकड जमीन में पोस्ता का फसल दिखाया गया और बताया कि तालाब के दूसरी छोर पर करीब दो एकड जमीन में अफीम की खेती इनके और इनके सहयोगियों की ओर से की गयी है। इसके बाद पुलिस टीम ने बुधलाल सिंह के निशानदेही पर उसके और उसके सहयोगियों की ओर से अवैध रूप से खेती किए गए जगहों पर छापेमारी की। पाया गया कि तीनों ही जगहों पर करीब तीन एकड में अफीम की खेती की गयी है। पकडे गए व्यक्ति बुधलाल सिंह ने अफीम की खेती किये जाने से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया और न ही कोई संतोषजनक जबाब दिया। पकडे गए आरोपित बुधलाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपित की ओर से अफीम की खेती करने में प्रयुक्त किये जा रहे पानी का पाईप, बिजली का तार, अनेक प्रकार के रसायन उर्वरक सहित अन्य सामान बरामद किए गये हैं। इस संबंध में तिलैया थाना में मामला दर्ज किया गया है। एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि मादक पदार्थों और उसकी खेती के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। जिले में नशे के विरूद्ध पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। छापेमारी टीम में तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, महादेव पाण्डेय, सुजीत सिंह सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# टुसू मेला से लौट रहे ग्रामीणों की वैन दुर्घटनाग्रस्त, बच्ची की मौत

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**पूर्वी सिंहभूम।** एमजीएम थाना क्षेत्र में गुरुवार रात एक सड़क हादसे में टुसू मेला देखकर लौट रहे ग्रामीणों की खुशियां मातम में बदल गईं। तुरियाबेड़ा से बेताकोचा टुसू मेला गए करीब 40 लोग जब अपने घर लौट रहे थे, तभी एनएच-33 पर भिलाई पहाड़ी के पास उनकी सवारी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में छह वर्षीय बच्ची की मौत हो गई, जबकि 12 से अधिक बच्चे और उनके परिजन गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गुरुवार रात यात्रियों से भरी 407 वैन भिलाई पहाड़ी के पास निमार्णाधीन एलिवेटेड कॉरिडोर से गुजर रही थी। इसी दौरान किसी कारणवश वाहन अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर पर चढ़ गया। अचानक झटका लगते ही वैन में सवार लोग सड़क पर गिर पड़े, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। घटना की सूचना मिलते ही जिला पार्षद प्रतिनिधि पिंटू दत्ता घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल एमजीएम थाना पुलिस को जानकारी दी।

## संपादकीय

### नफरती हिंसा की आग...

**दक्षिण** एशिया ही नहीं, दुनिया के कई हिस्सों में अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती नफरती हिंसा आज मानवता के सामने गंभीर चुनौती बन चुकी है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे लक्षित हमलों के बीच पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक गरीब हिंदू किसान की गोली मारकर हत्या ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। यह घटना सिर्फ एक व्यक्ति की मौत नहीं, बल्कि उस असुरक्षा का प्रतीक है, जिसमें कई देशों में अल्पसंख्यक समुदाय जीने को मजबूर हैं। पाकिस्तान में हिंदू समुदाय लंबे समय से भेदभाव, जबरन धर्मांतरण, जमीन विवाद और सामाजिक हाशियेकरण का सामना करता रहा है। सिंध जैसे प्रांतों में, जहां हिंदुओं की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है, वहां भी उनकी जान और संपत्ति सुरक्षित नहीं दिखती। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग हिंसा के सबसे आसान शिकार बनते हैं, क्योंकि उनके पास न तो प्रभावशाली आवाज होती है और न ही न्याय तक पहुंच के पर्याप्त साधन। चिंता की बात यह भी है कि यह समस्या सिर्फ पड़ोसी देशों तक सीमित नहीं रही है। कनाडा, ऑस्ट्रेलिया जैसे विकसित देशों में भी भारतीय मूल के नागरिकों और खासतौर पर हिंदुओं के खिलाफ नस्ली व धार्मिक हमलों की घटनाएं सामने आती रही हैं। यह वैश्विक स्तर पर फैलती असहिष्णुता और पहचान-आधारित नफरत की प्रवृत्ति को उजागर करता है, जो लोकतंत्र और मानवाधिकारों की मूल भावना के खिलाफ है। अल्पसंख्यकों पर हमले केवल सांप्रदायिक उन्माद का नतीजा नहीं होते, बल्कि वे सीधे तौर पर नागरिकों के जीवन, स्वतंत्रता और गरिमा के अधिकार का उल्लंघन हैं। दुर्भाग्य से, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर ऐसी घटनाओं पर अक्सर औपचारिक चिंता जताकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया जाता है। निंदा प्रस्तावों और बयानबाजी से आगे बढ़कर ठोस कार्रवाई की जरूरत है। भारत, जो सदियों से सहिष्णुता, समरसता और बहुलतावाद की परंपरा का वाहक रहा है, को इस मुद्दे पर अधिक सक्रिय भूमिका निभानी होगी। संबंधित देशों के साथ द्विपक्षीय वार्ताओं में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को स्पष्ट और मजबूती से उठाया जाना चाहिए। जरूरत पड़ने पर राजनयिक प्रतिनिधिमंडल भेजकर जमीनी हालात का आकलन और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर संगठित दबाव बनाना भी समय की मांग है। यह सच है कि भारत शांति और संवाद में विश्वास रखता है, लेकिन शांति का अर्थ अन्याय पर मौन रहना नहीं होता। दुनिया के किसी भी कोने में धर्म या नस्ल के आधार पर की जा रही हिंसा को नजरअंदाज करना मानवाधिकारों के साथ समझौता होगा। सभी देशों की यह नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है कि वे अपने यहां रहने वाले अल्पसंख्यक नागरिकों की जान-माल और अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। नफरत और हिंसा को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई ही मानवता को इस अंधकार से बाहर निकालने का रास्ता है।

# अंतरिक्ष में बढ़ते कचरे से उपजे खतरे

**विजन कुमार पांडेय**

अंतरिक्ष अब मानव सभ्यता की दूरस्थ सीमा नहीं रहा। आज यह हमारे रोजमर्रा के जीवन, राष्ट्रीय सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और भू-राजनीति का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। संचार उपग्रहों से लेकर मौसम पूवार्नुमान, आपदा प्रबंधन और सैन्य निगरानी तक, आधुनिक दुनिया की धड़कन अंतरिक्ष से जुड़ी है। मगर इसी प्रगति के साथ एक ऐसा संकट भी जन्म ले चुका है, जिस पर गंभीरता से चर्चा नहीं होती। वह है- अंतरिक्ष में बढ़ रहा कचरा और उससे अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा को खतरे का मसला। यह केवल तकनीकी चुनौती नहीं, बल्कि मानव जीवन, वैश्विक सहयोग और भविष्य की अंतरिक्ष नीति से जुड़ा प्रश्न है। आज जब दुनिया चंद्रमा, मंगल और उससे आगे मानव की उपस्थिति को लेकर योजना बना रही है, तब यह पूछना अनिवार्य हो जाता है कि क्या हमने पृथ्वी के आसपास के अंतरिक्ष को सुरक्षित रखा है? पिछले छह दशकों में अंतरिक्ष गतिविधियों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। हजारों उपग्रह, सैकड़ों प्रक्षेपण और अनगिनत प्रयोग। इन सबका एक अनचाहा परिणाम है-अंतरिक्ष में फैल रहा मलबा। निष्क्रिय उपग्रह, टकराव से बने टुकड़े और सूक्ष्म कण आज पृथ्वी की कक्षा में एक अनियंत्रित जाल की तरह फैल चुके हैं। समस्या केवल संख्या की नहीं, बल्कि श्रृंखलाबद्ध खतरे की है। दो वस्तुओं की टक्कर से मलबा और बढ़ता है, जो आगे और टकराव को जन्म देता है। वैज्ञानिक इसे 'केसलर सिंड्रोमइ कहते हैं। यानी एक ऐसी स्थिति, जहां कक्षा में मलबा इतना बढ़ जाए कि अंतरिक्ष गतिविधियां ही असंभव हो जाएं। इस परिदृश्य में सबसे पहले और सबसे ज्यादा खतरे में होंगे मानवयुक्त मिशन और अंतरिक्ष यात्री। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) मानव सभ्यता की सबसे जटिल संरचना है। मगर यह उपलब्धि भी एक असुरक्षित वातावरण में टिकी है। लगभग चार सौ किलोमीटर की ऊंचाई पर यह स्टेशन उसी कक्षा में है, जहां सबसे अधिक मलबा मौजूद है। यह विडंबना ही है कि अत्याधुनिक तकनीक से लैस अंतरिक्ष यात्री एक ऐसे वातावरण में काम करते हैं, जहां पेंट का एक कण भी प्राणघातक बन सकता है। सात से आठ किलोमीटर प्रति सेकंड की रफ्तार से घूमता मलबा किसी भी मानवीय प्रतिक्रिया से कहीं तेज है। यानी खतरे की स्थिति में निर्णय का समय सेकंड से भी कम होता है। यहां यह सवाल उठता है कि क्या हम अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा को केवल तकनीकी प्रबंधन का विषय मान कर संतुष्ट हो सकते हैं या यह एक गहरे नीति-स्तरीय हस्तक्षेप की मांग करता है?

आज अंतरिक्ष मलबे से बचाव का सबसे अहम आधार है- निगरानी और पूर्व चेतावनी। शक्तिशाली रडार और दूरबीन हजारों वस्तुओं की निगरानी करते हैं। मगर इस व्यवस्था की एक मौलिक सीमा है। केवल बड़े टुकड़ों का ही सटीक रूप से पता किया जा सकता है। लाखों छोटे कण ऐसे हैं, जो निगरानी तंत्र से बाहर हैं। मगर उनके टकराने की संभावना बनी रहती है। इसका अर्थ यह हुआ कि अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा एक आंशिक जानकारी पर आधारित है, पूर्ण नियंत्रण पर नहीं। जब पृथ्वी की कक्षा में घूमता कोई अंतरिक्ष मलबा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के बहुत पास से गुजरने वाला होता है, तब स्टेशन की कक्षा को थोड़ी देर के लिए बदला जाता है। यह उपाय अब अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा का एक नियमित हिस्सा बन चुका है। मगर यही तथ्य अपने-आप में यह बताने के लिए काफी है कि अंतरिक्ष कचरे की समस्या कितनी गंभीर हो चुकी है। कक्षा बदलना देखने में भले ही एक छोटा सा तकनीकी कदम लगे, लेकिन इसके पीछे बड़ी कीमत छिपी होती है। अंतरिक्ष स्टेशन अपने आप नहीं घूमता, बल्कि उसे सही कक्षा में बनाए रखने के लिए लगातार ईंधन की जरूरत पड़ती है। जब भी स्टेशन को ऊपर या नीचे किया जाता है, तो इंजन चलाए जाते हैं। इससे कीमती ईंधन खर्च होता है। यह ईंधन सीमित होता है और भविष्य की आपात स्थितियों के लिए भी बचा कर रखना पड़ता है। यानी हर बार कक्षा बदलने से स्टेशन की जीवन अवधि थोड़ी कम हो जाती है। इसका दूसरा असर स्टेशन के संसाधनों पर पड़ता है। कक्षा बदलने की प्रक्रिया के दौरान वैज्ञानिक प्रयोगों को रोकना पड़ता है।



*आज अंतरिक्ष मलबे से बचाव का सबसे अहम आधार है- निगरानी और पूर्व चेतावनी। शक्तिशाली रडार और दूरबीन हजारों वस्तुओं की निगरानी करते हैं। मगर इस व्यवस्था की एक मौलिक सीमा है। केवल बड़े टुकड़ों का ही सटीक रूप से पता किया जा सकता है। लाखों छोटे कण ऐसे हैं, जो निगरानी तंत्र से बाहर हैं। मगर उनके टकराने की संभावना बनी रहती है। इसका अर्थ यह हुआ कि अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा एक आंशिक जानकारी पर आधारित है, पूर्ण नियंत्रण पर नहीं। जब पृथ्वी की कक्षा में घूमता कोई अंतरिक्ष मलबा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के बहुत पास से गुजरने वाला होता है, तब स्टेशन की कक्षा को थोड़ी देर के लिए बदला जाता है। यह उपाय अब अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा का एक नियमित हिस्सा बन चुका है। मगर यही तथ्य अपने-आप में यह बताने के लिए काफी है कि अंतरिक्ष कचरे की समस्या कितनी गंभीर हो चुकी है। कक्षा बदलना देखने में भले ही एक छोटा सा तकनीकी कदम लगे, लेकिन इसके पीछे बड़ी कीमत छिपी होती है। अंतरिक्ष स्टेशन अपने आप नहीं घूमता, बल्कि उसे सही कक्षा में बनाए रखने के लिए लगातार ईंधन की जरूरत पड़ती है। जब भी स्टेशन को ऊपर या नीचे किया जाता है, तो इंजन चलाए जाते हैं। इससे कीमती ईंधन खर्च होता है। यह ईंधन सीमित होता है और भविष्य की आपात स्थितियों के लिए भी बचा कर रखना पड़ता है। यानी हर बार कक्षा बदलने से स्टेशन की जीवन अवधि थोड़ी कम हो जाती है।*

दीर्घकालिक अभियानों के लिए यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन को दशकों तक काम करने के लिए तैयार किया गया है। मगर बार-बार होने वाले कक्षा परिवर्तन उसकी संरचना, उपकरणों और योजनाओं पर दबाव डालते हैं। जितनी बार ऐसे बदलाव होंगे, उतना ही अधिक जोखिम भविष्य के अभियानों के लिए पैदा होगा। दूसरे शब्दों मे कहें तो मलबे से बचने की कोशिश करते-करते हम खुद अपनी अंतरिक्ष क्षमता को सीमित कर रहे हैं। सबसे अहम बात यह है कि कक्षा बदलना समस्या का समाधान नहीं, बल्कि उसका अस्थायी इलाज है। अंतरिक्ष स्टेशन की कक्षा बदलने की बढ़ती घटनाएं एक बड़ी चेतावनी हैं। वे बताती हैं कि अंतरिक्ष में कचरे का बढ़ता दायरा अब भविष्य का खतरा नहीं, बल्कि वर्तमान की समस्या बन चुका है।

इसलिए कक्षा बदलने को तकनीकी सफलता मानने के साथ-साथ इसे एक चेतावनी संकेत के रूप में भी देखना जरूरी है कि अंतरिक्ष को हमने जितनी तेजी से इस्तेमाल किया है, उतनी ही तेजी से उसे साफ और सुरक्षित बनाने की जिम्मेदारी भी निभानी होगी। हालांकि अंतरिक्ष स्टेशन को विशेष ढालों से सुरक्षित किया गया है, जो छोटे मलबे को झेल सकती हैं, लेकिन बड़ा मलबा अब भी गंभीर खतरा बना हुआ है। आपात स्थितियों के लिए अंतरिक्ष यात्रियों को कठोर प्रशिक्षण दिया जाता है। मगर यह प्रशिक्षण भी उस स्थिति में सीमित हो जाता है, जब टकराव अचानक और विनाशकारी हो। अंतरिक्ष में बढ़ते कचरे से निपटने का स्थायी समाधान बचाव नहीं, बल्कि सफाई है। मगर यही वह बिंदु है, जहां वैश्विक राजनीति और राष्ट्रीय हित आड़े आ जाते हैं। किसका मलबा हटाया जाए? कौन खर्च उठाए? क्या किसी देश का निष्क्रिय उपग्रह दूसरे देश द्वारा हटाया जा सकता है? ये सवाल तकनीक से ज्यादा राजनीतिक हैं। जब तक अंतरिक्ष को साझा विरासत मान कर संयुक्त जिम्मेदारी तय नहीं की जाती, तब तक मलबा हटाने की पहल सीमित प्रयोगों तक ही सिमटी रहेगी। भारत गगनयान मिशन की ओर बढ़ रहा है। इसका अर्थ है कि अंतरिक्ष मलबा अब भारत के लिए भी सैद्धांतिक नहीं, बल्कि प्रत्यक्ष मानवीय जोखिम बन चुका है। यह चेतावनी भी है और अवसर भी। चेतावनी इसलिए कि लापरवाही भविष्य में भारी पड़ सकती है। अवसर इसलिए कि भारत जिम्मेदार और नैतिक अंतरिक्ष शक्ति के रूप में वैश्विक नेतृत्व दिखा सकता है। अंतरिक्ष मानवता की साझा संपदा है, न किसी एक देश की और न किसी एक पीढ़ी की। इसने हमें संचार, विज्ञान और भविष्य के सपने दिए हैं, लेकिन आज वही अंतरिक्ष मलबे से भरता जा रहा है। अंतरिक्ष को गंदा करना आसान है, पर सुरक्षित रखना कठिन। इसके लिए दूरदर्शिता चाहिए, ताकि तात्कालिक लाभ से ऊपर उठकर भविष्य को बचाया जा सके। संयम चाहिए, ताकि हर देश जिम्मेदारी से व्यवहार करे और वैश्विक सहयोग चाहिए, क्योंकि अंतरिक्ष किसी सीमा में नहीं बंधा है।

**- लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

# अमेरिकी राष्ट्रपति के वॉर में क्या चल रहा है?

**नीरज कुमार दुबे**

**देखा** जाये तो अमेरिकी राष्ट्रपति के सार्वजनिक बयानों, नीतिगत संकेतों और सैन्य गतिविधियों से साफ झलकता है कि अमेरिका एक साथ कई मोर्चों पर दबाव बनाने की रणनीति पर काम कर रहा है। आइये आज इसी पर बात करते हैं और आपको तथ्यों के साथ पूरी जानकारी देते हैं कि ट्रंप के निशाने पर इस समय कौन कौन से देश हैं और उनके खिलाफ अमेरिका किस स्तर की तैयारी कर रहा है। देखा जाये तो साल 2026 की शुरूआत वैश्विक राजनीति के लिए एक बेचैन करने वाला संकेत लेकर आई है। दुनिया के नक्शे पर अमेरिका एक बार फिर उस भूमिका में दिख रहा है जिसे वह शीत युद्ध के दौर में निभाता था यानी निर्णायक दबाव डालने वाला सर्वशक्तिमान केंद्र। इस बार मंच पर हैं डोनाल्ड ट्रंप और उनकी भाषा पहले से अधिक तीखी, अधिक उकसाने वाली और अधिक विस्फोटक बनी हुई है। सबसे पहले वेनेजुएला की बात करें तो आपको बता दें कि ट्रंप ने खुद को सार्वजनिक रूप से वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति बताकर अंतरराष्ट्रीय राजनीति की मयार्दा को जानबूझकर तोड़ा है। इसका सीधा संदेश यह है कि अमेरिका अब वेनेजुएला को एक संप्रभु राष्ट्र की तरह नहीं बल्कि अपने प्रभाव क्षेत्र के एक प्रशासित इलाके की तरह देख रहा है। देखा जाये तो वेनेजुएला का सामरिक महत्व केवल राजनीतिक नहीं बल्कि ऊर्जा पर आधारित है। दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडारों में से एक पर नियंत्रण का अर्थ है वैश्विक ऊर्जा बाजार पर प्रभाव। ट्रंप का खुद को कार्यवाहक राष्ट्रपति बताना दरअसल यह बताने का तरीका है कि अमेरिका वहां सत्ता परिवर्तन को



अब छिपाकर नहीं बल्कि खुले तौर पर संचालित करना चाहता है। यह सीधे तौर पर संसाधन नियंत्रण की राजनीति है। इसी कड़ी में क्यूबा को लेकर ट्रंप का रवैया भी ध्यान खींचता है। क्यूबा को तेल आपूर्ति रोकने की धमकी और उसके बाद यह कहना कि मार्को रुबियो का क्यूबा का राष्ट्रपति बनना उन्हें ठीक लगता है, यह सब मजाक नहीं है। यह एक राजनीतिक संदेश है। इसका अर्थ यह है कि अमेरिका अब वैचारिक असहमति को सहन करने के मूड में नहीं है। वह खुले तौर पर यह संकेत दे रहा है कि जो सरकारें उसकी लाइन पर नहीं चलेंगी, उन्हें आर्थिक और राजनीतिक रूप से कुचल दिया जाएगा। देखा जाये तो मार्को रुबियो का नाम लेना प्रतीकात्मक है। एक ऐसा नेता जिसकी पहचान क्यूबा विरोधी राजनीति से जुड़ी रही है, उसे वहां के राष्ट्रपति पद से जोड ?ा यह बताता है कि अमेरिका लोकतंत्र नहीं बल्कि अपने हितों के प्रति वफादार शासन चाहता है। यह बयान भले ही अनौपचारिक हो लेकिन इसके निहितार्थ बेहद गहरे हैं।

ईरान की बात करें तो आपको बता दें कि ट्रंप ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अमेरिका ईरान के लिए बहुत मजबूत सैन्य विकल्पों पर विचार कर रहा है। देखा जाये तो यह कोई सामान्य चेतावनी नहीं है क्योंकि अमेरिका इस समय फारस की खाड़ी से लेकर पश्चिम एशिया तक अपनी सैन्य तैनाती मजबूत कर रहा है। हवाई हमलों से लेकर साइबर और ड्रोन हमलों तक की तैयारी की जा रही है। सवाल यह नहीं है कि हमला होगा या नहीं, बल्कि सवाल यह है कि हमला कब और कितना बड़ा होगा? देखा जाये तो यदि अमेरिका ईरान पर हमला करता है तो इसके परिणाम केवल ईरान तक सीमित नहीं रहेंगे। पूरा पश्चिम एशिया अस्थिर हो सकता है। तेल की कीमतें आसमान छू सकती हैं। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला टूट सकती है। मुस्लिम देशों का रुख इस मामले में एक जैसा नहीं होगा। कुछ देश रणनीतिक मजबूरी में अमेरिका का सीमित समर्थन कर सकते हैं, लेकिन व्यापक इस्लामी दुनिया में इसका तीखा विरोध होगा। यह टकराव क्षेत्रीय से वैश्विक संकट में बदल सकता है। ईरान पर हमले का एक और परिणाम होगा प्रतिशोध। ईरान सीधे या परोक्ष रूप से अपने सहयोगी संगठनों के जरिये जवाब देगा। इसका असर इजरायल से लेकर खाड़ी देशों तक दिख सकता है। इस तरह यह संघर्ष किसी एक मोर्चे पर सीमित नहीं रहेगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि अमेरिका की वैश्विक दादागिरी साफ दिखाई दे रही है। ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप का यह कहना कि अमेरिका ने यदि उस क्षेत्र को नहीं लिया तो उसे चीन या रूस ले लेंगे, यह दशार्ता है कि अमेरिका दुनिया को अब भी एक शतरंज की बिसात मानता है जहां मोहरे उसकी मर्जी से हिलने चाहिए। यह मानसिकता बताती है कि बहुध्रुवीय दुनिया की सच्चाई को स्वीकार करने में अमेरिका अब भी असहज है। अब कोलंबिया की बात करें तो आपको बता दें कि कोलंबिया के राष्ट्रपति का ट्रंप से मिलने जाना एक दबाव भरी परिस्थिति में संवाद का प्रयास है। अमेरिकी धमकियों और दबाव ने कोलंबिया को बातचीत की मेज तक आने के लिए मजबूर किया है। यह अमेरिका की दबाव कूटनीति की सफलता भी है और उसकी सीमाओं का संकेत भी। बहरहाल, जहां तक यह सवाल है कि दुनिया क्या एक और विश्व युद्ध की कगार पर है? इसका उत्तर भले अभी स्पष्ट नहीं हो लेकिन यह तो दिख ही रहा है कि फिलहाल दुनिया एक ऐसे दौर में जरूर है जहां टकराव की रेखाएं गहरी हो रही हैं। अमेरिका बनाम चीन, रूस, ईरान जैसे ध्रुव साफ दिख रहे हैं। अमेरिका की मौजूदा दादागिरी यह दिखाती है कि वह अपने पतन के डर से और अधिक आक्रामक होता जा रहा है।

**- लेखक के निजी विचार हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**16 जनवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | मकर | 06.37 बजे से |
| चंद्र | धनु में | कुंभ | 08.27 बजे से |
| मंगल | मकर में | मीन | 10.00 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 11.31 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृष | 13.11 बजे से |
| शुक्र | मकर में | मिथुन | 15.09 बजे से |
| शनि | मीन में | कर्क | 17.22 बजे से |
| राहु | कुंभ में | सिंह | 19.38 बजे से |
| केतु | सिंह में | कन्या | 21.50 बजे से |
| राहुकाल | | तुला | 00.01 बजे से |
| 10.30 से | | वृश्चिक | 02.16 ब.से |
| 12.00 बजे तक | | धनु | 04.32 बजे से |

**शुक्रवार** 2026 वर्ष का 16 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** माघ (दक्षिण भारत में पौष)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** त्रयोदशी 22.22 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मूल अहोरात्र।
**योग** ध्रुव 21.07 बजे को समाप्त।
**करण** गर 09.22 बजे तदनन्तर वणिज 22.22 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 20° 58'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872591
**जूलियन दिन** 2461056.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रज्जब **तारीख** 26
**विशेष** प्रदोष व्रत, मासिक शिवरात्रि।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore




## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7675** ★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- ■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- ■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- ■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- ■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7674 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |



# 63 साल की सीमा आनंद को 15 साल के लड़के ने किया था प्रपोज?

## इंटरनेट पर हो रही इस नाम की चर्चा

इन दिनों सोशल मीडिया पर हर तरफ बस एक ही नाम छाया हुआ है और वो किसी मॉडल या एक्ट्रेस का नहीं बल्कि एक 63 साल की महिला सीमा आनंद का है. सीमा आनंद अपने खुले विचारों और बेबाक बयानों के साथ-साथ फिजिकल रिलेशनशिप, रिश्तों, जिंदगी और इंसानों की जरूरतों जैसे सेंसिटिव मुद्दों पर खुलकर बात करने और अपनी राय रखने के लिए जानी जाती हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं सीमा आनंद कौन हैं और इन दिनों इनका नाम इंटरनेट पर क्यों छाया हुआ है?

आज के समय में जहां सोशल मीडिया पर शोर मचाना ही असली पहचान माना जाता है, वहीं सीमा आनंद अपने साड़ी लुक, माथे पर बड़ी सी बिंदी, सादगी भरे चेहरे और अपनी मखमली आवाज और शब्दों के जादू से वो कर रही हैं, जिसे करने के लिए बड़े-बड़े दिग्गज भी हिम्मत नहीं जुटा पाते हैं और यही वजह है कि आज की यंग जनरेसन के बीच वो चर्चा में बनी हुई हैं. सीमा आनंद कोई आम हस्ती नहीं बल्कि वो एक वर्ल्ड फेमस स्टोरीटेलर, माइथोलॉजिस्ट और रिलेशनशिप एक्सपर्ट हैं, जो फिजिकल क्लोजनेस और इंसानी जरूरतों (जिसपर लोग आमतौर पर बात करने से कतराते हैं) जैसे विषयों पर ऐसी गरिमा के साथ बात करती हैं कि सुनने वाला बस सुनता रह जाता है. वे जानकारी के साथ-साथ इसकी इंपॉर्टेंस के बारे में भी बताती हैं. लेकिन इन दिनों वे अपनी किसी नई किताब या वीडियो की वजह से नहीं, बल्कि एक ऐसे वाकये को लेकर चर्चा में आ गई हैं, जिसे सुनकर आप भी सन्न रह जाएंगे.

**क्यों ट्रेंड में आया Seema Anand का नाम?**

सीमा आनंद ने हाल ही में एक पॉडकास्ट और इंटरव्यू के दौरान कुछ ऐसा बताया जिसने न सिर्फ इंटरनेट पर नई बहस छेड़ दी बल्कि सीमा आनंद को चर्चा में भी ला दिया और लोग ये जानने के लिए उत्सुक हो उठे की आखिर सीमा आनंद कौन हैं? दरअसल, सीमा ने अपने हालिया इंटरव्यू में बताया कि, उन्हें एक 15 साल के लड़के ने प्रोपज करते हुए अट्रैक्टिव बताया. उन्होंने बताया कि 'उस समय मेरी उम्र 63 साल थी.' उनका यही बयान उन्हें चर्चा में ले आया है.

**किस विषय पर काम करती हैं सीमा आनंद**

बता दें कि, सीमा आनंद महाभारत, पुराण और प्राचीन भारतीय ग्रंथों से जुड़ी कहानियों को आधुनिक नजरिए और बड़े ही आसान और सहज भाषा में पेश करती हैं. खासतौर पर वे महिलाओं, रिश्तों, प्रेम और इंसानी फीलिंग्स से जुड़े पहलुओं पर फोकस करती हैं. इतना ह नहीं सीमा आनंद ने 'The Arts Of Seduction' नाम की किताब भी लिखी है, जिसमें उन्होंने प्राचीन भारतीय ज्ञान को आज के समय के हिसाब से रिश्तों और आकर्षण से जोड़कर समझाया है.



# फुकरे से राहु केतु तक, पुलकित सम्राट ने मनाया नॉर्थ इंडिया के फ्लेवर का जश्न

**अभिनेता** पुलकित सम्राट हमेशा से नॉर्थ इंडिया के प्रति अपने प्यार को खुलकर जाहिर करते आए हैं। अपनी आगामी फिल्म 'राहु केतु' के प्रमोशन के दौरान भी उन्होंने इस बात पर खुलकर चर्चा की कि दिल्ली, शिमला और नॉर्थ इंडिया के बड़े कैनवस पर रची गई कहानियां क्यों आज भी फिल्ममेकर्स और दर्शकों को उतना ही उत्साहित करती हैं। अपनी सुपरहिट फिल्म 'फुकरे' का जिक्र करते हुए पुलकित ने बताया कि किसी भी फिल्म की पहचान गढ़ने में उसके बैकड्रॉप और लोकेशन की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा, 'फुकरे भी दिल्ली में ही प्लॉट है और राहु केतु का भी शिमला-दिल्ली साइड का ही बैकड्रॉप है।' उनके मुताबिक, रीजनल ऑथेंटिसिटी ही कहानी में एक अलग तरह की जान डालती है। नॉर्थ इंडिया के प्रति अपने खास लगाव को जाहिर करते हुए पुलकित ने यह भी कहा कि इस इलाके का फ्लेवर कहीं और देखने को नहीं मिलता। यहां के लोग, यहां की जगहें और यहां की जिंदगी बेहद सच्ची और जीती-जागती महसूस होती है। उन्होंने यह भी बताया कि दर्शकों ने समय के साथ ऐसी कहानियों को खूब अपनाया है, खासकर तब से जब दिबाकर बनर्जी और अमृत शर्मा जैसे फिल्ममेकर नॉर्थ इंडिया और दिल्ली की सांस्कृतिक बारीकियों को बड़े परदे पर लेकर आए हैं। पुलकित के अनुसार, ये निर्देशक इस इलाके को 'रग-रग से' जानते हैं, इसलिए उनकी कहानियां बेहद ऑर्गैनिक और रिलेटेबल लगती हैं। पुलकित मानते हैं कि बार-बार मुंबई को दिखाने के बजाय अब नॉर्थ इंडिया की लोकेशन्स को एक्सप्लोर करना हिंदी सिनेमा के लिए एक ताजगी भरा बदलाव रहा है। उन्होंने कहा, 'यहां के लोग, यहां के लिबाज़, यहां के पहाड़, ये सब आपको और कहीं नहीं मिलते। उनके मुताबिक, जब दर्शक 'राहु केतु' जैसी फिल्में देखते हैं, तो वे सिर्फ कहानी नहीं देखते, बल्कि नॉर्थ इंडिया की हवा और उसकी ऊर्जा को भी महसूस करते हैं। पुलकित ने कहा, 'हमें नॉर्थ इंडिया से बहुत प्यार है। यहां के लोग बेहद अतरंगी, प्यारे, वॉर्म और काफी ईमानदार होते हैं। हर जगह का अपना अलग फ्लेवर होता है। हमने सालों तक फिल्मों में मुंबई नगरी देखी है, लेकिन जब से दिबाकर और अमृत जैसे निर्देशक आए हैं, तब से दिल्ली और नॉर्थ इंडिया का फ्लेवर फिल्मों में ज्यादा दिखने लगा है। जब आप अमृत या दिबाकर की फिल्म देखते हैं, या फिर जब आप राहु केतु देखेंगे, तब भी आप नॉर्थ इंडिया की हवा महसूस कर पाएंगे। ऐसे पहाड़, ऐसे लिबाज़ और ऐसे लोग आपको कहीं और नहीं मिलेंगे।' फिलहाल पुलकित के ये शब्द बॉलीवुड में उभरते उस ट्रेंड की ओर इशारा करते हैं, जहां ज़मीन से जुड़ी, रीजनल कहानियां दर्शकों के दिलों में गहरी जगह बना रही हैं। ऐसे में नॉर्थ इंडिया की आत्मा और सच्चे माहौल के साथ 16 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा और शालिनी पांडे स्टारर 'राहु केतु' दर्शकों को एक जाना-पहचाना, गर्मजोशी भरा और बेहद रियल अनुभव देने का वादा करती है।



## खतरनाक जासूस में

# रूपा का किरदार निभाना रहा मुश्किल : मिथिला पालकर

'त्रिभंगा', 'कारवां' और 'चॉपस्टिक' जैसी फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री मिथिला पालकर के हाथ बड़ा प्रोजेक्ट लगा है। अब मिथिला वीर दास और आमिर खान के साथ काम कर खुद को लकी महसूस कर रही हैं। अभिनेत्री मिथिला पालकर ने आईएएनएस से खास बातचीत में फिल्म से जुड़े अनुभव शेयर किए और ये भी बताया कि आमिर खान के साथ काम करना कैसा लगा। 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस' में मिथिला पालकर ने महत्वपूर्ण रोल प्ले किया है। फिल्म को 'हां' करने के सवाल पर अभिनेत्री ने कहा कि न करने का सवाल ही पैदा नहीं होता है क्योंकि ये मेरे करियर की पहली कॉमेडी फिल्म है और फिल्म से इतने बड़े लोग जुड़े हैं, जिन्होंने अपने करियर में कमाल किया है। फिल्म आमिर खान के प्रोडक्शन में बन रही है और मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। फिल्म 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस' में अपने किरदार पर बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि फिल्म मेरे लिए भी बहुत अलग है। फिल्म में मेरा बोलने का तरीका, चलने का तरीका बिल्कुल अलग है। इस फिल्म के लिए मुझे खुद को अलग नजरिए से परखने का मौका मिला है। फिल्म में मिथिला ने रूपा नाम की बोल्ड और बिंदास लड़की का रोल प्ले किया है। सेट पर शूटिंग के समय मिथिला को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ा क्योंकि कॉमेडी उनके लिए नया जॉनर है। उन्होंने कहा कि रूपा का किरदार निभाना मुश्किल रहा क्योंकि रूपा बोल्ड और बिंदास है, उसकी अलग दुनिया है और शूटिंग के दौरान अपशब्दों से भरे वाले डायलॉग्स मुश्किल रहे। सबसे ज्यादा मुश्किल था वीर को थप्पड़ मारना, क्योंकि रूपा एक ऐसा किरदार है जिसके अंदर गिल्ट नहीं है। उन्होंने आगे बताया कि सेट पर वीर को थप्पड़ मारना था और गिल्ट भी महसूस नहीं करना था। चेहरे के एक्सप्रेशन बदलने भी काफी मुश्किल थे क्योंकि सीन कॉमेडी से भरे थे। लेकिन, वीर ने काफी मदद की थी। उन्होंने कहा था कि तुम सब अपनी लाइनों के साथ खेलो, कॉमेडी खुद-बा-खुद आ जाएगी। आमिर खान प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस' का ट्रेलर दिसंबर में रिलीज हो चुका है और फिल्म 16 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# कमरे में मेरे साथ... प्रीति जिंटा के साथ इस खास इंसान ने की थी ऐसी गंदी हरकत

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रीति जिंटा की मुस्कुराहट और गालों पर पड़ने वाले डिंपल्स ने 90 के दशक में करोड़ों दिलों को अपना गुलाम बना लिया था. प्रीति ने पर्दे पर जितनी बेबाकी दिखाई, असल जिंदगी में उनका संघर्ष और विवाद भी उतने ही तीखे रहे हैं. आज भले ही वे समंदर पार अमेरिका में एक पारिवारिक जीवन जी रही हैं, लेकिन उनकी जिंदगी का एक समय ऐसा भी है, जिसने पूरी फिल्म इंडस्ट्री को हिला कर रख दिया था.

**अभिषेक बच्चन के साथ जुड़ा नाम**

प्रीति जिंटा का नाम फिल्म इंडस्ट्री के कई बड़े नामों के साथ जुड़ा. शुरुआती दौर में जब वे और अभिषेक बच्चन पर्दे पर साथ नजर आए, तो उनके अफेयर की चर्चाएं गलियारों में आम थीं. हालांकि, प्रीति ने हमेशा इन बातों को अफवाह ही करार दिया.

**क्या है पूरा विवाद**

प्रीति की जिंदगी का सबसे बड़ा और दर्दनाक मोड़ था एक बिजनेसमैन की एंट्री. प्रीति जिंटा और दिग्गज बिजनेसमैन नेस वाडिया का रिश्ता कभी बॉलीवुड के सबसे 'पावर कपल्स' में गिना जाता था. दोनों ने केवल प्यार ही नहीं किया, बल्कि साथ मिलकर आईपीएल टीम 'किंग्स इलेवन पंजाब' (अब पंजाब किंग्स) खरीदी.

**नेस और प्रीति की लड़ाई**

नेस और प्रीति को देखकर दुनिया को लग रहा था कि यह जोड़ा जल्द ही शादी के बंधन में बंध जाएगा, लेकिन पर्दे के पीछे कहानी कुछ और ही थी. साल 2014 के आईपीएल के दौरान वानखेड़े स्टेडियम में जो हुआ, उसने सबको सुन्न कर दिया. प्रीति ने नेस वाडिया के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने बेहद गंभीर और रोंगटे खड़े कर देने वाले आरोप लगाए.



# सच्चाई के करीब जाती है क्राइम सीरीज, इमरान हाशमी की सधी हुई एक्टिंग बनी ताकत

'तस्करीः द स्मगलर्स वेब' एक 7 एपिसोड की क्राइम ड्रामा वेब सीरीज है। इसे नीरज पांडे ने फ्राइडे स्टोरीटेलर्स के बैनर में बनाया है। यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। यह स्मगलिंग की उस दुनिया को दिखाती है, जो आम लोगों की नजरों से छुपी रहती है।

कहानी कई देशों से जुडी हुई है। यह बताती है कि तस्करी सिर्फ एक जगह तक सीमित नहीं है, बल्कि एक बड़ा इंटरनेशनल नेटवर्क है। सीरीज की शुरुआत इस बात से होती है कि कैसे महंगी घड़ियां, ब्रांडेड बैग, सोना, विदेशी करेंसी और नशीले पदार्थ एयरपोर्ट के रास्ते एक देश से दूसरे देश पहुंचाए जाते हैं। इसमें दिखाया गया है कि स्मगलर कानून, कस्टम ड्यूटी और सुरक्षा व्यवस्था की कमियों का फायदा कैसे उठाते हैं। इसके बाद कहानी मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंच जाती है। यहां कस्टम्स विभाग की एक टीम इन गैरकानूनी कामों को रोकने की कोशिश करती है।

इस टीम को लीड अर्जुन मीणा (इमरान हाशमी) करता है। वह एक ईमानदार और मेहनती कस्टम्स अधिकारी है। वह नियमों से कोई समझौता नहीं करता। वह पूरे मन से अपना काम करता है। लेकिन जांच के दौरान उसे बार-बार यह एहसास होता है कि तस्कर बहुत चालाक हैं। वे हमेशा कानून से एक कदम आगे रहते हैं। फर्जी कागजात, गुप्त कोड और सिस्टम के अंदर मौजूद लोगों की मदद से वे खुद को बचा लेते हैं।

# 'सलमान खान डायलॉग या सीन की प्रैक्टिस नहीं करते : चित्रांगदा सिंह

**अभिनेत्री** चित्रांगदा सिंह इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ सलमान खान भी लीड रोल में हैं। इंटरव्यू में चित्रांगदा ने फिल्म में काम करने के अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने सलमान के बारे में बात करते हुए कहा कि उनके पास अनुभव का विशाल भंडार है। उनका काम दर्शकों पर गहरा असर छोड़ता है। बात करते हुए चित्रांगदा ने कहा, ''सलमान खान परंपरागत तरीके से तैयारी करने वाले अभिनेता नहीं हैं। वह डायलॉग या सीन की प्रैक्टिस नहीं करते, बल्कि उनका अभिनय स्वाभाविक होता है। वह धीरे-धीरे किरदार की मानसिकता और भावनाओं को समझते हैं, और दर्शकों को यह पता ही नहीं चलता कि उन्होंने इसके लिए कितनी मेहनत की।'' चित्रांगदा ने कहा, ''सलमान का यह तरीका उन्हें ऑन-स्क्रीन हमेशा नया और दिलचस्प बनाता है। उनका अभिनय कभी भी उबाऊ नहीं लगता, क्योंकि वह हर सीन और भाव को सीधे या अनुमानित तरीके से नहीं निभाते, बल्कि अपने अलग अंदाज में पेश करते हैं।' उन्होंने कहा, ''सलमान का सहज और प्राकृतिक होना काम करने वालों के लिए प्रेरणादायक है। वह अपने सह-कलाकारों के साथ हमेशा ताजगी और ऊर्जा के साथ काम करते हैं। उनके साथ काम करना मेरे लिए एक मजेदार और सीखने वाला अनुभव रहा। उन्होंने मुझे यह महसूस कराया कि अनुभव और सहजता का सही मेल किसी भी कलाकार को महान बना सकता है। बात करें अगर फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की, तो इसकी कहानी 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच हुई झड़प पर आधारित है। 15 जून को नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच हिंसक झड़प हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों को जानमाल का नुकसान हुआ। सीमा के पास फायरआर्म्स का इस्तेमाल न करने के समझौते के कारण, सैनिकों ने लाठियों और पत्थरों का इस्तेमाल करते हुए लड़ाई लड़ी थी। फिल्म में सलमान कर्नल बी. संतोष बाबू की भूमिका में नजर आएंगे, जिन्होंने असाधारण साहस के साथ 16 बिहार रेजिमेंट का नेतृत्व किया और मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित हुए थे।



## ➤सोशल मीडिया का है आज का दौर

# किसी भी बात को हल्के में नहीं लिया जा सकता : रश्मि देसाई



**आज** का समय पूरी तरह डिजिटल हो चुका है। छोटे-बड़े ज्यादातर काम ऑनलाइन हो रहे हैं और सोशल मीडिया हर किसी की जिंदगी में गहराई से शामिल हो गया है। ऐसे में अभिनेत्री रश्मि देसाई का कहना है कि अब कोई भी बात या बयान हल्के में नहीं लिया जा सकता। हर शब्द रिकॉर्ड हो जाता है और सोशल मीडिया पर तेजी से फैल सकता है, जिससे गलतफहमी या विवाद पैदा हो सकता है। रश्मि देसाई ने आईएएनएस से बात की, जिसमें बताया कि आज के दौर में बातचीत करते समय बहुत सावधानी और जिम्मेदारी बरतनी जरूरी है। उन्होंने बताया, 'जब हर चीज रिकॉर्ड हो रही हो और कैमरे हर पल कैद कर रहे हों, तो खुलकर बात करना बहुत चुनौतीपूर्ण हो जाता है।' टॉक शो 'रश्मि के दिल से दिल तक' की होस्ट ने कहा, 'यह बहुत मुश्किल है क्योंकि आप ऐसे लोगों से बात करते हैं, जिन्होंने अपनी जिंदगी में कई अनुभव झेले हैं। ऐसे में दूसरों के सामने खुलना आसान नहीं होता, खासकर जब कैमरे ऑन हों। एक बार बात निकल गई तो वह जेरॉक्स की तरह फैल जाती है। लोग छोटी-छोटी क्लिप उठा लेते हैं और अपनी मर्जी से उसका मतलब निकालते हैं। कभी-कभी एक बयान को लेकर पूरी बहस छिड़ जाती है और लोग अपनी-अपनी राय बनाने लगते हैं। रश्मि का मानना है कि आज के समय में सच्चाई और संवेदनशीलता के साथ बात करना सबसे बड़ी चुनौती और जरूरत दोनों है। उनका यह शो लोगों को न सिर्फ मनोरंजन देगा, बल्कि जीवन के कठिन मोड़ों पर भी हिम्मत और प्रेरणा प्रदान करेगा। सोशल मीडिया ने हर किसी को आवाज देने का प्लेटफॉर्म दे दिया है। आज की टेक्नोलॉजी और एआई के इस दौर में, दुनिया के किसी भी कोने में बैठा व्यक्ति अपनी राय भारत तक पहुंचा सकता है। ऐसे माहौल में स्पष्ट बातचीत करना बहुत जरूरी हो जाता है। रश्मि ने बताया कि उनका शो इसी मकसद से बनाया गया है कि लोग दिल से खुलकर बात कर सकें। उन्होंने कहा, 'हम गेस्ट को सहज महसूस कराना चाहते हैं। हम किसी के दिमाग को कंट्रोल नहीं कर सकते, लेकिन हम उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल दे सकते हैं। जिंदगी में बदलाव लगातार आते रहते हैं, इन बदलावों को कैसे स्वीकार किया जाए.

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में 42 निजी स्कूलों ने मान्यता के लिए किया आवेदन

**पटना।** पटना जिले में निजी स्कूलों की प्रस्वीकृति (मान्यता) के लिए शिक्षा विभाग के ई-संबद्धन पोर्टल पर आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अब तक जिले के 42 निजी स्कूलों ने कक्षा 1 से 8 तक की मान्यता के लिए आवेदन किया है। इन स्कूलों की जांच के लिए जिला पदाधिकारी के निर्देश पर पांच सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी में जिला पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा), सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी और संबंधित प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शामिल हैं। जिला शिक्षा कार्यालय के अनुसार, अगले सप्ताह प्रस्वीकृति कमेटी की बैठक होगी। इससे पहले सभी आवेदक स्कूलों का स्थल निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर मान्यता दी जाएगी । नियमों के अनुसार कक्षा 1 से 5 तक 60 बच्चों पर 2 शिक्षक अनिवार्य, 61 से 90 बच्चों पर 3 शिक्षक, 91 से 120 बच्चों पर 4 शिक्षक,121 से 200 बच्चों पर 5 शिक्षक,150 बच्चों पर 5 शिक्षक और 1 प्रधानाध्यापक और 200 से अधिक बच्चों पर छात्र-शिक्षक अनुपात 40 से अधिक नहीं होगा। कक्षा 6 से 8 के लिए शिक्षक व्यवस्था: हर कक्षा में कम से कम 1 शिक्षक, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषा विषय के शिक्षक जरूरी, हर 35 छात्रों पर 1 शिक्षक,100 से अधिक छात्रों पर पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक और कला, स्वास्थ्य व शारीरिक शिक्षा शिक्षक भी होना अनिवार्य हैं।

### 2000 जरूरतमंदों के बीच मकर संक्रांति पर्व मनाया

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के देव प्रखंड के बाबू खडीहा गांव में आज गांव से दूर रह कर भी गांव के प्रति प्रेम की झलक दिखी। यहां 2000 दलित, महादलित, कमजोर और पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ मकर संक्रांति का महापर्व मनाया गया। इस दौरान सभी को चूड़ा, दही, तिलकुट खिलाया गया। साथ ही उन्हें कम्बल देकर विदा किया गया। यह आयोजन पिछले 21 साल से हो रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद की उपाध्यक्ष किरण सिंह, वरीय राजद नेता इंजीनियर सुबोध कुमार सिंह, देव व्यापार मंडल के अध्यक्ष अरविंद सिंह,उदय प्रताप सिंह, संजीव कुमार सिंह उर्फ राजू आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।अपने संबोधन में उपाध्यक्ष ने इस कार्यक्रम की न सिर्फ सराहना की बल्कि इस आयोजन से जुड़े लोगों के प्रति आभार भी व्यक्त किया। जो तन मन धन से निस्वार्थ भाव से इस परमार्थ का काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस ठंड में कांपते बदन को कम्बल का सहारा देकर उन्हें कृतार्थ किया है,उससे बड़ा पुण्य नहीं हो सकता। वरीय राजद नेता सुबोध सिंह ने कहा कि इस आयोजन के सूत्रधार गांव के ही देव कुमार सिंह हैं। जो अभी रामगढ़ रांची के वासी हो गए है। लेकिन गांव से दूर रह कर भी उनकी आत्मा अपने पूरे पंचायत के लोगों के साथ जुड़ी है और पिछले 21 साल से उनके दिशा निर्देश पर यह आयोजन निर्बाध गति से चल रहा है। उन्होंने कहा कि आज अस्वस्थता के कारण वे यहां उपस्थित नहीं हो सके है, लेकिन उनके प्रतिनिधि बनकर उदय प्रताप सिंह यहां मौजूद है। राजद नेता ने कहा कि यहां की मिट्टी का प्यार ही सभी को अपने परिवार और समाज से जोड़ रखा है और यह प्यार आगे भी बरकरार रहेगा।

### थाने से 200 मीटर दूर हत्या, 50 रुपये के विवाद में गई पीएचडी कर्मी की जान

**दरभंगा।** दरभंगा में पीएचडी विभाग के कर्मचारी पवन प्रसाद की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। यह हत्या महज 50 रुपये के किराए के विवाद में दो नाबालिग लड़कों ने की थी। पुलिस ने इस मामले में एक नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस के अनुसार, घटना 9 जनवरी की सुबह करीब चार बजे की है। दोनों नाबालिग दरभंगा रेलवे स्टेशन से ई-रिक्शा पर सवार होकर लहेरियासराय के कमर्शियल चौक पहुंचे थे। वहां उतरने के बाद चालक पवन प्रसाद ने 150 रुपये किराया मांगा, जबकि दोनों लड़के 100 रुपये ही देने पर अड़े थे। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। किराए को लेकर बहस इतनी बढ़ गई कि एक नाबालिग ने जेब से चाकू निकालकर पवन प्रसाद के गले पर वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से पवन सड़क पर गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हत्या के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना लहेरियासराय थाना से महज 200 मीटर की दूरी पर हुई थी, जिससे पुलिस के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो गई थी। एसएसपी जगुनाथ रेड्डी के निर्देश पर पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। फुटेज में दो लड़के घटना के बाद बालोदिया ट्रेडर्स के पास वाली गली से भागते नजर आए। इसके बाद तकनीकी जांच के आधार पर सात दिन बाद एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। मृतक की पहचान बहेड़ी थाना क्षेत्र के रहने वाले पवन प्रसाद के रूप में हुई थी। वह दरभंगा के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी थे और अतिरिक्त आमदनी के लिए पार्ट टाइम ई-रिक्शा चलाते थे।

# चिराग के दही-चूड़ा भोज में शामिल हुए सीएम नीतीश

## नितिन नवीन और एनडीए के बड़े नेता भी पहुंचे, एकजुटता का दिया संदेश

एजेंसी

**पटना।** बिहार में मकर संक्रांति के मौके पर सियासी दही-चूड़ा भोज का सिलसिला गुरुवार को जारी रहा। इसी क्रम में गुरुवार को केंद्रीय मंत्री और लोजपा(रा) प्रमुख चिराग पासवान के दही-चूड़ा भोज में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुए। उन्होने वहां मौजूद सभी लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया।मुख्यमंत्री ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व० रामविलास पासवान के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। नीतीश कुमार ने रामविलास पासवान के राजनीतिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने सामाजिक न्याय और दलित राजनीति को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामविलास पासवान का संघर्ष और उनकी राजनीतिक यात्रा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगी। चिराग के भोज में भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन भी पहुंचे। उनके साथ स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल और भाजपा के प्रदेशअध्यक्ष संजय सरावगी सहित एनडीए के कई बड़े नेता भी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इससे पहले पूर्व सांसद आनंद मोहन के बेटे और जदयू विधायक चेतन आनंद के आवास पर आयोजित दही-चूड़ा भोज में भी शामिल हुए। इस अवसर पर चेतन आनंद ने



मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस आयोजन में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के कई दिग्गज नेताओं की मौजूदगी ने बिहार की सियासत में एकजुटता और भावी रणनीतियों के संकेत दिए। सभी नेताओं ने पारंपरिक अंदाज में दही-चूड़ा का आनंद लिया और एक-दूसरे को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। राजनीतिक गलियारों में इस भोज को केवल सामाजिक आयोजन नहीं, बल्कि आगामी चुनावी समीकरणों के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है। चिराग पासवान ने इस अवसर पर कहा कि मकर संक्रांति का पर्व आपसी भाईचारे और एकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि एनडीए परिवार पूरी मजबूती के साथ बिहार के विकास के लिए एकजुट है और आने वाले समय में जनता के विश्वास पर खरा उतरने का काम करेगा। चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अनुभव और मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार ने विकास के कई नए आयाम छुए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी इस आयोजन को सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि दही-चूड़ा भोज बिहार की सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा है, जो समाज के हर वर्ग को जोड़ने का काम करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनडीए सरकार का लक्ष्य बिहार के हर तबके तक विकास पहुंचाना है और इसके लिए सभी सहयोगी दल मिलकर काम कर रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस तरह के आयोजनों के जरिए एनडीए अपने कार्यकताओं और समर्थकों को एकजुट करने का प्रयास कर रहा है। खासकर ऐसे समय में जब राज्य में राजनीतिक गतिविधियां तेज होती जा रही हैं, दही-चूड़ा भोज जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से गठबंधन की मजबूती का प्रदर्शन किया जा रहा है।

## बेगूसराय की बेटियां 69वीं राष्ट्रीय अंडर-14 खो-खो प्रतियोगिता में दिखाएंगी दम



एजेंसी

**बेगूसराय।** 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी अंडर-14 बालक/बालिका खो-खो खेल प्रतियोगिता का आयोजन का शुरूआत राजस्थान के केकड़ी के पटेल स्टेडियम में कल से होने जा रहा है। यह प्रतियोगिता स्कूली गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा आयोजित प्रतियोगिता का हिस्सा है। यह आयोजन रत्रक्ष्ठक कैलेंडर के अनुसार दिसम्बर 2025 में होना प्रस्तावित था लेकिन अब यह प्रतियोगिता कल दिनांक- 16 जनवरी 2026 से 21 जनवरी 2026 तक चलेगा जिसमें देश के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की लगभग 60 टीमें भाग ले रही है। इस छः दिवसीय प्रतियोगिता में 16 सदस्य वाली बालक वर्ग की 30 एवं बालिका वर्ग की 31 टीमें भाग ले रही है। यह प्रतियोगिता पटेल काम्प्लेक्स में 5 मैदानों पर दिवा-रात्रि मैचों में कई समितियों द्वारा व्यवस्थित की गयी है जिसमें 2800 मैट बिछायी गयी है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खेलो इण्डिया स्माल सेंटर बेगूसराय की प्रशिक्षिका सीमा कुमारी बालिका टीम जिसमें आरुषी कुमारी,आराध्या कुमारी एवं आभा कुमारी शामिल हैं को लेकर रवाना हो गयी है।

## अमन शुक्ला हत्याकांड में मास्टरमाइंड और दो शूटर गिरफ्तार

एजेंसी

**पटना।** राजधानी पटना में सनसनी फैलाने वाले अमन शुक्ला हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस और डीआईयू की टेक्निकल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस ने मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से अवैध हथियार, जिंदा कारतूस, मैगजीन, मोबाइल फोन, नकदी और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

**साजिशकर्ता समेत तीन आरोपी गिरफ्तार :** पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा ने प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि अमन शुक्ला की हत्या 5 लाख रुपये की सुपारी देकर कराई गई थी। उन्होंने बताया कि अमन शुक्ला जेल से छूटने के बाद दोबारा अपने गिरोह को संगठित कर रहा था और पटना में



किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की तैयारी में था। इसी बीच उसके करीबी और दोस्तों ने ही आपसी रंजिश और आपराधिक साजिश के तहत उसकी हत्या की सुपारी दे दी।

**अमन शुक्ला हत्याकांड का खुलासा :** पटना एसएसपी कार्तिकेय के। शर्मा ने बताया कि अनुसंधान और पूछताछ के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि मृतक अमन शुक्ला के द्वारा आपराधिक गतिविधियों से जुड़ी साजिशें की जा रही थीं, जिसको लेकर एक पूर्व सहयोगी के साथ उसका गंभीर विवाद उत्पन्न हो गया था। इसी रंजिश के कारण सुपारी देकर हत्या की साजिश रची गई थी और योजनाबद्ध तरीके से घटना के दिन ही साजिशकर्ता ने पूर्व के एक मामले में कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। एसएसपी ने बताया कि मृतक अमन शुक्ला का आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले भी डकैती के एक मामले में आरोपी रह चुका था। जेल से बाहर आने के बाद उसकी गतिविधियों पर कई लोगों की नजर थी। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले में तकनीकी साक्ष्यों, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और अभियुक्तों से पूछताछ के आधार पर कई अहम जानकारियां मिली हैं।

## पूर्णिया गैंगरेप कांड : हैवानियत के बीच राजनीतिक घमासान, मुख्य आरोपी की सांसद के साथ तस्वीर वायरल

एजेंसी

**पूर्णिया।** पूर्णिया जिले से सामने आई सामूहिक दुष्कर्म की वीभत्स घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी मो. जुनैद सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। लेकिन जुनैद की गिरफ्तारी के बाद जो खुलासे हो रहे हैं, उन्होंने इस मामले को राजनीतिक रंग दे दिया है। घटना चार दिन पहले हुई थी, जब आधा दर्जन बदमाशों ने एक युवती को सरेराह अगवा किया। अपराधियों ने उसे जबरन एक मोटर गैराज में ले जाकर पूरी रात सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता को जबरन शराब पिलाई गई और उसे मानसिक और शारीरिक तौर पर प्रताड़ित किया गया। इस घटना ने एक बार फिर



बिहार में महिलाओं की सुरक्षा और अपराधियों के बेखौफ हौसलों पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

मुख्य आरोपी मो. जुनैद इलाके का रसूखदार शख्सियत बताया जा रहा है। उसकी पत्नी वर्तमान में उप मुखिया हैं और जुनेद का सक्रिय राजनीति में गहरा हस्तक्षेप रहा है। गिरफ्तारी के बाद सोशल मीडिया पर एक तस्वीर तेजी से वायरल हुई, जिसमें जुनैद पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव के साथ नजर आ रहा है। दोनों एक ही माला पहने हुए दिखाई दे रहे हैं, जिससे उनके करीबी रिश्ते का संकेत मिलता है। हालांकि, इस तस्वीर की सटीकता और समय की पुष्टि अभी नहीं हुई है।

विडंबना यह है कि घटना के तुरंत बाद रविवार को सांसद पप्पू यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन पर कड़ा प्रहार किया था। उन्होंने कहा था कि बिहार में कानून का शासन खत्म हो गया है और बहन-बेटियां घर से निकलने में डर रही हैं। अब मुख्य आरोपी की उनके साथ तस्वीर सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर उन्हें घेरा जा रहा है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। स्थानीय लोग और सामाजिक कार्यकताओं ने मांग की है कि राजनीतिक रसूख को किनारे रखकर मामले की निष्पक्ष जांच की जाए।

## मोबाइल व चार्जर के खाली डब्बे से फ्रूटी पैक शराब बारामद

एजेंसी

**बरौनी/बेगूसराय।** जिले में कभी चौर चाचर व दियारे क्षेत्र में नशे की खेती होने की बात चर्चा में रहती थी। लेकिन जब से सरकार द्वारा नशा पर प्रतिबंध लगाया गया, तब से शहरों के व्यवसाई मोटी कमाई के लिए नशा का कारोबार को ही प्राथमिकता दे रहे हैं। चर्चा है कि दूध जिसे अमृत कहा जाता है उसे बेचने वाले घर-घर पहुंचने को परिश्रम करते हैं, लेकिन नशापन करने वालों को, चाहे वह मजदूर हो या युवा वर्ग हर तरह के दुकानो में नशे का सामान उपलब्ध हो रहा है। बताया जाता है कि बीते देर शाम बरौनी नगर परिषद क्षेत्र के दिन दयाल रोड स्थित राधिका मोबाइल सेल्स सेंटर में गुप्त सूचना पर स्थानीय पुलिस ने जब छापामारी की तो मोबाइल के डब्बे एव चार्जर के खाली डब्बे में त्रेता पैक 180 एम एल का 19पीस शराब बरामद हुई। यह देखकर पुलिस प्रशासन भी हैरत में रह गए, किमोबाइल दुकानदार ने मोबाइल और चार्जर के खाली डिब्बे में



छिपाकर रखता था और नशेड़ियों के बीच गुप्त शराब का सप्लाई करता था। पुलिस ने शॉप ओनर रोशन कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है।, गुप्त सूचना पर फुलवरिया थाना पुलिस ने19 पैकेट अंग्रेजी शराब जब्त जप्त किया। फुलवड़िया थानाध्यक्ष विजय सहनी ने इसकी जानकारी पत्रकारों को दी। इन्होंने बताया कि आज शाम ,संध्या गश्ती कर रहे पुलिस पदाधिकरी उपेंद्र कुमार सिंह और पुलिस बल को गुप्त सूचना मिली की थाना क्षेत्र के दीनदयाल रोड स्थित राधिका मोबाइल सेल एंड सर्विस दुकान में शराब की तस्करी किये जा रहे है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू किया गया, तो पहले कुछ नहीं दिख रहा था। जब पुलिस ने दुकान में रखे मोबाइल और मोबाइल एसेसरीज के खाली डिब्बों को खंगालना शुरू किया तो प्रशासन आश्चर्य चकित रह गए। उक्त खाली डब्बों से180 एमएल के फ्रूटी पैक (टेट्रा पैक) वाला 19 पीस अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। पुलिस प्रशासन से बचने के लिए शराब के तस्कर अलग-अलग तरह का पैंतरा अपना रहे हैं। अब तो शराब तस्कर का एक नया तरीका देखकर पुलिस भी चौंक गई, जब मोबाइल दुकान में किए गए छापेमारी में डिब्बे से विदेशी शराब का पैकेट निकलने लगा। आखिर इस तरह के अन्य व्यवसाय करने वाले लोगों के ऊपर भी पुलिस की नजर जाने लगी है।मामला फुलवड़िया थाना क्षेत्र के दीनदयाल रोड बरौनी स्थित राधिका मोबाइल सेल एंड सर्विस सेंटर की है। जहां से की पुलिस ने मोबाइल और मोबाइल एसेसरीज के डिब्बा में छुपाकर रखे गए 19 पैकेट अंग्रेजी शराब के साथ मोबाइल दुकानदार रोहण कुमार को गिरफ्तार किया गया है।मोबाइल दुकानदार रोहण कुमार को गिरफ्तार कर सघन पूछताछ की जा रही है । शराब तस्कर पुलिस की नजर से बचने के लिए शराब के पैक को मोबाइल के खाली डिब्बों और चार्जर के डिब्बे के अंदर छिपा कर रखा था। जो बाहर से देखने पर सामान्य मोबाइल और एसेसरीज का स्टॉक जैसा लग रहा था। पूछताछ और आगे की कार्रवाई चल रही है।

## मछली बनाने को लेकर हुआ विवाद पत्नी ने जहर खाकर दी जान, तीन साल पहले हुई थी लव मैरिज

**सहरसा।** सहरसा जिले से एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां पति-पत्नी के बीच हुए मामूली विवाद ने एक विवाहिता की जान ले ली। बिहरा थाना क्षेत्र में मछली बनाने को लेकर हुए झगड़े के बाद एक महिला ने जहर खा लिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बुधवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान बिहरा थाना क्षेत्र के सिहौल वार्ड नंबर एक निवासी सरोज कुमार की 27 वर्षीय पत्नी अनीता देवी के रूप में हुई है। मछली बनाने से इनकार पर शुरू हुआ विवाद : यह घटना 12 जनवरी की बताई जा रही है। मृतका के देवर अनोज कुमार ने बताया कि उनके भाई सरोज कुमार सुबह मछली खरीदकर घर लाए थे। उन्होंने पत्नी अनीता से मछली बनाने को कहा, लेकिन अनीता ने इससे इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो धीरे-धीरे बढ़ते हुए हाथापाई तक पहुंच गई। उस वक्त घर में मौजूद सास-ससुर और देवर ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया।



## नीतीश कुमार करेंगे 717 करोड़ की विकास योजनाओं की समीक्षा

एजेंसी

**बेतिया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के तहत 16 जनवरी को बेतिया आने वाले हैं। उन्होंने प्रगति यात्रा के दौरान 717.12 करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास किया था। उन सभी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री योजनाओं की जमीनी हकीकत की जानकारी लेंगे। इसके लिए विभाग की ओर से पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन तैयार किया गया है। बता दें कि 23 दिसम्बर 2024 को प्रगति यात्रा के दौरान सीएम ने मझौलिया प्रखंड के धोकराहां पंचायत के शिकारपुर गांव से 545.24 करोड़ की 300 योजनाओं का शिलान्यास किया था, जबकि बगहा-दो प्रखण्ड के घोटवा टोला से 171.88 करोड़ की 39 योजनाओं का शिलान्यास हुआ था। इनमें से कुछेक योजनाएं अभी धरातल पर आरंभ भी नहीं हुई है।

**प्रगति यात्रा की घोषणा और शिलान्यास की योजनाएं :** जल संसाधन विभाग द्वारा 11931.00 लाख रुपये की लागत से जिला अंतर्गत मसान नदी के दाएं तटबंध और संबद्ध कार्य



का शिलान्यास। जल संसाधन विभाग द्वारा 10962.90 लाख रुपये की लागत से चनपटिया प्रखंड (टिकुलिया पंचायत) से मझौलिया प्रखंड (बहुअरवा पंचायत) तक सिकरहना दायां तटबंध निर्माण कार्य का शिलान्यास। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा 5047.47 लाख रुपये की लागत से चनपटिया प्रखंड अंतर्गत तुरहापट्टी पंचायत में बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्य का शिलान्यास।

ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा 914.96 लाख रुपये की लागत से पीपी तटबंध से चारमरहा पथ के साथ हाई लेवल ब्रिज स्पैन चैनल के निर्माण कार्य का शिलान्यास। बेतिया स्टेडियम में आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ इसके पुनर्निर्माण कर उच्च कोटि के स्टेडियम का निर्माण करने की घोषणा। बरबत सेना से आई.टी.आई., सर्किट हाउस, स्टेडियम, प्रेक्षा गृह होते हुए राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बेतिया तक सड़क का चौड़ीकरण की घोषणा। बगहा एवं गोरखपुर की बीच की दूरी कम करने के लिए मदनपुर से पनियहवा (यूपी) तक सड़क (एनएच-727ए) निर्माण की घोषणा। अंतरराष्ट्रीय दोन नहर पर इनरवा से वाल्मीकिनगर तक सड़क का निर्माण कराने की घोषणा।

## नीतीश सरकार लॉन्च करेगी नया पोर्टल, जॉब की टेंशन हो जाएगी खत्म, घर बैठे कर सकेंगे आवेदन

**विभाग रोजगार से जुड़े नियम बनाएगा, योजनाओं को लागू करेगा और युवाओं की मदद के लिए नई सुविधाएं शुरू करेगा**

एजेंसी

**पटना।** बिहार सरकार ने अगले पांच वर्षों में राज्य के एक करोड़ युवाओं को रोजगार और नौकरी देने का लक्ष्य रखा है। इस काम को तय सीमा में पूरा करने के उद्देश्य से युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग का गठन भी किया है। आने वाले दिनों में इस नवगठित विभाग की जवाबदेही और बढ़ेगी। इस विभाग को अब ई-पोर्टल का संचालन, विभिन्न जिलों में रोजगार मेला आयोजित करना और नौकरी से जुड़ी युवाओं की समस्याओं के समाधान का निराकरण भी करना होगा। हाल ही में सरकार ने इस नए विभाग को ठीक से चलाने के लिए 147 नए पद स्वीकृत किए हैं। इन पदों के जरिए विभाग के सभी काम तेजी से पूरे किए जाएंगे। विभाग रोजगार से जुड़े नियम बनाएगा, योजनाओं को लागू करेगा और युवाओं की मदद के लिए नई सुविधाएं शुरू करेगा। मंत्रिमंडल ने प्रस्ताव को स्वीकृत भी कर दिया है। जानकारी के अनुसार, नवगठित विभाग का सबसे अहम कार्य एक ई-पोर्टल का प्रबंधन होगा। इस पोर्टल पर युवा अपनी पढ़ाई और योग्यता के अनुसार नौकरी की जानकारी देख सकेंगे और ऑनलाइन आवेदन भी कर सकेंगे। इस सुविधा के प्रारंभ होने से युवाओं को विभागों के चक्कर नहीं लगाने होंगे। विभाग राज्य के अलग-अलग जिलों में रोजगार मेलों आयोजित करेगा। मेलों में निजी और सरकारी कंपनियां सीधे युवाओं से मिलेंगी और मौके पर ही नौकरी के अवसर उपलब्ध कराएंगी। नया विभाग निजी कंपनियों, उद्योगों और एमएसएमई इकाइयों से भी लगातार संपर्क में रहेगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर पैदा किए जा सकें।

# बिहार विस से साफ हो जाएगी कांग्रेस, सभी विधायक जदयू में हो सकते हैं शामिल

एजेंसी

**पटना।** बिहार की राजनीति में एक बार फिर दलबदल के संकेत मिल रहे हैं। चर्चा है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के सभी छह विधायक पाला बदलकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) में शामिल हो सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो 243 सदस्यों वाली बिहार विधानसभा में कांग्रेस का प्रतिनिधित्व पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा है कि कांग्रेस के सभी छह विधायक मनोहर प्रसाद सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, अभिषेक रंजन, आबिदुर रहमान, मोहम्मद कामरुल होदा और मनोज बिस्वान जदयू नेतृत्व के संपर्क में हैं। हाल ही में पटना स्थित सदाकत आश्रम में आयोजित पारंपरिक दही-चूड़ा भोज से सभी छह विधायकों ने दूरी बनाए रखी। 8 जनवरी को प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम द्वारा बुलाई गई मनरेगा बचाओ अभियान की बैठक में भी



विधायक शामिल नहीं हुए। जदयू के एक वरिष्ठ पदाधिकारी का कहना है कि कांग्रेस विधायक अपनी पार्टी की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट हैं और उनके जदयू में शामिल होना बस कुछ ही दिनों की बात है। विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजों में भाजपा 89 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनी थी, जबकि जदयू को 85 सीटें मिली थीं। यदि कांग्रेस के 6 विधायक जदयू में आते हैं, तो जदयू की संख्या 91 हो जाएगी, जिससे वह भाजपा को पछाड़कर सदन में सबसे बड़ी पार्टी बन जाएगी।

दूसरी ओर, भाजपा भी पीछे नहीं है। वह उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के असंतुष्ट विधायकों पर नजर गड़ाए हुए है ताकि अपना शीर्ष स्थान बरकरार रख सके। एनडीए के घटक दल आरएलएम के 4 में से 3 विधायक रामेश्वर महतो, माधव आनंद और आलोक कुमार सिंह भाजपा के संपर्क में बताए जा रहे हैं। कुशवाहा द्वारा अपने बेटे दीपक को कैबिनेट मंत्री बनाने से पार्टी के विधायक नाराज हैं।

## बांग्लादेश में आम चुनाव से पूर्व रोकी गई आगमन वीजा सेवा

**ढाका।** बांग्लादेश ने 15 जनवरी से 15 फरवरी तक देश में आगमन वीजा जारी करने की सेवा अस्थायी रूप से बंद कर दी है। यह निर्णय देश में आगामी आम चुनाव और जनमत संग्रह को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। बांग्लादेश पड़ोसी देशों जैसे भूटान-नेपाल के लोगों को आमतौर पर आगमन वीजा की सुविधा देता रहा है, लेकिन अब इस सुविधा को आधिकारिक रूप से स्थगित कर दिया गया है और संबंधित देशों की सरकारों को इस बारे में सूचित कर दिया गया है। एक वरिष्ठ बांग्लादेशी अधिकारी ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के हवाले से बताया कि इस एक महीने की अवधि में सभी देशों के नागरिक, जिन्हें आमतौर पर आगमन पर वीजा मिलता था, उसे प्राप्त नहीं कर सकेंगे। हालांकि, इस फैसले का स्पष्ट कारण अभी तक अंतरिम सरकार ने नहीं बताया है, लेकिन इसे आगामी राष्ट्रीय संसदीय चुनाव और जनमत संग्रह से जोड़ा जा रहा है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने सुरक्षा उपायों को सख्त करने और चुनावी हिंसा को रोकने के उद्देश्य से आगमन वीजा स्थगित करने का कदम उठाया है।

## पाकिस्तान में अलग-अलग ऑपरेशन में सात आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने पिछले 48 घंटों में दो अलग-अलग इंटेलिजेंस-आधारित ऑपरेशन में सात आतंकवादियों को मार गिराया है। काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट ने बताया कि बुधवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में किए गए एक ऑपरेशन में तीन आतंकवादी मारे गए। काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट ने विश्वसनीय इंटेलिजेंस पर कार्रवाई करते हुए तीन आतंकवादियों को मार गिराया, जो पुलिस और सुरक्षा बलों पर हमलों में सीधे तौर पर शामिल थे। मारे गए लोगों के पास से तीन कलाश्निकोव राइफल, नौ मैगजीन, दो हैंड ग्रेनेड और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया। सेना ने बताया कि सोमवार को अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक इंटेलिजेंस-आधारित ऑपरेशन के दौरान चार आतंकवादी अलग से मारे गए। सेना की मीडिया विंग, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने बताया कि यह ऑपरेशन कलात जिले में किया गया था। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के ठिकाने पर प्रभावी ढंग से हमला किया और तीव्र गोलीबारीइ के बाद उनमें से चार को मार गिराया।

## उत्तर-पश्चिमी कैमरून में हथियारबंद लोगों ने 15 लोगों को मार डाला

**याउंडे।** उत्तर-पश्चिमी कैमरून में एक हमले में हथियारबंद लोगों ने कम से कम 15 लोगों को मार डाला, जिनमें आठ बच्चे भी शामिल थे। स्थानीय प्रमुख टाटा न्जिशोटो ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि यह हमला सुबह-सुबह गिडाडो में हुआ, जो संघर्षग्रस्त उत्तर-पश्चिमी इलाके के दूरदराज के न्दू क्षेत्र में है। कैमरून के पश्चिमी क्षेत्रों में 2017 से लड़ाई चल रही है, जब अंग्रेजी बोलने वाले अलगाववादियों ने फ्रेंच बोलने वाले बहुमत से अलग होने के मकसद से विद्रोह शुरू किया था। उनका मकसद एक स्वतंत्र अंग्रेजी बोलने वाला राज्य बनाना है।

## ग्रोक नाबालिगों की आपत्तिजनक तस्वीरें बनाता है मुझे इसकी जानकारी नहीं : मस्क

**वाशिंगटन।** अरबपति उद्यमी एलन मस्क ने कहा कि एआई चैटबॉट ग्रोक नाबालिगों की आपत्तिजनक या नग्न तस्वीरें बनाता है इस तरक की किसी भी घटना की उन्हें जानकारी नहीं है। मस्क का यह बयान ऐसे समय आया है, जब ग्रोक को लेकर दुनिया भर में जांच और आलोचना तेज होती जा रही है। सोशल मीडिया पोस्ट पर दिए गए बयान में मस्क ने कहा कि ग्रोक को अवैध अनुरोधों को अस्वीकार करने के लिए प्रोग्राम किया गया है। उसे हर देश या राज्य के कानूनों का पालन करना होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रोक अपने आप कोई तस्वीर नहीं बनाता, बल्कि केवल उपयोगकर्ता के अनुरोध पर ही ऐसा करता है। बता दें कि ग्रोक और एक्स को लेकर वैश्विक स्तर पर दबाव बढ़ रहा है।

## कजाखस्तान में हादसे में भारतीय छात्रा की मौत

**अस्ताना।** कजाखस्तान में हुए भीषण सड़क हादसे में एक भारतीय छात्रा की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। भारतीय दूतावास ने कहा, मृत छात्रा की पहचान मिली मोहन (25) के रूप में हुई है, जो सेमे मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ती थीं। हादसे में आशिका संतोष और जेसीना बी घायल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नशे में थे सिंगर जुबीन गर्ग, लाइफ जैकेट पहनने से कर दिया था मना

**नई दिल्ली।** सिंगापुर की एक कोरोनर कोर्ट को बुधवार को बताया गया कि मशहूर भारतीय सिंगर-सॉन्गराइटर जुबीन गर्ग बहुत ज्यादा नशे में थे और पिछले साल सितंबर में लाइफ जैकेट पहनने से मना करने के बाद लाजरस आइलैंड के पास डूब गए थे। 52 साल के गर्ग 19 सितंबर, 2025 को एक यॉट पार्टी में थे, जब सिंगापुर में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल में परफॉर्म करने से एक दिन पहले उनकी डूबने से मौत हो गई। चैनल न्यूज एशिया की रिपोर्ट के अनुसार, मुख्य जांच अधिकारी ने कोर्ट को जांच की शुरूआत में बताया कि सिंगर ने शुरू में लाइफ जैकेट पहनी थी, लेकिन उसे उतार दिया और बाद में उन्हें दी गई दूसरी जैकेट पहनने से मना कर दिया। चैनल ने अधिकारी के हवाले से बताया कि उस समय गर्ग बहुत ज्यादा नशे में थे और कई गवाहों ने उन्हें यॉट की तरफ तैरने की कोशिश करते देखा, जब वह बेहोश हो गए और उनका चेहरा पानी में डूब गया। गर्ग को तुरंत यॉट पर वापस लाया गया और उन्हें कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) दिया गया, लेकिन उसी दिन बाद में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। कोर्ट को बताया गया कि सिंगर को हाइपरटेंशन और मिर्गी की मेडिकल हिस्ट्री थी, और उनका आखिरी मिर्गी का दौरा 2024 में पड़ा था। हालांकि, यह साफ नहीं है कि घटना वाले दिन उन्होंने मिर्गी की अपनी रेगुलर दवा ली थी या नहीं।

### अंतिम संस्कार से ठीक पहले जिंदा हो गई 103 साल की गंगाबाई, बर्थडे मनाकर लौटे मातम में पहुंचे लोग

**नागपुर।** आपने मौत को चकमा देकर वापस लौटने वाली कहावत कई बार सुनी होगी। हम अक्सर किसी मुश्किल परिस्थिति से लौटने पर इस मुहावरे का प्रयोग कर लेते हैं। लेकिन क्या हो अगर यह मुहावरा सचमुच आंखों के सामने घटित हो जाए? हाल ही में महाराष्ट्र से एक ऐसा ही हैरतअंगेज मामला सामने आया है जहां 103 साल की गंगाबाई को मृत समझ लिया गया। अंतिम संस्कार की पूरी तैयारी भी कर ली गई। लेकिन मातम मनाने आए लोग तब हैरान रह गए जब गंगाबाई का शरीर अचानक हिलने लगा और वे वापस उठ बैठीं। इतना ही नहीं, हैरत की बात यह है कि उसी दिन गंगाबाई का जन्मदिन भी था। घटना नागपुर जिले के रामटेक की है। 103 साल की गंगाबाई सखारे को परिवार के लोगों में मृत मान लिया। सोमवार शाम को गंगाबाई के शरीर की हरकतें बंद होने के बाद परिवार को लगा कि गंगाबाई की मौत हो गई है। परिवार ने अंतिम संस्कार की रस्में शुरू कर दीं और सभी रिश्तेदारों को संदेश भी भेज दिए। मौत की खबर फैलते ही दूर-दराज के इलाकों से रिश्तेदार अंतिम संस्कार के लिए पहुंचने लगे।

### देउबा युग का अंत, गगन थापा बने नेपाली कांग्रेस के नए अध्यक्ष

**काठमांडू।** नेपाली कांग्रेस के दूसरे विशेष महाधिवेशन ने गगन थापा के नेतृत्व में नई केंद्रीय कार्यसमिति का सर्वसम्मति से चयन किया है। विशेष महाधिवेशन से गगन थापा पार्टी अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। इसी तरह, विश्वप्रकाश शर्मा और पुष्पा भुसाल को उपाध्यक्ष चुना गया है। वहीं, महासचिव पद पर गुरु घिमिरे और प्रदीप पौडेल निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। कांग्रेस ने 13 पदाधिकारी और 1 सय 21 केन्द्रीय सदस्य निर्वाचित किया है। इसी के साथ शेर बहादुर देउबा युग का अंत हो गया है। देउबा नेपाली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के साथ ही नेपाल के तीन बार प्रधानमंत्री रहे हैं। देउबा 1995 से 1997, 2001 से 2002 तक, और 2004 से 2005 तक नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। इससे पहले नेपाली कांग्रेस के विशेष महाधिवेशन समर्थक खेमा गगन थापा को ही पार्टी का नया अध्यक्ष मानकर चल रहा था। दरअसल अध्यक्ष पद के लिए केवल थापा का ही नामांकन होने के कारण इसकी संभावना प्रबल हो गई थी। नेपाली कांग्रेस के विशेष महाधिवेशन समर्थकों ने मंगलवार को ही निर्वाचन आयोग को पत्र भेजकर महाधिवेशन की जानकारी दी। वहीं, देउबा पक्ष विशेष महाधिवेशन को अवैध बता रहा था।

# ईरान और अमेरिका के बीच कभी भी छिड़ सकती है जंग

एजेंसी

**तेहरान।** क्या अमेरिका और ईरान के बीच जंग होने वाली है? यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि पश्चिम एशिया में फिलहाल हालात ऐसे ही बनते दिख रहे हैं। अमेरिका और ब्रिटेन की ओर से अपने नागरिकों को ईरान न जाने की सलाह दी गई है। इसके अलावा ईरान ने अपना एयरस्पेस कमर्शल फ्लाइट्स के लिए बंद कर दिया है। इससे साफ है कि दोनों तरफ से सतर्कता बरती जा रही है और तनाव को देखते हुए जंग की आशंका बढ़ गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तो लगातार ईरान को जंग और सैन्य कार्रवाई की धमकी दे रहे हैं। वहीं ईरान का कहना है कि ऐसी किसी भी स्थिति में जो आग भड़केगी वह पूरे इलाके को चपेट में लेगी।

वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति के हवाले से एनसीबी न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि ट्रंप लंबी जंग नहीं चाहते हैं। उन्होंने अपने सुरक्षा सलाहकारों से ईरान के खिलाफ ऐसे ऐक्शन पर विचार करने को कहा है, जिससे एक निर्णायक कदम उठाया जा सके। वह



नहीं चाहते कि ईरान के खिलाफ महीनों लंबी जंग चले। ऐसे में संभावना है कि अचानक ही ईरान पर कोई बड़ा अटैक हो सकता है। अमेरिकी नहीं चाहता कि वह ईरान के खिलाफ किसी भी तरह के जमीनी संघर्ष में शामिल हो। हालांकि अमेरिकी सलाहकार इस बात को लेकर आश्वस्त नहीं हैं कि किसी एक हमले से ईरान की कमर तोड़ी जा सकती है।

उनकी चिंता यह है कि ईरान भी हमले का जवाब देगा और मिडल ईस्ट में अमेरिकी ठिकानों को नुकसान पहुंच सकता है। इराक, सीरिया समेत कई देशों में अमेरिका के ठिकाने हैं, जो ईरान के टारगेट में आ सकते हैं। इसके अलावा ईरान को जवाब देने के लिए इस इलाके में अमेरिका के पास बहुत ज्यादा एसेट्स भी नहीं हैं। इस बीच खबर है कि ट्रंप प्रशासन की ओर से छोटे और टारगेट अटैक किए जा सकते हैं। इसके बाद यदि ईरान की प्रतिक्रिया आती है तो फिर जवाबी कार्रवाई की जाएगी। अमेरिका यह नहीं चाहता कि वह खुद बड़ा अटैक करे। ऐसी स्थिति में ईरान को थोड़ा उकसाने के बाद ही संघर्ष शुरू करने की तैयारी है।

## ब्राजील के राष्ट्रपति ने वेनेजुएला मुद्दे पर व्लादिमीर पुतिन से की बात

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने वेनेजुएला की स्थिति और लैटिन अमेरिका में बढ़ते तनाव पर चर्चा की। क्रेमलिन के अनुसार, दोनों देशों ने वेनेजुएला की संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों के समर्थन पर सहमति जताई। साथ ही संयुक्त राष्ट्र और ब्रिक्स जैसे मंचों पर मिलकर तनाव कम करने के प्रयास जारी रखने का फैसला किया गया।

**मादुरो शासन में बंद कैदियों की रिहाई जारी रहेगी :** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने कहा है कि पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के दौर में हिरासत में लिए गए कैदियों की रिहाई की प्रक्रिया जारी रहेगी। उन्होंने इसे देश में नए राजनीतिक दौर की शुरूआत बताया। मानवाधिकार संगठनों के मुताबिक अब तक कम से कम 68 कैदियों को रिहा किया जा चुका है। यह कदम अमेरिका की शर्तों को पूरा करने और अंतरराष्ट्रीय दबाव कम करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।


## नासा का ऐतिहासिक फैसला

# पहली मेडिकल इवैकुएशन में चार अंतरिक्ष यात्रियों की आईएसएस से धरती पर वापसी

एजेंसी

**वाशिंगटन।** नासा ने अपने 65 वर्षों के मानव अंतरिक्ष उड़ान इतिहास में पहली बार एक ऐतिहासिक और संवेदनशील फैसला लेते हुए मेडिकल इवैकुएशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी पर वापस बुला लिया है। यह मिशन तय समय से एक महीने पहले ही समाप्त कर दिया गया।

**4 अंतरिक्ष यात्रियों की धरती पर वापसी :** नासा, रूस और जापान के इन चार अंतरिक्ष यात्रियों ने बुधवार को स्पेस स्टेशन से विदाई ली और वे स्पेसएक्स कैप्सूल के जरिये गुरुवार तड़के कैलिफोर्निया के सैन डिएगो तट के पास प्रशांत महासागर में उतरने वाले हैं। इस मिशन में शामिल नासा की अंतरिक्ष यात्री जेना कार्डमैन ने भावुक होते हुए कहा हमारी वापसी का समय अचानक बदला, लेकिन सबसे खूबसूरत बात यह




रही कि यह टीम एक परिवार की तरह एक-दूसरे का ख्याल रखती रही। हालांकि नासा ने उस अंतरिक्ष यात्री की पहचान उजागर नहीं की, जिसे चिकित्सकीय देखभाल की आवश्यकता थी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यात्री की हालत स्थिर और सुरक्षित है तथा यह फैसला पूरी सावधानी के साथ लिया गया है ताकि धरती पर बेहतर मेडिकल जांच संभव हो सके। नासा ने यह भी साफ किया कि यह कोई आपात स्थिति नहीं थी, लेकिन अंतरिक्ष में रहते हुए इलाज में देरी करना जोखिम भरा हो सकता था। इसलिए मिशन को छोटा करने का निर्णय लिया गया।

# अमेरिकी धमकियों के बीच एक हुए शिया और सुन्नी मुसलमान देश, ईरान को सऊदी अरब से संदेश

एजेंसी

**तेहरान।** अमेरिका की ओर से ईरान को लगातार हमले की धमकियां दी जा रही हैं। इस बीच इस्लामिक जगत में शिया और सुन्नी मुसलमान देशों के बीच के मतभेद खत्म होते दिख रहे हैं। अमेरिकी हमले की स्थिति में सऊदी अरब ने ईरान को भरोसा दिया है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल नहीं होने देगा। सऊदी अरब ने ईरान को बताया है कि वह अपनी जमीन का उसके खिलाफ हमलों में इस्तेमाल नहीं होने देगा। यही नहीं वह अपने एयरस्पेस से भी ऐसे किसी लड़ाकू विमान को गुजरने नहीं देगा, जिसका मकसद ईरान पर हमला करना हो। सऊदी अरब की ओर से ईरान को मिला यह भरोसा अहम माना जा रहा है।

वॉशिंगटन से कई बार ईरान को धमकी मिल चुकी है, जिसमें उसने कहा कि यदि प्रदर्शनकारियों पर सख्ती बरती गई तो वह सैन्य हस्तक्षेप करेगा। सऊदी अरब को अमेरिका के करीबी दोस्तों में शुमार किया जाता है। इसके अलावा शिया और सुन्नी विवाद के कारण भी



ईरान और सऊदी अरब के बीच एक दूरी रही है। ऐसे में सऊदी अरब की तरफ से ईरान को भरोसा दिया जाना बड़ा संकेत है। खासतौर पर तब जबकि पाकिस्तान समेत किसी भी इस्लामिक देश ने ईरान के साथ एकता की बात नहीं की है। पाकिस्तान अकसर इस्लामिक एकता का राग अलापता रहा है, लेकिन अमेरिकी की ओर से ईरान को मिल रही धमकियों के बाद भी वह चुप है।

**अमेरिका के मिडल ईस्ट में कई ठिकाने, सऊदी अरब में भी :** सऊदी विदेश मंत्रालय के एक सूत्र ने एएफपी को बताया, हमारी ओर से ईरान को स्पष्ट कर दिया गया है कि सऊदी अरब उसके खिलाफ किसी भी अलायंस का हिस्सा नहीं बनेगा। इसके अलावा हम ईरान पर हमले के लिए अपनी जमीन और एयरस्पेस का भी इस्तेमाल नहीं होने देंगेइ अमेरिका के मिडल ईस्ट में कई ठिकाने हैं। इनमें से कुछ सऊदी अरब में भी हैं। माना जाता रहा है कि ईरान और अमेरिका के बीच छिड़ी जंग में सऊदी अरब़ किसी का पक्ष नहीं लेगा। उसका अब भी ऐसा ही स्टैंड है, लेकिन ईरान को उसने जो भरोसा दिया है, वह अहम है। बता दें कि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव इस कदर है कि तेहरान ने एयरस्पेस बंद कर दिया है।

## विजय की फिल्म जन नायकन के मेकर्स को सुप्रीम कोर्ट से लगा झटका

**नई दिल्ली।** अभिनेता विजय की फिल्म जन नायकन के मेकर्स ने फिल्म की रिलीज को लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। मगर, वहां से मेकर्स को झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिलने के लिए की गई निमार्ताओं की याचिका को सुनने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रोड्यूसर्स से राहत के लिए मद्रास हाई कोर्ट की डिविजन बेंच से संपर्क करने को कहा है। विजय की फिल्म के मेकर्स की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट को भी निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट से विजय-स्टारर तमिल फिल्म जना नायकन के प्रोड्यूसर की याचिका पर 20 जनवरी को फैसला करने को कहा है। फिल्म जन नायकन की रिलीज डेट 9 जनवरी थी, लेकिन इसे सेंसर से सर्टिफिकेट नहीं मिला था। ऐसे में फिल्म निमार्ताओं ने मद्रास हाई कोर्ट का रुख किया। 9 जनवरी को मद्रास हाई कोर्ट के एक सिंगल जज की बेंच ने सेंसर बोर्ड का आदेश दिया कि फिल्म को सेंसर सर्टिफिकेट दिया जाए।

# अब मिलेगी जाम से मुक्ति, दिल्ली में शुरू होने वाली है राइट-लेफ्ट पार्किंग योजना

## योजना के तहत अब रोज सड़क के दोनों तरफ गाड़ियां खड़ी नहीं की जा सकेंगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाजारों की संकरी सड़कों पर रोजाना लगने वाले भारी जाम को सुलझाने के लिए, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार को एक अनोखा प्रयोग शुरू किया है। दक्षिण दिल्ली के कालकाजी स्थित कृष्णा मार्केट में राइट-लेफ्ट पार्किंग (दाएं-बाएं पार्किंग) नाम की एक नई पहल की शुरूआत की गई है। इस योजना के तहत, अब रोज सड़क के दोनों तरफ गाड़ियां खड़ी नहीं की जा सकेंगी। इसके बजाय, एक दिन सड़क के एक तरफ (जैसे बाईं ओर) पार्किंग होगी और अगले दिन दूसरी तरफ (दाईं ओर)। इसका उद्देश्य उस अफरा-तफरी को खत्म



करना है, जिसकी वजह से बाजारों की मुख्य सड़कें अक्सर बंद हो जाती हैं।

**एक्सपर्ट्स को एक बात की दिक्कत :** ट्रैफिक पुलिस के एडिशनल कमिश्नर दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि फिलहाल सड़कों के दोनों तरफ गाडि?ां खड़ी होने से आने-जाने वालों के लिए बहुत दिक्कत होती है।

उन्होंने कहा, अगर गाडियां सिर्फ एक तरफ खड़ी होंगी, तो सड़क पर काफी जगह बच जाएगी और दोनों तरफ का ट्रैफिक आसानी से निकल सकेगा। हालांकि, कुछ विशेषज्ञ इस योजना को लेकर थोड़े संशय में हैं। उनका मानना है कि इतने जटिल नियम को रोजाना सही तरीके से लागू करना और लोगों को इसके लिए मनाना काफी मुश्किल भरा काम हो सकता है।

**डीटीसी कर्मचारी होंगे तैनात :** अधिकारियों का कहना है कि एक बार यह प्रोजेक्ट पूरी तरह फाइनल हो जाने के बाद, वे पार्किंग की पाबंदियों का एक निश्चित शेड्यूल (समय-सारणी) तैयार करेंगे। इसके साथ ही, बाजारों में आने-जाने वालों की सुविधा के लिए साइनबोर्ड और सड़कों पर निशान भी लगाए जाएंगे। ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी और उनके साथ करीब 1,200 डीटीसी कर्मचारी इन मार्केट में तैनात रहेंगे ताकि यह पक्का किया जा सके कि लोग नियमों का पालन कर रहे हैं।

# अमेरिकी यूनिवर्सिटी के खिलाफ भारतीय छात्रों की जीत

## पालक पनीर की खुशबू पर विवाद

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों के साथ भेदभाव का एक मामला अब अंतरराष्ट्रीय बहस का विषय बन गया है। भारतीय पीएचडी छात्र आदित्य प्रकाश और उर्मि भट्टाचार्य ने अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑ$फ कोलोराडो बोल्डर के खिलाफ नस्लीय भेदभाव और प्रताड?ा का आरोप लगाते हुए कानूनी लड़ाई लड़ी। यह मामला एक साधारण से दिखने वाले लंच विवाद से शुरू हुआ, लेकिन आखिरकार 1.8 करोड़ रुपये के नागरिक अधिकार समझौते पर जाकर खत्म



हुआ। यह पूरा मामला सितंबर 2023 का है, जब आदित्य प्रकाश ने यूनिवर्सिटी के विभागीय किचन में माइक्रोवेव में अपना खाना गर्म किया। बताया गया कि उस दिन उनके खाने में पालक पनीर था। इसी दौरान एक स्टाफ सदस्य ने कथित तौर पर खाने की खुशबू को लेकर शिकायत करते हुए उनसे माइक्रोवेव का इस्तेमाल न करने को कहा। आदित्य ने जवाब दिया कि यह सिर्फ खाना है, वह उसे गर्म कर रहे हैं और तुरंत चले जाएंगे। यहीं से विवाद ने तूल पकड़ लिया।

**भेदभाव और प्रतिशोध के आरोप :** आदित्य और उर्मि का कहना है कि इस घटना के बाद हालात तेजी से बिगड़ते चले गए। आदित्य को बार-बार वरिष्ठ फैकल्टी के सामने बुलाया गया और कहा गया कि उनकी वजह से स्टाफ असुरक्षितइ महसूस कर रहा है। वहीं उर्मि भट्टाचार्य को बिना किसी स्पष्ट कारण के अपनी टीचिंग असिस्टेंट की नौकरी से हटा दिया गया।



## बांग्लादेश में क्रिकेटरों की हड़ताल से संकट, नहीं हुए मैच, बोर्ड झुका, डायरे टर को नोटिस दिया

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्डने अपने क्रिकेटरों के बायकॉट की धमकी के बाद आखिरकार अपनी चुप्पी तोड़ी है। बीसीबी ने अपने डायरेक्टर एम. नजमुल इस्लाम के विवादित 'इंडिया एजेंट' कमेंट पर बांग्लादेशी क्रिकेटरों से खेद जताते हुए माफी मांगी है। साथ ही इस्लाम को इस मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। हालांकि इस मुद्दे पर एकजुट हुए बांग्लादेशी क्रिकेटर फिलहाल शांत होते हुए नहीं दिख रहे हैं। क्रिकेटरों की संस्था सीडब्ल्यूएबी ने नजमुल इस्लाम के इस्तीफा देने तक बायकॉट जारी रहने का ऐलान किया है। इसके चलते ढाका क्रिकेट लीग में गुरुवार सुबह के लिए शेड्यूल चारों मैच शुरू नहीं हो पाए हैं। साथ ही गुरुवार शाम को बांग्लादेश प्रीमियर लीग के मैचों पर भी संकट खड़ा हो गया है। बता दें कि मुस्तफिजुर रहमान को से निष्कासित करने के बाद बांग्लादेश ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के मैच भारत से शिफ्ट करने की मांग रखी हुई है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने फिलहाल ये मांग नहीं मानी है। इसे लेकर बांग्लादेश और भारत के बीच विवाद चल रहा है। ऐसे में कई बांग्लादेशी क्रिकेटरों ने बयान दिए थे, जिसके बाद बीसीबी डायरेक्टर नजमुल इस्लाम ने पूर्व कप्तान तमीम इकबाल समेत कई क्रिकेटरों को 'इंडिया एजेंट' कहकर पुकारा था। इस पर क्रिकेटर भड़के हुए हैं।

## वेसली सो नें जीता टाटा स्टील इंडिया लिट्ज़ का खिताब



**कोलकाता, एजेंसी।** यूएसए के ग्रांड मास्टर वेसली सो नें टाटा स्टील इंडिया ब्लिट्ज़ का खिताब अपने नाम कर लिया है , अंतिम तीन राउंड मे भारत के अर्जुन एरीगैसी को पीछे छोड़ते हुए खिताब अपने नाम कर लिया । वहीं भारत के निहाल सरीन नें रैपिड के बाद ब्लिट्ज़ में भी शानदार खेल दिखाते हुए दूसरे स्थान हासिल किया और अर्जुन तीसरे स्थान पर रहे । दोनों प्रतियोगिताओ में निहाल सर्वश्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ी रहे । रैपिड जहां 9 राउंड का टूर्नामेंट था तो ब्लिट्ज़ कुल 18 राउंड का मुक़ाबला था और 15वें राउंड तक अर्जुन की जीत तय नजर आ रही थी पर अर्जुन का अंतिम राउंड में फिसलना यहाँ भी जारी रहा और पहले नीमन हंस फिर प्रज्ञानन्दा से हारकर वह खिताब की दौड़ में पिछड़ गए । वही निहाल सरीन नें अंतिम राउंड में चीन के वे यी को मात देते हुए टाईब्रेक में दूसरा स्थान हासिल कर लिया । अंत में 12 अंको के साथ वेसली सो पहले तो 11 अंको पर टाईब्रेक के आधार पर निहाल दूसरे और अर्जुन तीसरे स्थान पर रहे । महिला वर्ग में भारत की वन्तिका अग्रवाल और यूएसए की यीप करसिया नें 10.5 अंक बनाए पर टाईब्रेक में यीप पहले स्थान पर रही ।



# अंडर-19 विश्व कप 2026 : भारत का विजयी आगाज अमेरिका को डकवर्थ लुइस नियम से 6 विकेट से हराया


एजेंसी

**बुलावायो (जिम्बाब्वे)।** आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2026 का उद्घाटन मुकाबला गुरुवार को भारत और अमेरिका (यूएसए) के बीच खेला गया, जिसमें भारतीय टीम ने डीएलएस पद्धति (डकवर्थ लुइस) के तहत यूएसए को छह विकेट से मात देकर टूनार्मेंट की शानदार शुरूआत की। यह मुकाबला बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर आयोजित हुआ। भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, जिसे भारतीय गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन से सही साबित किया। यूएसए की टीम 35.2 ओवर में 107 रन पर सिमट गई।

अमेरिकी टीम की ओर से नितीश सुदिनी ने सर्वाधिक 36 रन बनाए। इसके अलावा अदनीत झाम्ब (18), साहिल गर्ग और अर्जुन महेश (16-16) ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। कप्तान उत्कर्ष श्रीवास्तव और ऋषभ शिम्पी खाता नहीं खोल पाए। भारत की गेंदबाजी में हेनिल पटेल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट झटके और विपक्षी बल्लेबाजी की रीढ़ तोड़ दी। दीपेश देवेंद्रन, आरएस अंबरीश, खिलान पटेल और वैभव सूर्यवंशी को एक-एक सफलता मिली। 108 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय पारी के दौरान बारिश ने खलल डाला। चार ओवर में भारत ने 21 रन पर एक विकेट गंवाया था, तभी मैच रोकना पड़ा। बारिश के बाद मुकाबले को 37 ओवर का कर दिया गया। पुनः खेल शुरू होने पर भारत ने कुछ जल्दी विकेट गंवाए। वैभव सूर्यवंशी (2), वेदांत त्रिवेदी (2), कप्तान आयुष म्हात्रे (19) और विहान मल्होत्रा (18) पवेलियन लौट गए, जिससे स्कोर दबाव में आ गया।

इसके बाद अभिज्ञान कुंडू और कनिष्क चौहान ने जिम्मेदारी संभाली और संयमित बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत के करीब पहुंचाया। अभिज्ञान कुंडू अर्धशतक से चूक गए, लेकिन उन्होंने 41 गेंदों में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 42 रन बनाकर भारत को जीत दिलाई। कनिष्क चौहान ने 10 रन का योगदान दिया। भारत ने 17.2 ओवर में चार विकेट खोकर संशोधित लक्ष्य हासिल कर लिया और मुकाबला डीएलएस नियम के तहत छह विकेट से अपने नाम किया। गौरतलब है कि अंडर-19 विश्व कप 2026, 50 ओवर प्रारूप में खेला जा रहा इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट का 16वां संस्करण है, जिसमें कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। भारतीय टीम अब अपना अगला मुकाबला 17 जनवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी।

## इंडिया ओपन 2026 : लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, प्रणय और श्रीकांत बाहर



**नई दिल्ली।** इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूनार्मेंट में भारत की एकल खिताब की उम्मीदें गुरुवार को लक्ष्य सेन के कंधों पर टिक गईं। लक्ष्य ने प्री-क्वार्टरफाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए सीधे गेम में जीत दर्ज कर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली, जबकि एच. एस. प्रणय और किदांबी श्रीकांत को तीन-तीन गेम तक चले मुकाबलों में हार का सामना कर टूनार्मेंट से बाहर होना पड़ा। लक्ष्य सेन ने जापान के केंटा निशिमोटो को 50 मिनट में 21-19, 21-10 से हराया। क्वार्टरफाइनल में अब उनका सामना चीनी ताइपे के लिन चुन-यी से होगा। वहीं, एच. एस. प्रणय को सिंगापुर के आठवीं वरीयता प्राप्त और पूर्व विश्व चैंपियन लो केन यू के खिलाफ कड़े मुकाबले में 21-18, 19-21, 14-21 से हार झेलनी पड़ी। 58 मिनट तक चले इस मैच को कोर्ट पर पक्षियों की बीट गिरने के कारण दो बार रोकना पड़ा। किदांबी श्रीकांत भी निर्णायक गेम में हार से नहीं बच सके। उन्हें पांचवीं वरीयता प्राप्त फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ 1 घंटे 6 मिनट चले मुकाबले में 14-21, 21-17, 17-21 से पराजय का सामना करना पड़ा। महिला एकल में भारत की चुनौती समाप्त हो गई, जहां मालविका बंसोड़ को पांचवीं वरीयता प्राप्त चीन की हान यूए से 18-21, 15-21 से हार मिली।

# फीफा वर्ल्ड कप : 50 करोड़ टिकट्स की डिमांड!

### *फीफा विश्व कप पर बढ़ रही है सुरक्षा को लेकर चिंता !*

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए टिकट रिक्वेस्ट 500 मिलियन पार कर गई हैं, जो वैश्विक उत्साह को दर्शाती हैं। लेकिन महंगे टिकट, सुरक्षा चिंताओं और अमेरिकी राजनीतिक अस्थिरता ने फैंस में बेचैनी पैदा कर दी है। हजारों फैंस टिकट प्रोसेस से बाहर हुए हैं और फीफा अब सुरक्षा व प्रतिष्ठा को लेकर इमरजेंसी प्लानिंग कर रहा है। फीफा वर्ल्ड कप 2026 को लेकर दुनियाभर में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। फीफा के मुताबिक, सिर्फ एक महीने में 500 मिलियन (50 करोड़) से ज्यादा टिकट रिक्वेस्ट दर्ज की गईं। यह संख्या खुद में रिकॉर्ड है और बताती है कि दुनिया आज भी वर्ल्ड कप को लेकर कितनी दीवानी है। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैनटिनो ने कहा, 'महज एक महीने में पांच लाख टिकटों के लिए अनुरोध आना सिर्फ मांग से कहीं अधिक है - यह एक वैश्विक संदेश है। 'हमारी एक ही खेद है कि हम हर फैन को स्टेडियम में जगह नहीं दे सकते।' टिकट रिक्वेस्ट फीफा के सभी 211 सदस्य देशों से आईं। मेजबान देशों (यूएसए, कनाडा, मेक्सिको) को छोड़कर सबसे ज्यादा डिमांड जर्मनी, इंग्लैंड, ब्राज़ील, स्पेन, पुर्तगाल, अर्जेंटीना और कोलंबिया से रही।

### किन मैचों की सबसे ज्यादा मांग ?

सबसे ज्यादा टिकट रिक्वेस्ट कोलंबिया बनाम पुर्तगाल (मियामी, 27 जून) के लिए आईं। इसके बाद, मेक्सिको बनाम दक्षिण कोरिया (गुआडालाजारा, 18 जून) और फाइनल (न्यू जर्सी, 19 जुलाई) मैचों के लिए रिक्वेस्ट आईं। लॉटरी रिजल्ट की घोषणा पांच फरवरी से पहले नहीं की जाएगी।



### सुरक्षा और अशांति पर सवाल

उत्साह के साथ चिंता की एक परत भी जुड़ रही है। अमेरिकी शहरों में राजनीतिक तनाव, गोलीबारी की घटनाएं और कानून-व्यवस्था को लेकर आशंकाएं फैंस को हतोत्साहित कर रही हैं। रोया न्यूज के मुताबिक, 16,800 फैंस ने टिकट प्रोसेस से खुद को रातोंरात बाहर कर लिया, जिनमें से कई ने सोशल मीडिया पर बॉयकॉट कैंपेन को समर्थन दिया। कई विदेशी समर्थकों ने सुरक्षा, पुलिसिंग और संभावित अशांति की चिंताओं का हवाला दिया। मिनियापोलिस में आईसीई संबंधी गोलीबारी घटना के बाद फैंस के बीच डर और बढ़ गया।

## क्रिकेट का महाकुंभ : फैंस में भारत-पाक मैच का जुनून



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत-पाकिस्तान टी20 विश्व कप मुकाबले के टिकटों की बिक्री शुरू होते ही बुधवार को आधिकारिक वेबसाइट 'बुकमायशो' ठप (क्रैश) हो गई। पुरुषों के टी20 विश्व कप के लिए टिकटों की दूसरी चरण की बिक्री शुरू होने के कुछ ही मिनटों बाद कोलंबो में होने वाले इस बहुप्रतीक्षित मैच को लेकर भारी मांग उमड़ पड़ी। इस चरण में भारत-पाकिस्तान मुकाबले के टिकट शामिल किए गए थे, जिसके चलते वेबसाइट पर ट्रैफिक अचानक बहुत बढ़ गया। एक साथ बड़ी संख्या में लोगों के लॉगिन करने और टिकट खरीदने की कोशिशों के कारण वेबसाइट के सर्वर दबाव नहीं झेल पाए और ठप हो गए। सूत्र ने बताया, कई उपयोगकर्ताओं ने लेनदेन विफल होने और लंबे समय तक इंतजार की शिकायत की।

### तीसरे वनडे के लिए न्यूज़ीलैंड के खिलाफ भारत की संभावित प्लेइंग 11

# नितीश कुमार रेड्डी हुए बाहर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ दूसरे वनडे में शानदार वापसी की और 7 विकेट से जीत दर्ज करते हुए सीरीज को 1-1 से बराबर कर लिया। अब दोनों टीमों के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का तीसरा मैच 18 जनवरी यानी रविवार को इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला जाएगा।

तीसरे वनडे मैच में भारत के पास सीरीज जीतने का मौका होगा, लेकिन इसके लिए भारतीय टीम को काफी संभलकर खेलने की जरूरत होगी क्योंकि दूसरे वनडे में कीवी टीम में शानदार क्रिकेट खेली थी और भारत को हर डिपार्टमेंट में मात दी थी। दूसरे वनडे को लेकर सुनील गावस्कर ने साफ तौर पर कहा था कि भारत ने अच्छी बैटिंग नहीं की (केएल राहुल को छोड़कर) साथ ही भारत ने पहले हाफ में अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन फिर भारत की गेंदबाजी लड़खड़ा गई।होल्कर स्टेडियम के पिच की बात करें तो ये आमतौर पर बहुत सपाट होती है और गेंद, बल्ले पर काफी अच्छी तरीके से आती है जिससे रन बनाना आसान हो जाता है। इसकी वजह से यहां पर काफी बड़े स्कोर बनते हैं। यही नहीं इस मैदान की बाउंड्री काफी छोटी है और आउट फील्ड काफी तेज है जिसका मतलब है कि गेंद गैप में गई तो उसे फील्डर्स के लिए रोकना मुश्किल होता है। पिच पर शुरुआत में नमी की वजह से तेज गेंदबाजों को थोड़ी मदद मिल सकती है, लेकिन बाद में इनके लिए भी रन रोकना मुश्किल होता है तो वहीं स्पिनर्स को बीच के ओवर्स में टर्न मिल सकती है, लेकिन छोटी बाउंड्री के कारण उनके खिलाफ भी बड़े शॉट्स लगने का डर बना रहता है। इंदौर में रन खूब बनते हैं और इसके लिए भारत को एक शानदार बैटिंग लाइनअप के साथ मैदान पर उतरना होगा जिसमें और ज्यादा गहराई हो। यानी अगर नितीश कुमार रेड्डी की जगह निचले क्रम में इनफॉर्म ध्रुव जुरेल को मौका दिया जाए तो ये सही फैसला साबित हो सकता है। इस बदलाव से भारतीय बैटिंग लाइनअप और मजबूत हो जाएगी वहीं प्रसिद्ध कृष्णा की जगह अर्शदीप सिंह को आजमाया जा सकता है हालांकि ऐसा हो ये जरूरी नहीं है। भारत के लिए पारी की शुरुआत रोहित शर्मा और शुभमन गिल ही करेंगे जबकि टीम में अन्य किसी बदलाव की कोई संभावना नजर नहीं आती।

# कनाडा ने टी-20 वर्ल्ड कप स्क्वॉड का किया ऐलान

### पंजाब टीम में न चुने जाने के कारण भारत छोड़ने वाला खिलाड़ी बना कप्तान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कनाडा ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है. कभी क्रिकेट के लिए अपना देश छोड़ने वाले 22 साल के दिलप्रीत सिंह बाजवा कनाडा टीम की कप्तानी करेंगे. पंजाब में जन्में बाजवा साल 2020 में राज्य टीम में चयन न होने के कारण कनाडा चले गए थे.

### ग्रुप डी में कनाडा की टीम

पूर्व कप्तान साद बिन ज़फ़र, कलीम सना, डिलन हेइलिगर, निकोलस किर्टन और नवनीत धालीवाल भी टीम का हिस्सा हैं. टूर्नामेंट में कनाडा की टीम ग्रुप ष्ठ में है, जिसमें साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान और यूएई भी हैं. वे 9 फरवरी को अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगे. उनके सभी ग्रुप मैच भारत में होंगे.

### दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेगी कनाडा की टीम

कनाडा की टीम दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेगी. इससे पहले 2024 में खेले गए पिछले एडिशन में भी कनाडा ने चुनौती पेश की थी, जहां उन्होंने आयरलैंड को हराया था. कनाडा ने अमेरिका रीजनल फाइनल जीतकर इस एडिशन के लिए क्वालिपफाई किया था. वे पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहे, उन्होंने अपने सभी छह मैच जीते.

### कौन हैं दिलप्रीत सिंह बाजवा

26 जनवरी 2003 को पंजाब के गुरदासपुर में जन्में दिलप्रीत के पिता एग्रीक्लचर डिपार्टमेंट में थे, जबकि मां हरलीन कौर सरकारी टीचर थीं. साल 2020 में राज्य टीम में चुने न जाने के कारण वह कनाडा चले गए. 2023 वह मॉन्ट्रियल टाइगर्स के लिए ग्लोबल टी20 कनाडा खेले.

## सोना भी फिसला

# चांदी में भूचाल : ट्रंप के फैसले से रिकॉर्ड गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चांदी की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई छूने के बाद अचानक तेजी से नीचे



आ गई है। ऐसा तब हुआ है, जब अमेरिका ने आयात होने वाले महत्वपूर्ण खनिजों पर तुरंत कोई अतिरिक्त शुल्क (टैरिफ) नहीं लगाया है। चांदी की कीमत में 7.3 प्रतिशत तक की गिरावट आई है, और सोने के भाव भी गिरे हैं। पिछले चार दिनों में 20 प्रतिशत से अधिक की तेजी के बाद निवेशकों ने मुनाफा वसूली भी की है, जिससे गिरावट आई। बता दें भारत के सर्राफा बाजारों में बुधवार को चांदी 14480 रुपये उछलकर 277512 रुपये प्रति किलो के ऑल टाइम हाई पर बंद हुई थी। आईबीजेए द्वारा जारी रेट के मुताबिक सोना भी 1731 रुपये उछलकर 142015 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वे महत्वपूर्ण खनिजों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए द्विपक्षीय समझौतों पर बातचीत करेंगे। उन्होंने आयात पर प्रतिशत आधारित शुल्क के बजाय न्यूनतम मूल्य (प्राइस फ्लोर) का सुझाव दिया है, लेकिन भविष्य में शुल्क लगाने से इनकार नहीं किया है। इससे चांदी, प्लैटिनम और पैलेडियम पर तत्काल टैरिफ की आशंका कम हो गई है। हाल के दिनों में चांदी की कीमतों में अचानक उतार-चढ़ाव आ रहे हैं। बाजार की अस्थिरता दिखाने वाला एक पैमाना (14-दिन का एक्स्पोनेंशियल एवरेज ट्रू रेंज) तेजी से बढ़ा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह गिरावट बाजार के तकनीकी कारकों (जैसे मार्जिन, ऑप्शन हेजिंग) और वास्तविक मांग-आपूर्ति से ज्यादा जुड़ी है। कई भू-राजनीतिक, आर्थिक और आपूर्ति जोखिमों के चलते निवेशक सोने-चांदी जैसी हार्ड एसेट्स की ओर रुख कर रहे हैं। चीन और अमेरिका में जोरदार खरीदारी और वस्तुओं (कमोडिटीज) में निवेश बढ़ने से मांग को समर्थन मिल रहा है। ट्रंप द्वारा फेडरल रिजर्व के खिलाफ दोबारा की गई टिप्पणियों, वेनेजुएला, ग्रीनलैंड और ईरान जैसे मुद्दों ने भी सुरक्षित पनाह वाली संपत्तियों की मांग बढ़ाई है। सिंगापुर में सुबह 10:50 बजे तक, चांदी की कीमत 4.6 प्रतिशत गिरकर 88.9020 डॉलर प्रति औंस हो गई।

# दनादन तीसरी बार बोनस शेयर बांट रही कंपनी, मिलेंगे 5 फ्री शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जोन्जुआ ओवरसीज अपने शेयरधारकों




को बड़ा तोहफा देने जा रही है। जोन्जुआ ओवरसीज दनादन तीसरी बार बोनस शेयर बांटने जा रही है। कंपनी अपने निवेशकों को 5:40 के रेशियो में बोनस शेयर देगी। यानी, कंपनी हर 40 शेयर पर 5 बोनस शेयर बांटेगी। जोन्जुआ ओवरसीज ने बोनस शेयर की रिकॉर्ड डेट 23 जनवरी 2026 तय की है। जोन्जुआ ओवरसीज के शेयर बुधवार 14 जनवरी को बीएसई में गिरावट के साथ 5.57 रुपये पर बंद हुए हैं। कंपनी के शेयर अपने 52 हफ्ते के निचले स्तर के करीब ही हैं। जोन्जुआ ओवरसीज लिमिटेड अपने शेयरधारकों को तीसरी बार बोनस शेयर बांटने जा रही है। कंपनी ने इससे पहले अक्टूबर 2023 में 9:50 के रेशियो में बोनस शेयर दिए थे। यानी, कंपनी ने हर 50 शेयर पर 9 बोनस शेयर बांटे थे। कंपनी ने पिछले साल जुलाई में भी 1:20 के रेशियो में बोनस शेयर दिए। यानी, कंपनी ने हर 20 शेयर पर निवेशकों को 1 बोनस शेयर बांटा था। अब कंपनी 5:40 के अनुपात में बोनस शेयर देगी। जोन्जुआ ओवरसीज लिमिटेड (छ्ब्श्वुद्भह्वड्ड ह्र1ड्डह्यद्गड्डह्य) के शेयर पिछले कुछ महीनों से दबाव में हैं। कंपनी के शेयर पिछले 6 महीने में 51 पर्सेंट लुढ़क गए हैं। जोन्जुआ ओवरसीज के शेयर 15 जुलाई 2025 को 11.47 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 14 जनवरी 2026 को बीएसई में 5.57 रुपये पर बंद हुए हैं। पिछले एक महीने में जोन्जुआ ओवरसीज के शेयरों में 31 पर्सेंट की गिरावट आई है। पिछले 5 दिन में कंपनी के शेयर 20 पर्सेंट लुढ़क गए हैं। जोन्जुआ ओवरसीज लिमिटेड के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 12.38 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 5.51 रुपये है। कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 42.93 पर्सेंट है, जबकि पब्लिक शेयरहोल्डिंग 57.07 पर्सेंट है।

# क्रेडिट कार्ड पर ब्याज घटाने के डोनाल्ड ट्रंप के फरमान पर बैंकिंग सेक्टर में तीखी हलचल

## देश के बड़े बैंकों के सीईओ खुलकर मैदान में उतरे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के क्रेडिट कार्ड ब्याज दरों को सीमित करने के प्रस्ताव ने अमेरिका के बैंकिंग सेक्टर में तीखी हलचल पैदा कर दी है। उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से लिए गए इस कदम के खिलाफ देश के बड़े बैंकों के सीईओ खुलकर मैदान में उतर आए हैं। उनका कहना है कि यह फैसला न केवल बैंकिंग उद्योग बल्कि पूरी अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए जोखिम भरा साबित हो सकता है।



ट्रंप ने संकेत दिया है कि वे क्रेडिट कार्ड ब्याज दरों पर एक साल के लिए 10 प्रतिशत की सीमा लागू करना चाहते हैं। मध्यावधि चुनावों से पहले किफायती लागतइ को बड़ा मुद्दा बनाते हुए राष्ट्रपति उपभोक्ताओं को राहत देने का दावा कर रहे हैं। हालांकि बैंकिंग सेक्टर का मानना है कि यह फैसला बाजार आधारित व्यवस्था के खिलाफ है और इससे वित्तीय प्रणाली में अनिश्चितता बढ़ेगी। ट्रंप प्रशासन के शुरूआती कदमों को बैंकों ने राहत के रूप में देखा था। जुलाई में वन बिग ब्यूटीफुल बिलइ पर हस्ताक्षर के बाद कर कटौती के नए दौर की शुरूआत हुई और उपभोक्ता वित्तीय संरक्षण ब्यूरो के बजट में लगभग आधी कटौती कर दी गई। इसके साथ ही नियामकीय ढील के एजेंडे ने बैंकों और बड़े कॉरपोरेट को संतुष्ट किया था। लेकिन क्रेडिट कार्ड ब्याज दरों पर सीमा लगाने के प्रस्ताव ने इस रिश्ते में दरार डाल दी है। बीएनवाई मेलॉन के सीईओ रॉबिन विंस ने चेतावनी दी कि ब्याज दरों में राजनीतिक हस्तक्षेप से फेडरल रिजर्व की स्वतंत्रता पर सवाल उठेंगे। उनका कहना है कि इससे बॉन्ड बाजार की नींव हिल सकती है और ब्याज दरें घटने के बजाय बढ़ सकती हैं। बैंकों की साझा चिंता यह है कि अगर फेड पर भरोसा कमजोर पड़ा तो उधारी की लागत और महंगी हो सकती है। डेल्टा एयरलाइन्स के सीईओ एड बैस्टियन ने चेतावनी दी कि ब्याज दरों पर सीमा लगाने से सबसे ज्यादा नुकसान कम आय वर्ग के उपभोक्ताओं को होगा। उनके मुताबिक, बैंक जोखिम के चलते ऐसे ग्राहकों को क्रेडिट देना ही बंद कर सकते हैं, जिससे उनकी वित्तीय पहुंच सीमित हो जाएगी। तनाव को और बढ़ाते हुए ट्रंप ने सीनेटर रोजर मार्शल द्वारा पेश क्रेडिट कार्ड प्रतिस्पर्धा अधिनियमइ का समर्थन किया है। इस विधेयक का उद्देश्य व्यापारियों से वसूले जाने वाले स्वाइप शुल्कइ पर लगाम लगाना है। बैंकों को आशंका है कि यह कदम उनके राजस्व पर एक और चोट करेगा।

### आगे की रणनीति

ट्रंप के क्रेडिट कार्ड ब्याज घटाने के फरमान ने बैंकिंग जगत को एकजुट कर दिया है। अब यह टकराव केवल नीतिगत नहीं, बल्कि राजनीतिक और आर्थिक मोर्चे पर भी अहम बन गया है। आने वाले दिनों में यह लड़ाई तय करेगी कि अमेरिकी वित्तीय व्यवस्था में नीति का पलड़ा भारी रहेगा या बाजार की स्वतंत्रता का।

### बाजार में दिखा असर

ट्रंप के बयान के बाद क्रेडिट कार्ड कंपनियों के शेयरों में तेज गिरावट आई। अमेरिकन एक्सप्रेस, जेपी मॉर्गन, सिटीग्रुप और कैपिटल वन जैसी कंपनियों के शेयर लुढ़क गए। निवेशकों को डर है कि ब्याज दरों पर सीमा लगने से बैंकों के मुनाफे पर बड़ा असर पड़ेगा और क्रेडिट कार्ड कारोबार की पूरी संरचना बदल सकती है।जेपी मॉर्गन के मुख्य वित्तीय अधिकारी जेफरी बार्नम ने संकेत दिया कि बैंकिंग उद्योग इस फैसले के खिलाफ सभी कानूनी और नीतिगत विकल्प अपनाने को तैयार है। उन्होंने कहा कि यदि ब्याज दरों पर सीमा लागू होती है तो उद्योग इसे चुनौती देगा। जेपी मॉर्गन चेस के सीईओ जेमी डिमोन ने कहा कि वे फेडरल रिजर्व के हर फैसले से सहमत न हों, लेकिन चेयरमैन जेरोम पॉवेल के प्रति उनके मन में सम्मान है। डिमोन ने जोर देकर कहा कि वित्तीय स्थिरता के लिए केंद्रीय बैंक की स्वतंत्रता बेहद जरूरी है।

# दोपहिया गाड़ियों की बिक्री दो करोड़ के पार

● टीवीएस को सबसे ज्यादा फायदा ● 2018 के रेकॉर्ड 2.1 करोड़ यूनिट्स के स्तर से कम है बिक्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में दोपहिया गाड़ियों की बिक्री पिछले साल 2 करोड़ के पार पहुंच गई। भारतीय ऑटोमोबाइल निर्माताओं के संगठन के आंकड़ों के अनुसार यह 2024 की लगभग 1.9 करोड़ यूनिट्स की बिक्री से करीब 5 प्रतिशत ज्यादा है। हालांकि यह बिक्री 2018 के रेकॉर्ड 2.1 करोड़ यूनिट्स के स्तर से कम है। 2025 में दोपहिया वाहनों का निर्यात 24.2 प्रतिशत बढ़कर रेकॉर्ड 49.4 लाख यूनिट्स तक पहुंच गया। अफ्रीका में बाजार की रिकवरी, दक्षिण एशिया में लगातार मांग और मोटरसाइकिल की मांग में आई तेजी से निर्यात को बढ़ावा मिला। हीरो मोटोकॉर्प भारत में सबसे बड़ी दोपहिया वाहन कंपनी बनी हुई है। 2025 में इसकी बिक्री 2 प्रतिशत बढ़कर 57.5 लाख यूनिट्स हो गई। होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया की बिक्री भी करीब दो फीसदी की तेजी के साथ 54 लाख यूनिट रही। सबसे ज्यादा फायदे में टीवीएस मोटर रही। 2025 में कंपनी की बिक्री 15.7 प्रतिशत बढ़कर 39.8 लाख यूनिट्स हो गई। हालांकि बजाज ऑटो की बिक्री 5.1 फीसदी गिरकर 22.2 लाख यूनिट रही।




### 42 लाख सस्ती मिलेगी लग्जरी गाड़ी, अमेरिका के बाहर केवल भारत में होगी असेंबलिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जर्मनी की लक्जरी कार बनाने वाली कंपनी मर्सिडीज-बेंज भारत में अपने अल्ट्रा-लक्जरी एसयूवी मॉडल जीएलएस मेबैक का स्थानीय स्तर पर उत्पादन शुरू करेगी। इसके साथ ही भारत अमेरिका के बाहर ऐसा एकमात्र देश बन जाएगा, जहां इस मॉडल की स्थानीय असेंबली की जाएगी। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के एमडी एवं सीईओ संतोष अय्यर का कहना है कि वर्ष 2025 में भारत कंपनी के मेबैक ब्रांड के लिए दुनिया के शीर्ष पांच बाजारों में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि भारत में मेबैक सीरीज के सबसे अधिक बिकने वाला मॉडल है, जिसे फिलहाल अमेरिका के अलबामा स्थित टस्कालूसा प्लांट से आयात किया जाता है। अय्यर के मुताबिक स्थानीय असेंबली शुरू होने के बाद इस मॉडल की कीमत घटकर 2.75 करोड़ रुपये रह जाएगी, जबकि अभी इसकी कीमत 3.17 करोड़ रुपये है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत में स्थानीय उत्पादन शुरू करने का मतलब अमेरिका में उत्पादन को बंद करना नहीं है। उन्होंने कहा, अमेरिका में उत्पादन जारी रहेगा।

# डबल से भी ज्यादा हो गया एनर्जी कंपनी का मुनाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (क्यू3 एफवाय26) में शानदार नतीजे पेश किए हैं। कंपनी का मुनाफा साल-दर-साल 124.74 प्रतिशत की तेज बढ़त के साथ 120.19 करोड़ पर पहुंच गया, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 53.48 करोड़ था। यही नहीं, कंपनी ने अब तक का सबसे ज्यादा तिमाही रेवेन्यू भी दर्ज किया है। क्त्3 एफवाय26 में वारी रिन्यूएबल का रेवेन्यू 851.06 करोड़ रहा, जो पिछले साल की समान अवधि के 360.35 करोड़ से करीब 136 प्रतिशत ज्यादा है। इस दौरान ईबीआईटीडीए 158.80 करोड़ रहा और मार्जिन 18.66 प्रतिशत पर बना रहा, जो कंपनी की मजबूत ऑपरेशनल स्थिति को दिखाता है। हालांकि, इन मजबूत नतीजों के बावजूद शेयर बाजार में वारी रिन्यूएबल का शेयर 14 जनवरी को 3.41 प्रतिशत गिरकर 972 पर बंद हुआ। अब कल शुक्रवार को कंपनी के शेयर फोकस में रह सकते हैं। अगर पूरे नौ महीनों की बात करें, तो कंपनी का प्रदर्शन और भी दमदार नजर आता है। अप्रैल से दिसंबर 2025 के बीच वारी रिन्यूएबल का ऑपरेशंस से रेवेन्यू 2,229.03 करोड़ रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले करीब 99 प्रतिशत अधिक है और एफवाय25 के पूरे साल के आंकड़े को भी पार कर चुका है। इस अवधि में ईबीआईटीडीए 135 प्रतिशत की बढ़त के साथ 434.28 करोड़ और मुनाफा 138.92 प्रतिशत उछलकर 322.93 करोड़ तक पहुंच गया। इससे साफ है कि कंपनी की ग्रोथ सिर्फ बिक्री तक सीमित नहीं है, बल्कि मुनाफे और मार्जिन में भी मजबूती आई है।

# भारत के रसायन उद्योग के लिए चुनौती बन सकता है चीन

● कच्चे तेल और फीडस्टॉक की ऊंची कीमतें ● रुपये की मजबूती से निर्यात पर असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश का रसायन उद्योग इस समय कई संरचनात्मक और मैक्रो-आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है। ब्रोकरेज फर्म नुवामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, चीन की लगातार बनी हुई अधिक उत्पादन क्षमता, कच्चे तेल और फीडस्टॉक की ऊंची कीमतें, पश्चिमी देशों में कमजोर मांग और घरेलू नीतिगत अड़चनें,ये सभी भारतीय केमिकल कंपनियों पर दबाव बना रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय केमिकल निर्माताओं के लिए सबसे बड़ा संरचनात्मक जोखिम चीन से आता है। चीन का वैश्विक कमोडिटी केमिकल क्षमता में दबदबा बना हुआ है। सोडा ऐश, कास्टिक सोडा, फिनॉल, पीवीसी, पॉलीकार्बोनेट, एपॉक्सी रेजिन, टीडीआई, फ्थैलिक एनहाइड्राइड और एसिटिक एसिड जैसे कई प्रमुख उत्पादों में चीन के पास भारी उत्पादन क्षमता है।



हालांकि वैश्विक मांग कमजोर है, इसके बावजूद चीन में प्लांट उपयोग दर आदर्श स्तर से काफी नीचे बनी हुई है, जिससे अंतरराष्ट्रीय कीमतें दबाव में रहती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सरकारी समर्थन प्राप्त चीनी कंपनियां घाटे में भी उत्पादन जारी रखती हैं, जिससे वैश्विक आपूर्ति-मांग संतुलन बिगड़ता है और भारतीय कंपनियों के लिए कीमतों व मार्जिन में टिकाऊ सुधार की संभावना सीमित हो जाती है।

नुवामा ने कच्चे तेल की बढ़ी हुई कीमतों को भी सेक्टर के लिए बड़ी चिंता बताया है। महंगा कच्चा तेल नाफ्था, बेंजीन, प्रोपिलीन और एथिलीन जैसे प्रमुख फीडस्टॉक की लागत बढ़ा देता है। खास तौर पर ऊर्जा-प्रधान डाउनस्ट्रीम केमिकल चेन लंबे समय तक तेल कीमतों में उतार-चढ़ाव के दौरान ज्यादा प्रभावित होती हैं। रिपोर्ट में डॉलर-भारतीय रुपये मुद्रा जोखिम को भी अहम बाधा बताया गया है। डॉलर के मुकाबले रुपये की मजबूती से भारतीय केमिकल कंपनियों की निर्यात आय घटती है, खासकर थोक और मिड-वैल्यू उत्पादों में। चूंकि यूरोप और अमेरिका भारत के प्रमुख निर्यात बाजार हैं।

# एलन मस्क पर डॉलर की बारिश, एक ही दिन में नेटवर्थ 42.2 अरब डॉलर उछला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दुनिया सबसे अमीर व्यक्ति टेस्ला के एलन मस्क की दौलत में भारी इजाफा हुआ है। बुधवार को उनके ऊपर डॉलर की ऐसी बारिश हुई कि एक ही दिन में 42.2 अरब डॉलर पीट दिए। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक मस्क की दौलत इस उछाल के बाद 683 अरब डॉलर पर पहुंच गई है। महज 14 दिनों में मस्क की संपत्ति 63.1 अरब डॉलर बढ़ी है। दूसरी ओर ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के टॉप-10 अरबपतियों को बुधवार को बड़े झटके लगे। जेफ बेजोस को 5.22 अरब डॉलर, लैरी एलिसन को 8.85 अरब डॉलर, मार्क जुकरबर्ग को 5.32 अरब डॉलर और बर्नार्ड अर्नाल्ट को 2.48 अरब डॉलर का झटका लगा है। स्टीव बाल्मर को भी 3.55 अबर डॉलर और जेनसेन हुआंग को 2.16 अरब डॉलर की चोट पहुंची है। लैरी पेज




को 70.5 मिलियन डॉलर, सर्गेई ब्रिन को 90 मिलियन डॉलर और वॉरेन बफेट को 118 मिलियन डॉलर की चोट पहुंची है। मस्क दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कार बनाने वाली कंपनी टेस्ला और प्राइवेट रॉकेट बिजनेस स्पेसएक्स के ष्टश्वह्र हैं। कंपनी के 2025 प्रॉक्सी स्टेटमेंट के अनुसार, मस्क के पास टेस्ला का लगभग 12 प्रतिशत हिस्सा है। उनके पास 2018 के कंपनसेशन पैकेज से लगभग 304 मिलियन एक्सरसाइजेबल स्टॉक ऑप्शन भी हैं। ब्लूमबर्ग के मुताबिक स्पेसएक्स का वैल्यूएशन दिसंबर 2025 के टेंडर ऑफर का इस्तेमाल करके किया गया है, जिसमें कंपनी की वैल्यू लगभग $800 बिलियन आंकी गई है। फेडरल कम्युनिकेशंस कमीशन के साथ सितंबर 2025 की फाइलिंग के आधार पर एक ट्रस्ट के जरिए मस्क के पास इस प्राइवेट कंपनी का लगभग 42 प्रतिशत हिस्सा है। 5 प्रतिशत प्राइवेट कंपनी डिस्काउंट लागू किया गया है। दिसंबर 2025 में नए वैल्यूएशन को ध्यान में रखते हुए एक एडजस्टमेंट किया गया, जिससे उनकी नेटवर्थ में $168 बिलियन की बढ़ोतरी हुई। वैल्यूएशन जनवरी 2026 के फंडिंग राउंड का इस्तेमाल करके किया गया है, जिसमें 20 अरब डॉलर जुटाए गए और पोस्ट-मनी वैल्यूएशन 230 अरब डॉलर था।

# पेटीएम में म्यूचुअल फंड की हिस्सेदारी पहली बार घटी, रिटेल इन्वेस्टर लगातार बेच रहे शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस में देश के म्यूचुअल फंड्स ने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में अपनी हिस्सेदारी घटा ली है। कंपनी ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर अपने ताजा शेयरधारिता पैटर्न में यह जानकारी दी है। यह नवंबर 2021 में सूचीबद्ध होने के बाद पहला मौका है जब म्यूचुअल फंड्स ने अपनी हिस्सेदारी कम की है। इससे पहले तक उनकी हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही थी। सीएनबीसी टीवी 18 की खबर के मुताबिक रिटेल शेयरधारक लगातार सातवीं तिमाही से इस शेयर को बेच रहे हैं और उनकी हिस्सेदारी लगातार घट रही है। दिसंबर तिमाही के अंत में देश के म्यूचुअल फंड्स की पेटीएम में हिस्सेदारी 14.96 प्रतिशत रह गई, जबकि सितंबर तिमाही के अंत में यह 16.25 प्रतिशत थी। दो लाख रुपये तक शेयरधारिता रखने वाले छोटे निवेशकों की हिस्सेदारी सितंबर 2023 के बाद के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। सितंबर तिमाही में मोतीलाल ओसवाल एमएफ, निप्पॉन इंडिया एमएफ, मिराए एसेट एमएफ और बंधन एमएफ पेटीएम में हिस्सेदारी रखने वाले प्रमुख फंड थे। दिसंबर तिमाही में पहले तीन फंड हाउसों ने अपनी हिस्सेदारी घटा ली, जबकि बंधन एमएफ का नाम सूची में नहीं है। इसका मतलब यह है कि या तो उसकी हिस्सेदारी 1 प्रतिशत से नीचे आ गई है या उसने शेयर बेच दिया है। वन97 कम्युनिकेशंस में मोतीलाल ओसवाल मिडकैप फंड की होल्डिंग सितंबर तिमाही में 5.57 प्रतिशत थी। दिसंबर तिमाही में यह घटकर 4.96 प्रतिशत रह गई है। इसी तरह निप्पॉन इंडिया ग्रोथ मिडकैप फंड की हिस्सेदारी 2.11 से घटकर अब 1.64 प्रतिशत रह गई है। मिराए एसेट लार्जकैप फंड की हिस्सेदारी 1.66 प्रतिशत से घटकर 1.56 प्रतिशत रह गई है।

# नमो पतंग महोत्सव में रक्षा राज्य मंत्री उठालयं पतंगबाजी कर आनंद

## कंबल, प्रसाद में खिचड़ी आउर छउवामन कर बीच खिलौना बांटल गेलक



### सरधा भक्ति आउर उत्साह कर परब आहे मकर संक्रांति : संजय

प्रात: नागपुरी संवाददाता



**रांची।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति कर तत्वावधान में मकर संक्रांति परब कर उपलछ में नमो पतंग महोत्सव मोरहाबादी मैदान में मनाल गेलक। मोरहाबादी मैदान में ढेइर संख्या में सउब पतंगबाजी कर आनंद उठालयं। खुद रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी पतंग उड़ाय के ई उत्सव कर आनंद उठालयं। ई अवसर में समिति कर संरछक आउर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ कहलयं ई परब धारमिक आस्था आउर सामाजिक समरसता आउर भाईचारा कर भी संदेस देवेला। ई हमिन के अंधकार से प्रकास कर दने नकारात्मक से सकारात्मक कर दने आउर आलस से कर्म कर दने प्रेरित करेला।

कार्जकरम कर संचालन अध्यछ मुकेश काबरा करलयं। मौका में छउवामन आउर जुवामन कर बीच 500 से बेसी नमो पतंग, धागा, लटेर कर बितरन करल गेलक। पतंग में प्रधानमंत्री कर फोटो लागल रहे। महिला आउर पुरुसमन कर बीच 500 कंबल कर बितरन करल गेलक। छोट छउवामन कर बीच खिलौना आउर टॉफी भी बांटल गेलक। भोग लगाय के 800 से भी बेसी अदमीमन कर बीच खिचड़ी, तिलकुट कर प्रसाद कर बितरन कररल गेलक। कतई आउर दूसर जगन भी भोग खिचड़ी बांटल गेलक।



कार्जकरम में संरछक अजय मारू, ऐश्वर्य सेठ, पूनम आनंद, रामेंद्र कुमार, पवन बजाज, प्रमोद सारस्वत, नीरज कुमार, नीरज चौधरी, कमलजीत सिंह (शंटी), वासुदेव भला, आनंद वर्मा, सतीश, संजय सिंह, राजू रजक, संजय पोद्दार, सत्येंद्र सिंह गुड्डू, मनोज कुमार, कमल सिंघानिया, राजीव सहाय, रतनलाल अग्रवाल, हरबिंदर सिंह बेदी, आनंद श्रीवास्तव, राजीव वर्मा, शंकर दुबे, मनीष लोधा, सतीश कुमार, छोटू हरलालका, ललित ओझा, संजय जयसवाल, अमित चौधरी, आनंद वर्मा, भानु प्रकाश जालान, नवीन झा, आनंद जालान, बीरेंद्र संगे आउर अदमीमन रहयं।

# तस्बीर में देखू ट्रैक साइक्लिंग प्रतिजोगिता

प्रात: नागपुरी संवाददाता

**रांची।** 69वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतिजोगिता 2025-26 कर अंतर्गत ट्रैक साइक्लिंग प्रतिजोगिता कर भब्य उद्घाटन आइज खेलगांव कर सिद्धू कानू वेलोड्रोम स्टेडियम में रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री करलयं। ट्रैक साइक्लिंग स्पर्धा 14 से 19 जनवरी 2026 तक निर्धारित आहे।

69वीं राष्ट्रीय स्कूली ट्रैक साइक्लिंग में झारखंड कर खेलाड़ीमन कर सानदार परदरसन रहे। ऊमन दू ठो स्वर्न आउर एगो रजत पदक जीत के राइज कर मान बढ़ालयं। मौका में श्री भजन्त्री कहलयं कि झारखंड सरकार खेल के बढ़ावा देवेक ले प्रतिबद्ध आहे। ई किसिम कर आयोजन जुवामन कर सर्वांगीन बिकास में महतपूर्न भूमिका निभायेला।















## काले विदा करले



राजकुमार महतो, छात्र, रांची विश्वविद्यालय।

कलेजा कर टुकड़ा के
इ दुनिया में जनम देले,
सुगा मैना लखे पोइस बढ़ाले
आइज काले विदा कइर देले।

अंगरी धइर चलेक सिखाले
दिया लखे जलेक सिखाले,
कहियो माया नी छोड़ले
आइज काले विदा कइर देले।

भात-तियन, चूल्हा-चउकी,
अंगना-गोबर सउब सिखाले,
झूठो दिलासा मोंके काले देले
आइज काले विदा कइर देले।

ठेसाय गिरलों, धूरा झारी
आपन कोरा में बइठाय लेले,
भाई-बहिन, संगी छोड़ाय देले
आइज काले विदा कइर देले।

मोर पढ़ेक रोइक काले देले
दुर मोंके जाएक नी देले,
मोर सपना से जुदा कइर देले
आइज काले विदा कइर देले।

मोर का गलती रहे जे
धइन बेटी जनम पालों,
आपने घर के पराया करले
आइज काले विदा कइर देले।
*-*-*-

# श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में सरधा से मनलक मकर संक्रांति कर महापरब



### बिसेस धार्मिक अनुष्ठान कर आयोजन करल गेलक

प्रात: नागपुरी संवाददाता

**रांची।** पुंदाग कर श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में मकर संक्रांति कर पावन परब बहुते सरधा, भक्ति आउर उत्साह कर संगे मनाल गेलक। ई अवसर में मंदिर परिसर भक्तिरस से सराबोर होए उठलक। दूरझदराज से आवल सरधालुमन कर उपस्थिति परब कर गरिमा के आउर बढ़ाय देलक। मकर संक्रांति कर अवसर में मंदिर में बिसेस धारमिक अनुष्ठान कर आयोजन करल गेलक। श्री राधा रानी जी कर अलौकिक आउर मनोहारी सिंगार जड़ित आभूसन से करल गेलक, जेके देइख के सरधालु भाव-बिभोर होए गेलयं। रंग-बिरंग कर फूल, आकरसक लुगा आउर आभूसन से सुसज्जित श्री राधा रानी जी कर छवि अद्भुत आध्यात्मिक आभा बिखेरत रहे।

ई अवसर में बिसेस पूजा-अर्चना कर आयोजन करल गेलक, जेके मंदिर कर पुजारी अरविंद पांडे कर द्वारा



बिधिवत बैदिक मंत्रोच्चार कर संगे संपन्न कराल गेलक। पूजा कर दौरान मकर संक्रांति कर परंपरा कर अनुरूप खिचड़ी, तिल से बनल बिभिन्न सामग्री, मेवा आउर मौसमी फल कर भोग अर्पित करल गेलक।

पूजा उपरांत मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ों सरधालुमन कर बीच प्रसाद स्वरूप वेजिटेबल खिचड़ी, तिलकुट आउर गुड़-चूड़ा कर बितरन करल गेलक। ई अवसर में मंदिर में भजन-कीर्तन कर बिसेस आयोजन करल गेलक। भक्ति गीत कर मधुर



ध्वनि से गोटा मंदिर परिसर भक्तिमय बाताबरन में डूइब गेलक। कार्जकरम कर अंत में भब्य महा आरती कर आयोजन करल गेलक। ट्रस्ट कर उपाध्यछ राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल आउर प्रवक्ता संजय सर्राफ मकर संक्रांति कर धारमिक, सामाजिक आउर आध्यात्मिक महत्व उपरे बिस्तार से प्रकास डाललयं। ऊ बतालयं कि मकर संक्रांति सूरज कर उत्तरायन होवेक कर प्रतीक आहे, जे जिनगी में सकारात्मकता, ऊर्जा आउर नवा सुरुआत कर संदेस देवेला।

## तोर इयाइद



संतोष महली, ईटा,लोहरदगा।

हरियर बन - पतरा में
घुमुवाय ला तोर इयाइद।

भिरे आय काने गुतगुतायला
नजइर से बात करेक
सिखाय ला,
बदनाम ना होइ जाब इ भिंड़ में
इसन तो डेरूवाय ला तोर
इयाइद।

छने भइर में खिसवाय ला
फिन तुरंते हंसुवाय ला,
नफरत कम पेयार के
दरसाय ला तोर इयाइद।

भुलाय नी पाइर हों
एखनो कंदुवायला,
साताय ला तोर इयाइद !
सुसइक के चुप होइ जाओना
जगुवायला तोर इयाइद !!

**भुलाय** नी पाइर हों
एखनो कंदुवायला,
साताय ला तोर इयाइद !
सुसइक के चुप होइ जाओना
जगुवायला तोर इयाइद !!

कखनो गते से आय
चुमा लेवेला माथा मोर के,

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोरी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com